रांची एक्सप्रेस
61
साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।
देसी अंदाज
नया मिजाज

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-61 | अंक-238 रांची | शनिवार 20 अप्रैल 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.

## दो सीएम जेल में हैं, लेकिन पिनाराई विजयन क्यों नहीं!

- **इंडिया गठबंधन सहयोगी पर ही बरसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव प्रचार के बीच राहुल गांधी ने गुरुवार को अपने विपक्षी गठबंधन के सहयोगी पिनाराई विजयन पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने पूछा कि केंद्र में सत्तारूढ़ दल मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर हमला क्यों नहीं कर रहा है राहुल गांधी ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब तक केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से पूछताछ क्यों नहीं की, जबकि केंद्रीय एजेंसियां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करने वाले सभी नेताओं से पूछताछ कर रही हैं।

## देश के 21 राज्यों की 102 सीटों पर बंपर वोटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा के फर्स्ट फेज में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है। वोटिंग शाम 6 बजे तक चली। पीएम मोदी ने सभी से वोट डालने की अपील की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, मराठी समेत 5 भाषाओं में ट्वीट किया। वोटर टर्नआउट ऐप के मुताबिक, दोपहर एक बजे तक सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 68.35 फीसदी हुई। सबसे कम वोटिंग बिहार में 45 फीसदी हुआ। 21 राज्यों में वोटिंग का एवरेज 63 रहा है। वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग, बंगाल के कूचबिहार में हिंसा और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ है। ब्लास्ट में एक असिस्टेंट कमांडेंट और जवान घायल हैं। मणिपुर की दो लोकसभा सीटों (मणिपुर इनर और मणिपुर आउटर) पर भी इस फेज में वोटिंग है। हिंसा को देखते हुए आउटर सीट के कुछ हिस्सों में 26 अप्रैल को भी वोटिंग होगी। 2019 में इन 102 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। इस फेज में अधिकतर सीटों पर मुकाबला इन्हीं 3 दलों के बीच है। फर्स्ट फेज में 1,625 कैंडीडेट्स चुनाव लड़ रहे थे। इनमें 1,491 पुरुष, 134 महिला कैंडीडेट हैं। 8 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल शामिल हैं।

## झारखंड बोर्ड 10वीं का रिजल्ट घोषित, 90.39 फीसदी परीक्षार्थी सफल

# लड़कियों ने मारी बाजी

### फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड टॉपर रहीं लड़कियां

**इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट आया : अनिल महतो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शुक्रवार को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी कर दिया है। मैट्रिक परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की है। मैट्रिक परीक्षा में 4,21,678 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 3,38,398 (90.39 फीसदी) पास हुए हैं।

परीक्षा में 2,05,110 परीक्षार्थी (54.20 फीसदी) फर्स्ट डिवीजन जबकि 1,53,733 (40.65 फीसदी) सेकेंड डिवीजन और 19,555 (5.17 फीसदी) थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं। एक बार फिर झारखंड की बेटियों ने बाजी मार ली है। परीक्षा में 91 प्रतिशत लड़कियां और 89.7 प्रतिशत लड़के सफल हुए हैं। जमशेदपुर का रिजल्ट सबसे अच्छा 94 प्रतिशत रहा जबकि 84.5 फीसदी के

साथ देवघर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। पिछले साल (2023) मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी रिजल्ट रहा था।

झारखंड शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो और सचिव एसडी तिग्गा ने संयुक्त रूप से रिजल्ट जारी किया।

झारखंड टॉपर हजारीबाग की रहने वाली और इंदिरा गांधी विद्यालय की छात्रा ज्योत्सना ज्योति को 99.2 प्रतिशत नंबर मिले हैं। सेकेंड टॉपर सना संजरी 98.6 प्रतिशत और थर्ड टॉपर करिश्मा सृष्टि सौम्या को 98.4 प्रतिशत नंबर मिले हैं।

### चार लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल हुए

जैक 10वीं की परीक्षा छह फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की गयी थी। इस बार बोर्ड परीक्षा में चार लाख 21 हजार 687 परीक्षार्थी शामिल हुए। बोर्ड परीक्षा को लेकर कुल 1,238 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। साल 2023 की बात करें जैक मैट्रिक की परीक्षा 14 मार्च से तीन अप्रैल तक आयोजित की गयी थी। मैट्रिक की परीक्षा के लिए 1225 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इस परीक्षा में 4.34 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

### किस जिले में कितने फीसदी रहा रिजल्ट

1. सिंहभूम- 94.075
2. हजारीबाग- 93.835
3. गिरिडीह- 93.448
4. लातेहार- 93.230
5. कोडरमा- 92. 4298
6. पलामू- 91.9090
7. गुमला- 91.8668
8. गडवा-91.1398
9. सिमडेगा- 90.8918
10. खुटी - 90.3288
11. धनबाद- 90.3278
12. गोड्डा- 90.005
13. चतरा- 89.839
14. रामगढ़- 89. 709
15. रांची - 89.659
16. सरायकेला - 89.5708
17. दुमका - 88.688
18. लोहरदगा- 88.4568
19. बोकारो- 88.030
20. जामताड़ा- 87.302
21. साहेबगंज - 84.5318
22. पाकुड़ - 87. 302

**3.38 लाख स्टूडेंट पास**

फ़र्स्ट डिवीजन - 205116 - 54.20%
सेकेंड डिवीजन - 153733 - 40.63%
थर्ड डिवीजन - 19555 - 5.17%

### 20 दिन पहले रिजल्ट जारी हुआ

जैक अध्यक्ष डॉ. अनिल महतो ने कहा कि आम चुनाव को देखते हुए हम लोग इस बार जल्दी रिजल्ट जारी कर रहे हैं। अन्य सालों के मुकाबले इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट जारी हुआ है। उन्होंने कहा कि दस दिनों के अंदर 12वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया जायेगा। बीते साल तक मई में परिणाम जारी किए जाते थे लेकिन इस साल शेडयूल समय से पहले 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया।

# निर्वाचन की तैयारियों में नहीं चलेगी शिथिलता और बहानेबाजी : रवि कुमार

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की**

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही तो माथे पर गमछा लगाएं और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। यह बातें राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वे शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले में अबतक की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

गढ़वा जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया।

रवि कुमार ने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### शस्त्र जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध करें कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई में गति लाने का निर्देश दिया। शस्त्र जमा नहीं करने वालों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने का निर्देश दिया। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की स्थिति पर कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय करने का भी निर्देश दिया।

### स्वास्थ्य सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों का करें मैपिंग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये ताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके।

### इस बार दिनभर मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निर्देश दिया।

### गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति की रखें मुकम्मल व्यवस्था

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है। ऐसे में मतदान केन्द्रों पर पेयजलापूर्ति की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करें। पानी की किल्लत वाले मतदान केन्द्रों पर टैंकर से भी पेयजलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

**अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए चलाएं विशेष अभियानः ए.वी होमकर :** राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर ने सभी हिस्ट्रीशीटर, किंगपिन एवं वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने संबंधी कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है।

### सोशल मीडिया सेल को रखें एक्टिव, 24 घंटे रखें निगरानी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया सेल को एक्टिव रखते हुए 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही आपत्तिजनक एवं फेक न्यूज पोस्ट पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

### मतदाता जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी

लोकसभा चुनाव को लेकर आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने स्वीप कार्यक्रम के तहत गढ़वा समाहरणालय परिसर से पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के लिए मतदाता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी युक्त इस रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा।

बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी वाइएस रमेश, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी फिर हो गए गुस्से का शिकार

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी पर हुई हिंसा पर सियासी तकरार बढ़ गई है। हिंसा में घायल हुए लोगों को देखने जब कांग्रेस नेता और स्थानीय सांसद अधीर रंजन चौधरी मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे तो उन्हें प्रदर्शनकारियों के गुस्से का शिकार होना पड़ा। चौधरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करने लगे। इसके बाद वहां हालात बिगड़ गए। कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता आपस में उलझ गए। कथित तौर पर एक भाजपा नेता और अधीर रंजन चौधरी के बीच हाथापाई भी हुई। इस बीच अधीर रंजन चौधरी ने उस भाजपा नेता को धक्का दे दिया। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पहले अधार रंजन के सुरक्षा गार्डों ने भाजपा के जिलाध्यक्ष के साथ धक्का मुक्की की। इसके बाद खुद चौधरी ने भी उस नेता को धक्का दे दिया। चुनाव से ठीक पहले हुई इस झड़प के बाद से राज्य का सियासी तापमान चढ़ा हुआ है।

# चीन के पड़ोसी को भा गई थी अपनी ब्रह्मोस मिसाइल

**भारत ने पहुंचाई पहली खेप, 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करार**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की सैन्य शक्तियों से प्रभावित होकर फिलीपींस ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की इच्छा जताई थी। अब भारत की तरफ से ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंप दी गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, दक्षिण पूर्व एशियाई देश फिलीपींस के साथ इस हथियार प्रणाली की आपूर्ति के लिए 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करार होने के दो साल के बाद आपूर्ति होने जा रही है। एएनआई द्वारा ट्वीट की गई तस्वीरों की मानें तो भारतीय वायुसेना के एक सैन्य परिवहन विमान को मिसाइल और लांचरों को लेकर फिलीपीन की नौसेना को सौंपने के लिए रवाना किया गया है। भारत ने जनवरी 2022 में मिसाइल की तीन बैटरी की आपूर्ति के लिए फिलीपीन के साथ करार किया था। फिलीपींस पहला देश है जिसे भारत अत्याधुनिक ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति की है। यह डील जनवरी 2022 में हुई थी। इस डील के साथ भारत ने रक्षा क्षेत्र में खुद को एक बड़े निर्यातक के तौर पर पेश किया है। यह भारत और रूस द्वारा विकसित ब्रह्मोस मिसाइल का पहला निर्यात ऑर्डर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइलें भले ही शुक्रवार को फिलीपींस पहुंच जाएगी, लेकिन इसका पूरा सिस्टम अगले सप्ताह तक ऐक्टिव हो सकता है। भारत ने 2024-25 तक 35,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्रालय ने 1 अप्रैल को कहा था कि भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 32.5 फीसदी बढ़ा है और पहली बार 21,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया।

## झारखंड के चतरा में एनटीपीसी प्लांट में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**चतरा।** राज्य के चतरा जिले के टंडवा में संचालित एनटीपीसी प्लांट में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की वजह से प्लांट में चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। आग पर काबू पाने के लिए एनटीपीसी के जीएम ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया है। आग से लाखों के नुकसान का अनुमान है। आग लगने और कोयले की लपटों से पूरा इलाका धुएं से भर गया है। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के लोगों को धुएं से सांस लेने में दिक्कतें हो रही है। बताया जा रहा कि घटना के लगभग 45 मिनट बीत जाने पर भी आग बुझाया नहीं जा सका है।

# देश को तानाशाही से मुक्ति और झारखंडी जन आकांक्षाओं को आवाज देने का उलगुलान : मनोज पांडेय

## झामुमो की उलगुलान महारैली को लेकर बैनर-होर्डिंग्स से पटी रांची

**रांची-** रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को होने वाली उलगुलान रैली लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रैली से पहले पूरे रांची को पोस्टरों और बैनरों से पाट दिया गया है। रांची में बड़े-बड़े पोस्टर और हॉर्डिंग्स लगाये गए हैं। पोस्टर में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की बड़ी तस्वीर लगाई गई है। पोस्टर में झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों का फोटो सबसे ऊपर लगाया गया है। कुछ पोस्टर में शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की फोटो है।

कहा जा रहा है कि चुनावी व्यस्तता की वजह से दक्षिण भारत के कई दिग्गज महारैली में शामिल नहीं हो पाएंगे। हालांकि, उन्होंने झामुमो नेतृत्व को यह जानकारी दी है कि महारैली जिन मुद्दों पर आयोजित की जा रही है और आगे जो रणनीति बनेगी उसमें उनका साथ रहेगा। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि 21 अप्रैल को होने वाली महारैली कोई सामान्य या चुनावी महारैली नहीं है, बल्कि यह देश को तानाशाही से मुक्ति, संविधान बचाने और झारखंडी जन आकांक्षाओं को आवाज देने की महारैली है। उन्होंने कहा कि देश भर के विपक्षी नेताओं की साझा आवाज प्रभात तारा मैदान से बुलंद होगी। संविधान बचाने, भाजपा की समाज को बांटने की नीति, वन अधिकार कानून में बदलाव, किसानों को एमएसपी , महंगाई, बेरोजगारी सहित तमाम ऐसे मुद्दे हैं, जिसके खिलाफ उलगुलान होगा।

मनोज ने कहा कि मंच से सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन एक ही मंच से यह बताएंगी कि कैसे साजिश रचकर उनके पति को सिर्फ इसलिए जेल के अंदर डाल दिया गया क्योंकि वह एक तानाशाह के सामने झुके नहीं। महारैली में पंजाब के सीएम और आप नेता भगवंत सिंह मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारुख अब्दुल्लाह, सीपीआई माले के दीपांकर भट्टाचार्या और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रतिनिधि के रूप में डेरेक ओ ब्रायन, राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा सहित कई नेता शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री और झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष चम्पाई सोरेन, झारखंड सरकार में शामिल झामुमो, कांग्रेस और राजद के मंत्री भी उलगुलान महारैली में उपस्थित रहेंगे।

## आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के बच्चों ने मैट्रिक रिजल्ट में रह लहराया परचम।

**चान्हो -** आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के छात्र छात्राओं ने दसवीं की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए और रिजल्ट रहा सत प्रतिशत। शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमे आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के विद्यार्थी तारिक अनवर और नवसबा प्रवीन दोनों ने 452 अंक (90.40त्न) लाकर स्कूल का टॉपर बने। वही प्रियंका कुमारी 433 अंक (86.60त्न) लकार दूसरा स्थान और खुशी कुमारी 421 अंक (84.20त्न)लाकर तीसरा स्थान प्राप्त की । इस स्कूल से कुल 39 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में सामिल हुवे थे जिसमें 35 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी से और 4 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए ।स्कूल के निदेशक व प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी एवं स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए सभी को सुभकनाए दिए।

## मांडर स्थित संत जैविर्स उच्च विद्यालय का रिजल्ट 95त्न, मनीष उराव 84.60त्नलाकर बना विद्यालय टॉपर

**मांडर -** झारखण्ड अधिविध परिषद द्वारा शनिवार को वर्ष 2024 के मेट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी क़र दिया गया,इस वर्ष संत जैविर्स उच्च विद्यालय मांडर का रिजल्ट 95त्न हुआ है, विद्यालय से कुल 232 विद्यार्थिओं ने परीक्षा दी थी जिसमे 221 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए , मनीष उराव ने 84.60त्न लाकर प्रथम टॉपर, आम लोहरा 80.20त्न लाकर द्वितीय, तथा रौशनी कुमारी मुंडा ने 79.40त्न लाकर तृतीय टॉपर हुई हैं, वहीं संत जॉन उच्च विद्यालय नावाटंड मे निखिल कुमार ने 91.6त्न पंकज उराव ने 87.60त्न,अभिषेक टोप्पो ने 85त्न लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया,आदिवासी विकास हाई स्कूल बाजरा के राम उराव ने 98.80त्न तथा यू पी जी महुवाजाड़ी के अनुज उराव ने 89.40त्न लाकर विद्यालय टॉपर हुआ द्य

## सोनाहातू प्रखंड के बिभिन्न स्कूलों के बिधार्थियों ने मारी बाजी

**सोनाहातू -** जैक द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा - 2024 में सोनाहातू प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। इस दौरान राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सोनाहातू के सुशांत कुमार दास 93 . 80 प्रतिशत, सूर्या कुमारी दत्त 89.40 प्रतिशत , वीणा कुमारी 84.40 प्रतिशत अंक लाकर प्राप्त की है। उच्च विद्यालय लांदुपडीह के राहुल कुमार स्वांसी 91.20 प्रतिशत, जिया कुमारी 90.80 प्रतिशत, सुप्रिया मुंडा 89.60 प्रतिशत अंक लाकर सफलता हासिल की है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय बारेडीह के प्रतिमा कुमारी 86.60 प्रतिशत, श्याम कुमार 83.40 प्रतिशत, कैलाश लोहरा 80 प्रतिशत अंक प्राप्त की है। वहीं, आदिवासी उच्च विद्यालय दुलमी - बोंगादार प्रिया कुमारी 85.80 प्रतिशत, सचिन कुमार मांझी 82.20 प्रतिशत, कैलाश महतो 82 प्रतिशत अंक लाकर सफल हुए हैं। इधर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू की सभी छात्राओं ने सफलता हासिल की है। उनमें से सुमन कुमारी एवं सुलेखा कुमारी ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त की है। वहीं, उषा रानी कुमारी 86.40 प्रतिशत और पूर्णिमा कुमारी ने 86 प्रतिशत अंक लाकर सफलता प्राप्त की है।

## सोनाहातू प्रखंड के बिभिन्न स्कूलों के बिधार्थियों ने मारी बाजी

**सोनाहातू -** जैक द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा - 2024 में सोनाहातू प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। इस दौरान राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सोनाहातू के सुशांत कुमार दास 93 . 80 प्रतिशत, सूर्या कुमारी दत्त 89.40 प्रतिशत , वीणा कुमारी 84.40 प्रतिशत अंक लाकर प्राप्त की है। उच्च विद्यालय लांदुपडीह के राहुल कुमार स्वांसी 91.20 प्रतिशत, जिया कुमारी 90.80 प्रतिशत, सुप्रिया मुंडा 89.60 प्रतिशत अंक लाकर सफलता हासिल की है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय बारेडीह के प्रतिमा कुमारी 86.60 प्रतिशत, श्याम कुमार 83.40 प्रतिशत, कैलाश लोहरा 80 प्रतिशत अंक प्राप्त की है। वहीं, आदिवासी उच्च विद्यालय दुलमी - बोंगादार प्रिया कुमारी 85.80 प्रतिशत, सचिन कुमार मांझी 82.20 प्रतिशत, कैलाश महतो 82 प्रतिशत अंक लाकर सफल हुए हैं। इधर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू की सभी छात्राओं ने सफलता हासिल की है। उनमें से सुमन कुमारी एवं सुलेखा कुमारी ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त की है। वहीं, उषा रानी कुमारी 86.40 प्रतिशत और पूर्णिमा कुमारी ने 86 प्रतिशत अंक लाकर सफलता प्राप्त की है।

## मांडर में भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**मांडर -**आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर मांडर में राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया ,इस अवसर पर संबोधित करते हुए उन्होंने बूथ स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया उन्होंने कहा कि आज केंद्र के भाजपा सरकार के द्वारा किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप आज हम विश्व की पांचवी तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था के रूप में आगे आए हैं उन्होंने कोरोना काल में केंद्र सरकार के द्वारा चलाए गए महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया ,साथ ही केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल उतारने के लिए प्रेरित किया , साथ ही कहा कि हमे अबकी बार 400 पार के नारे को बुलंद करने के लिए बूथ स्तर से ही प्रयास करने की आवश्यकता है आप सभी अभी से अपने स्तर से इसमें लोगों को जागृत करते हुए जुट जाये उन्होंने राज्य की वर्तमान सरकार को भी जमकर निशाना बनाया आज हमे अपने गांव मोहल्ले में घूम घूम कर आदिवासी को भी भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करने को कृतसंकल्प होना होगा मौक़े पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने विचारों के माध्यम से पार्टी के विस्तार पर विचार विमर्श किया गया मौके पर लोकसभा चुनाव प्रभारी सन्नी टोप्पो, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, ओम सिंह, अरविंद सिंह, भोगेन सोरेन, करमा उरांव मांडर मंडल अध्यक्ष खड्डी उरांव, विष्णु नन्द तिवारी, राजनाथ सिंह, मुकेश प्रसाद, रामबालक ठाकुर, अशोक नन्द तिवारी रहमानअंसारी, शमशेर खान,के अलावे अन्य मौजूद रहे ।

# व्यापार से सम्बंधित अपार संसाधन

## होने के बावजूद झारखण्ड में व्यापार की कोई वृद्धि नहीं : झारखण्ड चैम्बर

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची -** झारखण्ड चैम्बर की स्किल डेवलपमेंट उप समिति की बैठक उप समिति चेयरमैन संतोष अग्रवाल की अध्यक्षता में चैम्बर भवन में हुई बैठक में कई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी कहा गया कि अन्य राज्यों की तुलना में झारखण्ड में व्यापार से सम्बंधित संसाधन अपार होने के बावजूद यहाँ का व्यापार में किसी प्रकार से कोई वृद्धि नहीं देखने को मिल रही है पर्यटन में भी अपार संसाधन होने पर भी यहाँ की स्थिति वही है व्यापार में समुचित उत्पादकता होने के लिए कौशल का होना अतिआवश्यक है , झारखण्ड मे कौशल विकास में बहुत ही नगण्य काम हुआ है , जिससे की उत्पादकता नहीं हो पा रही है और जो लोग बाहर जाकर सक्षम हो रहे है उसके कारण झारखण्ड प्रदेश का विकास नहीं हो पा रहा है , हमें कौशल विकास में पूरे झारखण्ड को जागरूक करने की आवश्यकता है, जिससे कि यहाँ के व्यापारियों को उनके उद्योगों में समुचित उत्पादकता मिल सके जिससे झारखण्ड की स्थिति में भी अन्य राज्यों की तरह सुधार हो सके , झारखण्ड में पर्यटन में भी अपार संभावनाएं है कुशलता न होने के कारण इसमें भी हम पिछड़ से गए है इसमें भी ध्यान देना अतिआवश्यक है जिससे पर्यटन क्षेत्र में भी विकास हो सके , इसके लिए सरकार के समन्वय बनाकर काम करने की आवश्यकता है ताकि झारखण्ड का विकास संभव हो सके

आज की इस बैठक में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, कोयलांचल प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, उप समिति के चेयरमैन संतोष अग्रवाल, सदस्य मनोज कुमार मिश्रा, अल्तमश आलम, संतोष अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, देवनंदन उरांव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे

### आईटी उप समिति

झारखण्ड चैम्बर की आईटी उप समिति की बैठक उप समिति चेयरमैन मनोज मिश्रा एवं अल्तमश आलम की अध्यक्षता में चैम्बर भवन में हुई पिछली बैठक की समीक्षा करते हुए चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा ने अवगत कराया कि साइबर अवेयरनेस के लिये पत्राचार किये गए हैं तथा जल्द ही अवेयरनेस से सम्बंधित एक कार्यशाला आयोजन चैम्बर भवन में किया जायेगा सदस्य गौरव अग्रवाल ने यह सुझाया कि सरकारी एवं निजी स्थानों में भी चैम्बर के बैनर तले एक अवेयरनेस प्रोग्राम कराने की आवश्यकता है जिससे युवा पीढ़ी के साथ साथ महिलाओं को भी जागरूक किया जा सके जिससे वह साइबर से हो रही अपराधों से बच सकें

आज की इस बैठक में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, कोयलांचल प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, उप समिति के चेयरमैन मनोज कुमार मिश्रा, अल्तमश आलम, सदस्य संतोष अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, देवनंदन उरांव, अरूप नंदी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे

# संत जैवियर उच्च विद्यालय मे भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**मांडर -**मांडर स्थित संत जैवियर उच्च विद्यालय मे शुक्रवार को झारखण्ड के महान नायको यथा वीर बुधु भगत, बिरसा मुंडा, बाबा तिलका मांझी, कार्तिक उराव, सिंगी दई,सिद्धू कान्हू, अल्बर्ट एक्का की जीवनी पर फादर जॉन शैलेन्द्र टोप्पो के पहल पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया था, जिसमे अर्श नयन कुजूर प्रथम, अरुण मांझी द्वितीय, एवं अर्जुन तिग्गा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, उन्हें एस डी सी द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायगी,मौक़े पर संत जैविर्स उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे

## रांची लोस से कांग्रेस रमटहल चौधरी का जल्द प्रत्याशी घोषित करे - सर्मथक

**अनगड़ा ।** कांग्रेस पार्टी रांची लोक सभा सीट से अपने प्रत्याशी का पत्ता अब तक नही खोली है। गोडा धनबाद तथा चतरा से प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गयी है लेकिन राची सीट को हॉल्ड पर रखा गया है। इस सीट के लिए रामटहल चौधरी सुबोध कात सहाय टिकट की दौड़ मे थे लेकिन पिछले दिनों विधायक और मंत्री बन्ना गुप्ता का भी नाम इस सीट के लिए उछाल दिया गया है। लेकिन सूत्रों के अनुसार इस सीट से रामटहल चौधरी दौड़ मे सबसे आगे चल रहे है। क्षेत्र में भी रामटहल चौधरी मतदाताओं की पहली पसंद मानी जा रही है। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं का कहना है कि यदि पार्टी रामटहल चौधरी को टीकट देती है तो श्री चौधरी को मुस्लिम ईसाई कुर्मी एससी एसटी ओबीसी का अपार सर्मथन मिल सकता है। और भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकता है। लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि यदि कांग्रेस रांची लोक सभा से रामटहल चौधरी को टिकट की आधारिक घोषणा करती है तो इससे अगल बगल के हजारीबाग खूंटी लोहरदग्गा गोड्डा इत्यादि लोकसभा की सीटों पर भी इसका अनुकूल असर पड़ेगा और उक्त सीटों पर भी पार्टी बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। । कांग्रेस सर्मथको और कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि रामटहल चौधरी की जगह पर पार्टी यदि किसी दूसरे को इस सीट से मैदान में उतारती है तो वह कांग्रेस पार्टी के लिए अत्मघाती होगा । कार्यकर्ताओं का यह भी कहना है कि पार्टी श्री चौधरी को कांग्रेस में शामिल करवाया है तो उन्हें प्रत्याशी घोषित करने मे देर क्यों कर रही है। मांग है कि तत्काल श्री चौधरी को पार्टी प्रत्याशी घोषित करे ।

## गुरू गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल ने किया यातायात कर्मियो को सम्मानित

रातू । गुरु गोबिन्द सिंह पब्लिक स्कूल कमडे में संचालित द अल्फा क्लब के छात्रो ने शुक्रवार को यातायात कर्मियों को सम्मानित किया। द अल्फा क्लब के विद्यार्थी अपने आसपास लोगों को जागरूक बनाने और समय-समय पर उन्हें सम्मानित कर पारंम्परिक सद्भाव एवं जिम्मेदारी उठाने की दिशा में कार्य करते हैं। इसी क्लब के त्वाधान में एक सादे समारोह में रातू थाना के ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को उपहार स्वरूप पानी के फ्लास्क और छाते प्रदान किये गए। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर वासुदेव टोप्पो, हवलदार प्रल्हाद कुमार यादव, कॉन्स्टेबल मुनेश कुमार महतो, कॉन्स्टेबल अजित कुजूर, कॉन्स्टेबल अशोक कुमार महतो, कॉन्स्टेबल नवीर कुमार,कॉन्स्टेबल ललित उरांव उपस्थित रहे।

# 473 अंक लाकर अलीशा व प्रिया बनी कार्मेल स्कूल की टॉपर










### बेहतर शिक्षा के अनुशासन जरूरी: सिस्टर अनिता

**नामकुम।** कार्मेल स्कूल सामलोंग स्कूल कि छात्राओं का बेहतर प्रर्दशन रहा। स्कूल कि छात्रा अलीशा परवीन व प्रिया कुमारी दोनों ने 473 अंक लाकर 94.60 प्रतिशत स्कूल टॉपर रही। वहीं मोबाशिरा फातमा ने 468 अंक लाकर 93.60 प्रतिशत दूसरे स्थान और शिफा हयात ने 460 अंक लाकर 92 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रही।

स्कूल की प्राचार्या सिस्टर अनिता ने बताया कि स्कूल में कुल 136 छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा शामिल हुई थी, जिसमें 127 पास व 09 छात्राओं समान्य अंक लाकर सफल हुए है। स्कूल की प्राचार्या ने स्कूल शत प्रतिशत सफल होते है, इसका मुख्य कारण है बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन का होना बहुत ही जरूरी है।

**आशीष हाई स्कूल 90 प्रतिशत अफरोज बने स्कूल टॉपर :** वहीं आशीष हाई स्कूल सामलोंग के छात्रों ने 98 प्रतिशत परिणाम रहा। स्कूल के मो अफरोज आलम 450 अंक लाकर 90 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर रहें। वहीं अनिल कच्छप ने 424 अंक लाकर 88.84 प्रतिशत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर और प्रेम कुमार ने 400 अंक लाकर 80 प्रतिशत तीसरे स्थान रहा। वहीं स्कूल में परीक्षा 69 छात्र शामिल हुए जिसमें 65 छात्र सफल रहें।

**प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बरगांवा शत प्रतिशत परिणाम :** बरगांवा प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। स्कूल में इस वर्ष स्कूली छात्राओं ने बाजी मारी है। अनुस्कि चटर्जी ने 78.40 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर रही। वही दूसरे स्थान पर प्रिया कुमारी 69.70 और शिल्पी कुमारी ने 67.40 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रही। स्कूली की प्राचार्या ज्योति कुमारी ने बताया कि स्कूल में 67 छात्र-छात्राए परीक्षा में शामिल हुए थे। स्कूल का प्ररिणाम शत प्रतिशत रहा।

# गुरुकुल विद्या निकेतन के माध्यमिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा




**बुंडू।** प्रखंड के गुरुकुल विद्या निकेतन के मेट्रिक का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 53 विद्यार्थी मेट्रिक की परीक्षा में शामिल हुये। इनमे सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुये। विद्यालय स्तर पर पहला स्थान रिया मांझी 92.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान चितरंजन कुमार महतो 92.2 प्रतिशत, तृतीय स्थान रीत जायसवाल 91.2 प्रतिशत प्राप्त किये। गुरुकुल के अध्यक्ष अनूप कुमार चेल, सचिव दीपक जायसवाल, कोषाध्यक्ष रंजीत लाहेरी, विद्यालय प्रमुख रंजीत नायक, गुरुकुल विद्या निकेतन के प्रधानाध्यापक उज्ज्वल चन्द्र धीवर एवं सभी शिक्षक शिक्षिका सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना किये।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गुमला का कार्यालय
e-mail→observercellg@gmail.com

**आम सूचना**

12-लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 12-लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा आम चुनाव 2024 क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक के रूप में **Sri Rejoy Krishnan, IDAS** Expenditure Observer Obs. Code O-34371 Mo. No. 9431970350 की प्रतिनियुक्ति की गई है ।

**Sri Rejoy Krishnan,** Expenditure Observer का दिनांक-18.04.2024 को गुमला आगमन हो चुका है। व्यय प्रेक्षक स्थानीय परिसदन, गुमला में आवासित हैं।

आम नागरिक चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए व्यय प्रेक्षक से प्रत्येक दिन कार्य दिवस में अपराह्न 4.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक मिलकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

व्यय प्रेक्षक का सम्पर्क संख्या-9431970350 है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गुमला

PR 323921 Election(24-25)#D

# झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को एक और मामले में राहत

**रांची** = झारखंड हाई कोर्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। साथ ही राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व सिमडेगा मामले में भी उन्हें हाई कोर्ट से राहत मिली थी। आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकर्ताओं ने राज्य के जिलों के छह थानों रामगढ़, सिमडेगा, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। रामगढ़ थाने में 22 अगस्त, 2023 को कांड संख्या 196/2023 दर्ज किया गया था।

# एकाउंटेंट हत्याकांड के मुख्य आरोपित की जमानत याचिका खारिज

**रांची** = अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी। मामले के सभी आरोपित जेल में है। इनपर कोर्ट में 22 अप्रैल को आरोप गठित होना है। उल्लेखनीय है कि कारोबारी कमल भूषण की हत्या साल 2022 में रातु रोड के गैलेक्सियां मॉल के पास गोली मारकर की गई थी। इस मामले में भी डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित कई आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में (कांड संख्या 238/2022) दर्ज कराया गया था।

# डीपीएस रांची के विद्यार्थियों का यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन

दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची के दो विद्यार्थी ऋषभ देव और प्रेरणा सिंह ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन करके विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया हैं। 2015 बैच के ऋषभ ने ऑल इंडिया रैंक 167 की प्रभावशाली रैंक हासिल की, जबकि 2013 बैच की प्रेरणा ने ऑल इंडिया रैंक 271हासिल किया है। रांची के मूल निवासी ऋषभ देव ने अपनी लगन और कड़ी मेहनत से उपलब्धि हासिल करने वालों में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ ज्यूरिडिकल साइंसेज, कोलकाता से बीए-एलएलबी (ऑनर्स) किया है। वहीं प्रेरणा सिंह ने मिरांडा हाउस, दिल्ली विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में स्नातक और जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली से सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने की है। यूपीएससी परीक्षा में सफलता से पहले, उन्होंने छत्तीसगढ़ के बाल्को में वेदांता माइनिंग कंपनी में एचआर पेशेवर के रूप में काम करते हुए कॉर्पोरेट क्षेत्र में अपने कौशल का प्रदर्शन भी किया है। इस अवसर पर, ऋषभ देव और प्रेरणा सिंह ने डीपीएस राँची में नौवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने यूपीएससी परीक्षाओं में सफलता के लिए अपने अनुभव, अंतर्दृष्टि और युक्तियां साझा कीं और छात्रों को समर्पण और दृढ़ता के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने उपलब्धि हासिल करने वालों के प्रति अपनी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ऋषभ देव और प्रेरणा सिंह को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि, हमारे छात्रों के ऐसे उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर मुझे बहुत खुशी होती है। ऋषभ और प्रेरणा ने न केवल डीपीएस राँची को गौरवान्वित किया है, बल्कि अपनी उपलब्धियों से आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित किया है। मैं उन्हें उनकी अच्छी सफलता के लिए बधाई देता हूं और शुभकामनाएं देता हूँ।

# गांजा तस्करी के दोषी को 10 साल की सजा और एक लाख का जुर्माना

**रांची** = अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को 130 किलो गांजा की तस्करी के दोषी स्वेत कुमार को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। आठ अगस्त 2021 को सिकिदरी थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सड़क पर चेकिंग की, तो पुलिस को देखकर आरोपित कार छोड़ कर भाग गया था। पुलिस ने उसकी गाड़ी की तलाशी ली तो 18 बंडल गांजा और गाड़ी का ऑनर पेपर पाया गया था। गाड़ी का ऑनर पेपर से आरोपित तक पुलिस पहुंची और गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश किया गया था। जबकि अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किए गए थे।

# श्री हनुमान मंडल रांची का 46 वां वार्षिक महोत्सव 21 को

## 251 सवामनी का लगेगा भोग 56 भोग भी भगवान को अर्पित कर वितरण किया जाएगा

### महोत्सव की तैयारी में जुटे हैं मंडल के सदस्य

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता रांची** = नगर की धार्मिक व सामाजिक संस्था श्री हनुमान मंडल ,रांची का 46 वां वार्षिक महोत्सव 21 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।

मंडल के अध्यक्ष सज्जन पाड़िया, मंत्री श्रवन अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी दी कि रविवार 21 अप्रैल 2024 को एक दिवसीय 46 वां वार्षिक महोत्सव प्रातः 7:00 बजे श्री गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हो जाएगा।

प्रातः 7:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक चलने वाला यह उत्सव महाराजा अग्रसेन भवन के आधारतल के सभागार में होगा। इस मांगलिक अवसर पर सभी देवी देवताओं के पूजन उपरांत श्री हनुमान जी की अखंड ज्योत प्रातः 8:00 बजे मंडल के संरक्षक प्रेमचंद श्रीवास्तव सपत्नी लेगे।

प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 1:00 तक श्री हनुमान जी के परम सेवक सुरेश कुमार बजाज के सानिध्य में 400 से भी अधिक हनुमान भक्तों के द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन महोत्सव स्थल पर होगा। इस उत्सव में बालाजी के भव्य अलौकिक श्रृंगार के दर्शन भक्त जन कर सकेंगे। दरबार को सजाने के लिए बाहर के कलाकार दिन रात अपनी सेवा समर्पित किए हुए हैं। 301 भक्तों के द्वारा सवामनी का भोग लगाया जाएगा वहीं 56 भोग का प्रसाद भी भगवान को अर्पित कर भंडारे के रूप में 1500 भक्त जन इसे प्राप्त कर सकेंगे। दोपहर 2:00 बजे से नगर की धार्मिक संस्था श्री श्याम मंडल ,श्री श्याम परिवार के सदस्यों द्वारा दरबार में सूर मधुर भजनों की गंगा प्रवाह की जाएगी संस्था द्वारा बाबा की ज्योत लेने की व्यवस्था प्रातः 9:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक भक्तों के लिए रहेगी।

महोत्सव स्थल पर अलौकिक, अद्भुत श्रृंगार युक्त नैना विराम झांकी के दर्शन आप भक्तजन कर सकेंगे। बाहर से बुलाए गए अंतरराष्ट्रीय आमंत्रित कलाकार भजनों के सम्राट बरसाना से मनीषा ठाकुर ,फरीदाबाद से अंश एवं वंश, धनबाद के पिंटू कुमार अपने भजनों की गंगा प्रवाह कर महोत्सव स्थल पर अमृत वर्षा का लाभ श्रद्धालु भक्तों को देंगे। महोत्सव स्थल महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में महिलाएं व पुरुष भक्तों के बैठने की व्यवस्था अलग-अलग रखी गई है। अखंड ज्योत की व्यवस्था रखी गई है जिसका लाभ भक्त ले सकेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महोत्सव संयोजक प्रकाश धेलिया को बनाया गया है। आयोजन की सफलता के लिए मंडल के सदस्यों को विभागीय संयोजक का पदभार दिया गया है। जिनके देख रेख में महोत्सव के कार्य को संपन्न कराने में सहयोग प्राप्त होगा। रात्रि 9:00 बजे मंडल के सदस्यों द्वारा आरती की जाएगी उसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। महोत्सव को सफल बनाने में मंडल के अध्यक्ष सज्जन पाड़िया, मंत्री श्रवण अग्रवाल, संयोजक प्रकाश धेलिया, कोषाध्यक्ष शिव भावसिंहका, संरक्षक प्रेमचंद श्रीवास्तव, प्रवीण मोदी, अरुण बाजोरिया, हनुमान बेड़िया, निर्मल बुधिया, कौशल राजगढ़िया, सहित काफी संख्या में सदस्य लगे हुए हैं। महोत्सव संयोजक प्रकाश धेलिया प्रचार मंत्री निर्मल बुधिया ने नगर के सभी धार्मिक, सामाजिक व व्यापारिक संस्थाओ सहित सभी धर्म प्रेमियों से एक दिवसीय महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

# ट्रैफिक नियम का उल्लघंन करने वालों से पांच दिनों में 1011 का कटा चालान

**रांची** = राजधानी में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले पांच दिनों में कुल 1011 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 241, 246,135, 203 और 186 चालान शामिल है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने बताया शुक्रवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस ,अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनाधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है।

# स्थापित प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

**इटकी प्रतिनिधि** इटकी के श्री जग्गनाथ मंदिर परिसर में स्थित पंडाल में स्थापित श्री राम,माता सीता,भाई लखन ,बीर हुनमान की प्रतिमाओं का शुक्रवार को केशरी नया तालाब में बिसर्जन कर दिया गया। ।शोभा यात्रा में शामिल सैकडों ग्रामीण और भक्तगण तालाब पहुंचे।इसके बाद पंडित शत्रुघ्न पांडेय के द्वारा सभी प्रतिमाओं काआरती कर विसर्जन कर दिया गया।शोभा यात्रा में यज्ञ समिति के संरक्षक लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, यज्ञ समिति के अध्यक्ष कृष्णा राम तिवारी,देवेन्द्र महतो,कार्तिक महतो, बिंदे भगत,जितेन्द्र पंचम महतो, अमित कुमार,दिवाकर साही सहित दर्ज़नों लोग शामिल थे।

# रांची में तेज रफ्तार कार ने महिला को रौंदा, चालक गिरफ्तार

**रांची** = तुपुदाना के पुराने ओपी के पास मुख्य सड़क पार करने के दौरान शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने एक महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतका की पहचान तुपुदाना निवासी रीता प्रसाद के रूप में हुई है। वह दुर्गा प्रसाद साहू की पत्नी थी। घटना के बाद आनन-फानन में घायल महिला को पारस अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में कार चालक आकाश कच्छप को गिरफ्तार कर लिया है। चालक मूल रूप से रांची के चुटिया थाना स्थित धूमसा टोली का रहने वाला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

# मेडिका हॉस्पिटल में 1 माह से चल रहा बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

**रांची** = मेडिका हॉस्पिटल, रांची में 1 माह से चल रहें बैडमिंटन टूर्नामेंट का समापन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ. मेडिका हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, अधिकारीगण और लगभग 300 कर्मचारियों ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया और पूरे जोश के साथ अपने खेल कौशल का परिचय दिया।

विजेताओं में मेंस सिंगल्स में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रोहित विजेता और कुजूर रनर-अप, विमेंस सिंगल्स में डायटीशियन प्रिया विजेता और नूतन रनर-अप , मेंस डबल्स में जॉनसन ब्रदर और अमर की जोड़ी विजेता और डॉ. रोहित और डॉ. विशाल की जोड़ी रनर अप-रही , विमेंस डबल में प्रिया और स्मृति की जोड़ी विजेता और डॉ. प्रियम और प्रीति की जोड़ी रनर-अप रहीं वहीँ मिक्स्ड डबल्स में जॉनसन ब्रदर और नूतन की जोड़ी विजेता और अमर और प्रिया की जोड़ी रनर-अप रही. समापन समारोह में दो मैत्री मैच भी खेले गए जिसमे एवीपी अनिल कुमार, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. गणेश कुमार, एमरजेंसी हेड डॉ. रोहित सेंगर, डॉ. गौतम, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. धनञ्जय, जीएम ऑपरेशन मनीष गुरुदत्त, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. पंकज मिश्र और एडीसी के जीएम रामावतार जांगिड़ ने भाग लिया. इस अवसर पर डॉ गुंजेश, डॉ. विजयश्री, डॉ. शताक्षी, नीरज कुमार, पिउली बनर्जी सुहैल कैसर, बादशाह, मानस लभ, भारती ओझा, अनूप ब्रदर समेत सभी विभागों के सहयोगीगण उपस्थित थे.

# डीपीएस राँची द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल टूल्स पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित

दिल्ली पब्लिक स्कूल राँची द्वारा विवेकानंद प्रेक्षागृह में 19 अप्रैल 2024 को सीबीएसई के निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल टूल्स पर एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। इस कार्यशाला में विद्यालय के लगभग 125 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रोफेसर (डॉ) रमन बल्लभ इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता थे। इस कार्यशाला में उन्होंने वित्तीय प्रबंधन के बहुमुखी पहलुओं पर गहराई से चर्चा की और प्रतिभागियों को उनके पेशेवर कार्यकाल के दौरान और सेवानिवृत्ति के बाद भी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की रणनीतियों पर मार्गदर्शन दिया। इस सत्र में प्रोफेसर (डॉ) रमन बल्लभ जी द्वारा वित्तीय प्रबंधन के सभी पहलुओं पर शिक्षकों के साथ महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया गया। उन्होंने लाइफ स्टेज प्लानिंग के महत्व, डिजिटल भुगतान के लिए क्या करें और क्या न करें, जीवन बीमा का महत्व, सेवानिवृत्ति की चुनौतियों को कैसे सुरक्षित करें, अपनी बचत को कैसे बढ़ाया जाए जैसे कई विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें व्यवस्थित निवेश भी करना चाहिए। भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए उन्होनें बीमा, पीपीएफ, एसआईपी, म्यूचुअल फंड के बारे मे भी कई जानकारियों को साझा किया। वित्तीय प्रबंधन के अलावा, मुख्य वक्ता ने साइबर सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर भी चर्चा की। शिक्षकों को फ़िशिंग प्रयासों और साइबर धोखाधड़ी से बचने के बारे में जानकारी दी गई, जिससे उन्हें डिजिटल क्षेत्र में सुरक्षित रूप से कार्य करने के लिए सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर डीपीएस राँची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा, वित्त प्रबंधन के प्रति सकारात्मक मानसिकता विकसित करने के लिए वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण कदम है।

# क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी से धोखाधड़ी मामले में अगली सुनवाई चार मई को

**रांची** = भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालकों की ओर से करोड़ों की धोखाधड़ी को लेकर दर्ज मामले में न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में महेंद्र सिंह धोनी की ओर से दस्तावेज पेश नहीं किया गया। इस पर कोर्ट ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए सुनवाई की अगली तिथि चार मई निर्धारित की है।

इससे पूर्व 20 मार्च को कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेकर अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालक मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास को समन जारी किया था। साथ ही शिकायतकर्ता महेंद्र सिंह धोनी को सात दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेज दाखिल करने का निर्देश दिया था।

महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के संचालक मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ 15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रांची सिविल कोर्ट में केस फाइल किया है। मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास पर धोनी ने विश्वासघात करने और उन्हें आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। दोनों आरोपितों ने साल 2017 में धोनी को बताया था कि वे लोग धोनी के नाम से क्रिकेट एकेडमी और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स खोलेंगे। इसके बदले उन्हें फ्रेंचाइजी फीस देने की बात भी कही गई थी। इसके बाद इन लोगों ने देशभर में महेंद्र सिंह धोनी के नाम पर संस्थाएं खोलना शुरू कर दीं लेकिन इसके बारे में उन्होंने धोनी को कोई जानकारी नहीं दी। उन्हें एग्रीमेंट के अनुसार पैसे भी नहीं दिए गए। इसके बाद 15 अगस्त, 2021 को एमएस धोनी ने उनके साथ हुआ करार खत्म कर दिया। इसके बावजूद वह एमएस धोनी के नाम पर क्रिकेट एकेडमी खोलते रहे। इसके बाद इन्हें नोटिस भी भेजा गया लेकिन ये लोग इसे रोक नहीं रहे थे। इसके बाद उन्होंने रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया है। मामले में मिहिर दिवाकर गिरफ्तार हो चुका है।

# छात्र आजसू ने रांची विश्वविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए प्रतीक्षालय स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय के समुचित व्यवस्था की मांग की

**रांची** = अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए उन्हें मांग पत्र सौंपा।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा के पूरे राज्य भर से विशेष कर 5 जिलों( खूंटी , सिमडेगा,लोहरदग्गा, गुलमा )से रोजाना सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं अपने पढ़ाई से संबंधित समस्याओं को लेकर विश्वविद्यालय के मुख्यालय पहुंचते हैं परंतु पदाधिकारी की व्यस्तता के कारण छात्र-छात्राओं को अपना कार्य करवाने एवं कार्य से संबंधित जानकारी हासिल करने के लिए उन्हें घंटो इंतजार करना पड़ता है। इसका सबसे ज्यादा असर रांची के बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं पर पड़ता है क्योंकि रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए प्रतीक्षालय नहीं है जिसके चलते छात्र छात्राएं या तो घंटो खड़े रहते हैं या इधर-उधर भटकने को मजबूर होते हैं। वहीं विश्वविद्यालय मुख्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की भी व्यवस्था नहीं है जिसके चलते आए दिन बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अभिषेक शुक्ला आगे कहा के विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए प्रतीक्षालय , पीने के लिए स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था 15 दिनों में जाए अन्यथा छात्र आजसू आंदोलन एवं तालाबंदी के लिए बाध्य होगी।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजीत कुमार सिन्हा ने रांची विश्वविद्यालय के सीसीसीडी को अपने चेंबर में बुलाकर आदेश दिया के छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए प्रतीक्षालय, शुद्ध पेयजल के दो मशीन, एवं 2 शौचालय का निर्माण अति शीघ्र कराया जाए वरना आपके ऊपर कारवाई की जाएगी। कुलपति के आदेश को गंभीरता से लेते हुए रांची विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ प्रकाश झा ने कहा छात्र-छात्राओं के हित में जल्द से जल्द तय समय सीमा के अंदर इन सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप सेः रांची विश्वविद्यालय के सचिव राशन नायक, पीजी विभाग के सचिव मनजीत कुमार, पीजी विभाग कोषाध्यक्ष प्रियांशु शर्मा, मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव के अलावा अन्य सदस्य मौजूद थे।

## में गन लेकर पहुंचे दो युवक, मची अफरा तफरी, पुलिस ने किया जब्त

**रामगढ़।** शहर के रामनवमी जुलूस में एक अनोखी घटना घटी। जुलूस के दौरान पारंपरिक अस्त्रों के साथ लोग झूम रहे थे। इसी दौरान दो युवक गन लेकर अचानक उस भीड़ में शामिल हो गए। जिन लोगों ने बंदूक देखी उनके होश उड़ गए। पुलिस पदाधिकारियों के फोन की घंटी भी बजने लगी। बंदूक की सूचना मिलते ही अधिकारियों के भी कान खड़े हुए और भागे-भागे चट्टी बाजार के जुलूस में पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि दो युवक हाथ में बंदूक लेकर लहरा रहे हैं। पुलिस ने भीड़ से दोनों युवकों को बाहर किया और दोनों हथियार जब्त किए। पुलिस जब्त हथियार को लेकर थाने पहुंची, तब पता चला कि वह असली बंदूक नहीं बल्कि एयर गन है।

### एयर गन भी हो सकता है खतरनाक

एयर गन कहने के लिए तो एक सामान्य हथियार है। लेकिन अगर नजदीक से किसी को लग जाए तो वह भी खतरनाक साबित हो सकता है। दोनों युवकों को यह लापरवाही भारी पड़ी। पुलिस ने एयर गन तो जब्त किए ही, उन दोनों युवकों को थाने बुलाई और उनके परिजनों को भी इस मामले में सख्त हिदायत दी गई। हालांकि पुलिस ने उन दोनों युवकों की पहचान गुप्त रखी है। जुलूस में अगर पारंपरिक अस्त्रों के अलावा एयर गन और अन्य तरह के हथियार शामिल होने लगे तो उससे कभी भी किसी को गंभीर चोट लग सकती है।

## वर्चुअल रियलिटी वैन को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने किया रवाना

**रामगढ़।** लोकसभा चुनाव के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई निर्धारित है। इस दौरान लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कोषांग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति रचनात्मक तरीके से जागरूक करने तथा लोगों को उनके मतदान के महत्व को समझाने को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी के द्वारा जिला समाहरणालय परिसर से वर्चुअल रियलिटी जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मौके पर डीसी ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए तैयार किए गए कंटेंट का भी जायजा लिया। वहीं, डीसी ने स्वयं भी वर्चुअल रियलिटी यंत्र का प्रयोग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अपर समाहर्ता रामगढ़, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मतदाता जागरूकता कोषांग, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## डिवाइन ओंकार मिशन अनाथालय के बच्चों को इनरह्वील क्लब के सदस्यों ने कराया भोजन

**रामगढ़।** इनरह्वील क्लब के सदस्यों ने डिवाइन ओंकार मिशन अनाथालय के बच्चों को सेवा भावना के तहत भोजन कराया। इस संबंध में इनरह्वील क्लब के अध्यक्ष मेघा बगड़िया और सचिव नीरू साहनी ने बताया कि क्लब के सदस्यों के सहयोग से सेवाभावना के तहत ओंकार मिशन अनाथालय के बच्चों को क्लब के सदस्यों द्वारा भोजन कराया गया है। वहीं बच्चों से क्लब के सदस्यों ने पढ़ाई-लिखाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस कार्य में क्लब के सदस्यों ने उन्हें सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। मौके पर श्रमिष्ठा दत्ता, अनुराधा श्राफ, रंजू आरोड़ा, चंद्रिका कोटेचा, हीना कोटेचा, दीपा वडेरा, जेनेसा वडेरा, नवलजीत कौर, मीना वडेरा, नीरू अग्रवाल सहित इनरह्वील के कई सदस्य शामिल थे।

## कुल्ही मुखिया के ससुर के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो

**रजरप्पा।** रामगढ़ के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो शुक्रवार को दुलमी प्रखंड अंतर्गत कुल्ही पंचायत की मुखिया चुड़गी देवी के ससुर स्व. बाबूराम भोगता के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्व. बाबूराम भोगता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने शोकाकुल परिवार के सदस्यों का ढांढ़स बांधते हुए अपनी ओर से सांत्वना व्यक्ति की। इस अवसर पर सुरेश भोगता, रामकिशुन भोगता, सुखदेव भोगता, सलखु महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मैट्रिक रिजल्ट में लड़कियों का रहा बेहतर प्रदर्शन, लड़कों ने भी दी टक्कर

## 96.40 प्रतिशत के साथ प्रीति रही टॉप, दूसरे नंबर पर रही मेघा

**रामगढ़।** जिले में जब मैट्रिक का रिजल्ट जारी हुआ तो वहां लड़कियों का बेहतर प्रदर्शन रहा तो लड़के भी पीछे नहीं रहे और जबरदस्त टक्कर दी। टॉप 10 की सूची जब जारी हुई तो उसके पहले पायदान पर प्रीति कुमारी रही। कर्मा हाई स्कूल कुजू की छात्रा प्रीति कुमारी ने 482 अंक हासिल किए हैं। उसे जिले में सबसे अधिक 96.40% नंबर आए हैं। दूसरे नंबर पर पवन क्रूस हाई स्कूल भुरकुंडा की छात्रा मेघा कुमारी रही। उसे 480 अंक मिले हैं और वह जिले में दूसरे स्थान पर रही है। अपग्रेड हाई स्कूल कोरचे के छात्र प्रवीण कुमार और अपग्रेड हाई स्कूल चटाक की छात्रा नीलम कुमारी को 478 अंक मिले हैं। वह दोनों तीसरे स्थान पर रहे हैं। किशन हाई स्कूल डभातु, गोला की छात्रा सरिता कुमारी और बीएसवीएम बड़की डूंडी की छात्रा प्राची कुमारी को 476 अंक मिले हैं। वे दोनों चौथे स्थान पर रहे हैं। प्रॉप टेकलाल महतो हाई स्कूल सुगिया की छात्रा सादिया शाहीन 474 अंक लाकर पांचवें स्थान पर रही है। गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ के छात्र हर्ष कुमार अग्रवाल, बीएसवीएम बड़की डूंडी की छात्रा आस्था कुमारी और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु का छात्रा पीयूष कुमार 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन तीनों को 473 नंबर मिले हैं और वह छठे स्थान पर रहे हैं। डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल रामगढ़ कैंट की छात्रा अल्का कुमारी को 471 अंक मिले हैं। वह सातवें स्थान पर रही हैं। पब्लिक हाई स्कूल कुजू का छात्र तरुण कुमार, एमजी हाई स्कूल देवरिया, भुरकुंडा की छात्रा छोटी कुमारी और डॉ आर एम एल एस हाई स्कूल वेस्ट बोकारो की छात्रा रिया कुमारी को 470 अंक मिले हैं। यह तीनों आठवें स्थान पर रहे हैं। पवन क्रूस हाई स्कूल भुरकुंडा की छात्रा नैंसी कुमारी, बीएसवीएम बड़की डूंडी की छात्रा पूजा कुमारी और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु का छात्र क्रिष कुमार को 469 अंक मिले हैं। यह तीनों नवें स्थान पर रहे हैं। रेल श्रमिक हाई स्कूल पतरातु की छात्रा सुमन कुमारी और आदर्श हाई स्कूल सोसो का छात्र आदर्श कुमार को 468 अंक मिले हैं। यह दोनों दसवें स्थान पर रहे हैं।

### मामा के घर रहकर आदर्श ने की पढ़ाई

आदर्श ने बचपन से ही अपनी पढ़ाई अपने मामा राजदीप सिन्हा और मामी सोनी कुमारी के घर पर रहकर की। अपने रिश्तेदारों का इतना सहयोग मिला कि आदर्श ने उनका नाम रोशन कर दिया। आदर्श के मामा राजदीप ने कहा कि आदर्श बचपन से ही पढ़ने में काफी अच्छा रहा है। वह अपना सिलेबस बखूबी पूरा करता था। मामी सोनी कुमारी छोटानागपुर गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए बेहतर गाइडलाइन उन्हें घर में ही मिली। आज आदर्श में टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है। आगे भी उससे काफी उम्मीदें हैं।

## मैट्रिक परीक्षा में निक्की कुमारी बनी बंदा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय की टॉपर

**गोला।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) ने शुक्रवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी किया। इसमें गोला प्रखंड के बंदा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के 82.55 प्रतिशत छात्रों ने बाजी मारी है। विद्यालय से कुल 86 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था। जिसमें विद्यालय की छात्रा निक्की कुमारी 90.80 प्रतिशत (454) अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनी। वहीं आयुष कुमार ने 87.20 प्रतिशत (436) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जबकि जहरा अर्शी 86.40 प्रतिशत (432) अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरे स्थान पर रही। छात्र-छात्राओं के परिणाम आने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक इम्तियाज अहमद, अध्यक्ष रेणु देवी, शिक्षक किरण कुमारी, युगल किशोर पटेल, दिलीप महतो, छत्रु महतो, रीना कुमारी, मिथलेश कुमार रविदास, प्रवीण सिन्हा, बसंत सिंह, जय प्रकाश यादव, प्रदीप राम करमाली, रेखा टंडन, द्रोपदी देवी, टेकलाल महतो, वकील अहमद, मसरुर आलम, कोलेश्वर कपरदार, महेंद्र महतो, वीरेंद्र कुशवाहा, कर्मा मांझी सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

## डीएवी स्कूल बरकाकाना में महात्मा हंसराज की जयंती मनाई

### ऐसे महापुरुषों के कारण ही हमारी महान परंपराएं अक्षुण्ण रह पाई हैं : प्राचार्य

**बरकाकाना।** डीएवी बरकाकाना में वशिष्ठ सदन की ओर से प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस प्रार्थना सभा के समय डीएवी संस्थाओं के संस्थापकों में से एक महात्मा हंसराज जिनके त्याग के कारण डीएवी संस्थाएं पल्लवित और पुष्पित हो रही हैं उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डा मुस्तफा मजीद एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलित करने के पश्चात पुष्प अर्पित किया। बच्चों ने महात्मा हंसराज जैसे त्यागी पुरुष के जयंती पर यह वादा किया कि अपने जन्मदिन के अवसर पर वह एक पौध अवश्य लगाएंगे एवं उसके साथ दोस्तों सा व्यवहार करते हुए उसका रख रखाव करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने महात्मा हंसराज के प्रति उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि युगांतरकारी परिवर्तन करने वाले ऐसे महापुरुषों के कारण ही हमारी महान परंपराएं अक्षुण्ण रह पाई हैं। अवैतनिक प्राचार्य के रूप में डीएवी संस्था के लिए महात्मा हंसराज का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। बच्चों से मेरी अपेक्षा है कि वह कृत्रिम सुरक्षा कवच से बाहर आकर देश के लिए त्याग करने के लिए तैयार रहे तभी समाज एवं देश का कल्याण हो सकेगा।

## महावीर मंडल अखाड़ा समिति नया नगर ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

### अंबा प्रसाद सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का कार्य कर रही है:समिति

**बरकाकाना।** श्री श्री महावीर मंडल अखाड़ा समिति नया नगर बरकाकाना द्वारा शुक्रवार को दो नंबर गेट स्थित प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें रामनवमी के पावन पर्व पर क्षेत्र के स्थानीय सामाजिक और सनातन धर्म प्रेमियों के द्वारा नया नगर बरकाकाना दुर्गा मंडप के समीप बने स्टेज के पास श्री श्री महावीर मंडल अखाड़ा समिति नया नगर बरकाकाना के बैनर तले अखाड़ा का आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न गांव से जुलूस लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा लाइट, साउंड,ब्रैकेटिंग, बैठने की व्यवस्था एवं प्रसाद के साथ पुरस्कार का भी वितरण किया जाता है 17 अप्रैल को बीते रामनवमी में भी इसी प्रकार का आयोजन आदर्श आचार संहिता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को लिखित सूचना देकर और जिला प्रशासन के आदेश का पालन करते हुए बिना किसी राजनीतिक प्रतिनिधि को आमंत्रण के यह कार्यक्रम चल रहा था कार्यक्रम के बीचो-बीच अचानक लगभग रात्रि 8:00 बजे बड़कागांव विधानसभा के कांग्रेस पार्टी से विधायक अंबा प्रसाद अपने अंगरक्षकों और कुछ स्थानीय समर्थकों के साथ मंच पर आ गई उनको देखते ही आयोजन समिति के सदस्यों ने पूरे सम्मान के साथ घोषणा करते हुए समिति के सम्मानित महिला सदस्य के साथ बैठाया और उन्हें पीने के लिए पानी भी दिया। कुछ ही देर में विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा आयोजन समिति के सदस्यों से कार्यक्रम रोककर भाषण देने के लिए माइक की मांग की जाने लगी जो की आयोजन समिति के समझ से परे था फिर भी समिति के सदस्यों ने उनसे विनम्र आग्रह करते हुए थोड़ी देर में कार्यक्रम समापन के उपरांत माइक देने की बात कही जिससे अंबा प्रसाद गुस्से से आग बगुला हो गई और समिति के सदस्यों से नाराज भी हो गई। समिति के महिला सदस्य के द्वारा भी बार बार आग्रह करने पर थोड़ी देर रुकने के उपरांत अपने साथ आए अपने समर्थक जय सिंह और संजय शर्मा को मंच संचालक से माइक छीन लेने का आदेश दिया। जय सिंह और संजय शर्मा मंच संचालक के पास पहुंच गए और विधायक सुश्री अंबा प्रसाद को माइक देने के लिए विवाद करने लगे मना करने पर मंच संचालक से जबरन धक्का मुकी करते हुए माइक छीन लिया जिससे कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न हो गया अफरा तफरी का माहौल हो गया कार्यक्रम बंद हो गया। वहां मंच पर उपस्थित समिति के सदस्यों और स्थानीय थाना के प्रशासन के द्वारा विधायक अंबा प्रसाद को काफी समझाया बुझाया गया उसके बाद वह नाराज होकर मंच से नीचे उतर गई और मंच के सामने अखाड़ा में बैठे श्रद्धालुओं के बीच अपना हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए बाहर निकल गई। ऐसा प्रतीत होता है विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए सुनियोजित तरीके से दुर्गी ,पीरी, घुटूवा, मसमोहन, बरकाकाना से अपने पार्टी विशेष समर्थकों को सैकड़ो की संख्या में थाना बुलाकर थाना का घेराव करने लगी और आयोजन समिति पर प्राथमिक की दर्ज करने को लेकर धरने पर बैठ गई। किसी प्रकार से समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम स्थल पर लोगों को समझा बूझकर कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण कर शांतिपूर्वक कार्यक्रम संपन्न कराया और इसकी सूचना देने के लिए समिति के सदस्य थाना पहुंचे थाना पहुंचते ही विधायक अंबा प्रसाद के इशारे पर वहां मौजूद उनके समर्थक पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में थाने के अंदर समिति के सदस्यों पर गंदी गंदी गालियां और धार्मिक विरोध करने लगे प्रशासन के द्वारा उन लोगों को शांत कराया गया। विधायक सुश्री अंबा प्रसाद के द्वारा लगातार प्रेस मीडिया में यह बयान दिया जा रहा है की आयोजन समिति ने उनके साथ धक्का मुक्की एवं बदसलू की किया तो फिर विधायक अंबा प्रसाद खुद क्यों नहीं प्राथमिक दर्ज कराई इससे या प्रतीत होता है कि अंबा प्रसाद के द्वारा सिर्फ सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का कार्य और समिति के सदस्यों को झूठे केस में फसाने का कार्य किया जा रहा विधायक अंबा प्रसाद स्थानीय जनप्रतिनिधि होने के साथ-साथ कानून की भी जानकार है और उन्होंने जानबूझकर आदर्श आचार संहिता का उलघन कार्यक्रम स्थल से लेकर थाने तक में बार-बार किया और समिति को भी नीचा दिखाने का प्रयास किया। आयोजन समिति राज्य सरकार और जिला प्रशासन से यह मांग करती है इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कर भविष्य में धार्मिक कार्यक्रमों में बिना आमंत्रण के आकर माहौल खराब करने की उनकी मंशा बिफल करें। पूरे मामले में बुद्धिजीवी मंच का भी बयान आया है जिसमें विधायक के साथ दुर्व्यवहार तथा सुरक्षा कर्मी के साथ मारपीट का आरोप लगाया गया है जो सरासर निराधार है पूरी घटना में गिरफ्तारी की मांग की गई है बुद्धिजीवी में मंच द्वारा एक पक्ष की बातें तो सुनी गई लेकिन दूसरे पक्ष की कोई भी बात जानने का प्रयास नहीं किया गया इतना ही नही मंच की बैठक के वायरल फोटो में कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग शामिल थे ऐसा लगता है या किसी मंच की नहीं बल्कि राजनीतिक दल की बैठक थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से हरि रत्नम, गीता देवी, सुदर्शन महतो, कुश श्रीवास्तव, रंजीत राम, राजकुमार महतो, अनुपम आनंद अन्य समिति के सदस्य मौजूद थे।

# निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में 40 अंग प्रत्यारोपण, 80 कान की मशीन व 5 कैलिपर का वितरण

### मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा का कार्य सराहनीय :बसंत मित्तल

**रामगढ़। रांची रोड स्थित होटल अरिहंत पैलेस के सभागार में शुक्रवार को मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा के तत्वाधान में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ झारखंड प्रांत मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, समाजसेवी गोविंद मेवाड़ और संस्था की अध्यक्ष निशा जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर को संबोधित करते हुए बसंत मित्तल ने कहा कि दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण का कार्य काफी सराहनीय है। दिव्यांगों को कृत्रिम अंग मिलने से वे अपने दिनचर्या का अधिकांशतः काम खुद कर सकेंगे।**

**समाज के अंतिम व्यक्तियों तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचना है लक्ष्य:निशा :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष निशा जैन ने बताया कि मारवाड़ी महिला समिति का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्तियों तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचना है। इसी के तहत समिति द्वारा 40 विकलांगों को आधुनिक किस्म के अंग के अलावे पांच दिव्यांगो को कैलीपर्स व 80 दिव्यांगों को सुनने के लिए कान की मशीन और 5 कैलीपर प्रदान किया है। उन्होंने समिति के पूर्व में किए गए कार्यों का तथा आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सरिता जैन ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन समिति की सचिन रिद्धि जैन ने किया।

### ये थे उपस्थित

मौके पर गोविंद अग्रवाल, विजय मेवाड़, भास्कर दत्ता, सुरेश पी अग्रवाल, ललित जैन, प्रवीन जैन, प्रशांत जैन, योगेश जैन, प्रकाश पटवारी, डॉ शरद जैन, अरूणा जैन, अनिता जैन, प्रिया अग्रवाल, सरिता जैन, शीला जैन, रेणु मित्तल, नैना मेवाड़, सिम्पल बरेलिया, पूनम गर्ग, सरोज गुप्ता, सुधा गोयल, गरिमा अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, नेहा मित्तल, मंजू अग्रवाल, मेघा बगड़िया, निर्मला अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल सहित कई लोग शामिल थे।

## जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित स्वीप कोषांग के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज स्वीप कोषांग की नोडल अधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा द्वारा कोडरमा थर्मल पॉवर स्टेशन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त मौके पर इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी किए गए विभिन्न ऐप्स डाऊनलोड करवाएं गए एवं वैसे कर्मिगण जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं था, वैसे कर्मिगणों का पपत्र-06 भरा गया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों ने चुनावी पाठशाला,रंगोली, शपथ, पोस्टर, इनविटेशन कार्ड, मेहंदी, समेत अन्य गतिविधियां कर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया । लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त आज विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने अपने-अपने परिजनों को आमंत्रण पत्र बना कर 20 मई को वोट डालने हेतु कोडरमा वापस आने का संदेश प्रेषित किया। इसके अलावे जिले के शहरी क्षेत्रों में ÷मतदाता पंजीकरण महाअभियान÷ अंतर्गत गठित स्वीप टीमों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से चुनाव संबंधित प्रश्न पूछे जा रहें हैं एवं श्वक्रुष्ट कार्ड चेक किया जा रहा है। साथ ही जिन मतदाताओं का एपिक कार्ड नहीं है, उनका ऑन स्पॉट पपत्र-06 भरकर मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा रहा है। जिलेवासियों से है अपील, मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएं और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनें।

# प्रतियासिंगहा जंगल में व्यक्ति का शव मिलने के केश को पुलिस ने किया उद्भेदन, 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

दिनांक-05.02.2024 को नवलशाही थाना क्षेत्र अन्तगर्त प्रतियासिंगहा जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला, जिसके आलोक में दिनांक 06.02.2024 को मृतक की पहचान कर, मृतक के पुत्र सुलतान अंसारी उम्र 35 वर्ष, पिता स्व0 सकुर मियाँ, साकिन- निमाडीह थाना धनवार ( घोडथम्बा ओ0पी0 ) थाना आकर एक लिखित आवेदन दिये कि इनके पिता- सकुर मियाँ कि हत्या कर शव को छिपाने के नियत से जंगल में फेंक दिया गया है जिसके आधार पर नवलशाही थाना कांड सं0-06/2024, दिनांक 06.02.2024, धारा 302/201 भा.द.वि. दर्ज किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में कांड में संलिप्त 1. द्वारिका तुरी उर्फ द्वारिक, पिता स्व0 हरि तुरी, उम्र 35 वर्ष, एवं 2. समसुल अंसारी, पिता-

स्व0 सकुर मियाँ, उम्र 46 वर्ष, दोनो, ग्राम निमाडीह, थाना- राजधनवार, घोडथम्बा ( ओ0पी0 ), जिला- गिरीडीह को गिरफ्तार कर दिनांक 10.02.2024 को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त दोनो अभियुक्तों के द्वारा अपने स्वीकारोक्ति बयान में घटना में संलिप्त अन्य अप्राथमिकी अभियुक्त 1. असगर अंसारी उर्फ गारो दा, उम्र करीब 52 वर्ष, पिता- गनी मियाँ, साकिन- निमाडीह, थाना धनवार, घोडथम्बा ( औ0पी0 ), जिला गिरीडीह को कांड में संलिप्त रहने की बात बताई गई। पुलिस अधीक्षक कोडरमा के निर्देशानुसार फरार अप्राथमिकी अभियुक्त असगर अंसारी की गिरफ?तारी हेतु सघन छापामारी किया गया एवं 18.04.2024 को अप्राथमिकी अभियुक्त असगर अंसारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अप्राथमिकी अभियुक्त 1. असगर अंसारी उर्फ गारो दा उम्र करीब 52 वर्ष, पिता गनी मियाँ साकिन- निमाडीह, थाना धनवार, घोडथम्बा ( ओ0पी0 ) जिला गिरीडीह के विरूद्ध इस कांड के अलावे निम्नलिखित काण्ड दर्ज है 1. डोमचांच थाना कांड सं0-133/2021, दि0-21.10.21, धारा 379/411 भा0द0वि0 2. डोमचांच थाना कांड सं0- 154/21, दि0-16.12.2021, धारा-379/411 भा0द0वि0 3. देवरी थाना कांड सं0-179/2008, दि0-03.09.08, धारा-395/364/412 भा0द0वि0 4. धनवार थाना कांड सं0-235/10, दि0-13.10.2010, धारा-379/382 भा0द0वि0 5. धनवार थाना कांड सं0-124/2001, दि0- 18.11.2001, धारा-395 भा0द0वि0 6. धनवार थाना कांड सं0-107/2001, दि0-06.10.2001, धारा-395 भा0द0वि0 7. धनवार थाना कांड सं0-72/10, दि0-10.08.10, धारा-323/324/307 भा0द0वि0 एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 8. जमुआ थाना कांड सं0-179/2008, दि0-03.09.2008 धारा 395/364/412 भा0द0वि0 9. जमुआ थाना कांड सं0-30/2008, दि0-18.02.2008 धारा 392/ 411/ 34 भा0द0वि0 10. बिरनी थाना कांड सं0-48/2001, दि0- 12.06.2001, धारा-392 भा0द0वि है । गिरफ्तार अभियुक्त 1. असगर अंसारी उर्फ गारो दा उम्र करीब 52 वर्ष, पिता गनी मियाँ साकिन- निमाडीह, थाना धनवार, घोडथम्बा ( ओ0पी0 ) जिला गिरीडीह है।छापेमारी दल में शामिल अधिकारी पु0अ0नि0 नितिश कुमार थाना प्रभारी नवलशाही, पु0अ0नि0 रवि प्रकाश पंडित, पु0अ0नि0 मदन कुमार मिश्रा, सशस्त्र बल नवलशाही थाना ।

## संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सेक्रेड के 17 छात्रों का चयन

### राष्ट्रीय स्तर पर तीन छात्रों ने पाई सफलता

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

झुमरी तिलैया-विद्या भारती संस्कृत शिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र, हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 17 छात्रों का चयन हुआ है। सभी छात्रों को सर्टिफिकेट दिया गया। जबकि इसमें तीन छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर निशा शर्मा को प्रथम स्थान, असदक शहजाद को द्वितीय स्थान और शशि शेखर को तृतीय स्थान मिला है। इन तीनों छात्रों को सर्टिफिकेट के साथ मेडल भी दिया गया है। चयनित छात्रों में सुमित कुमार, वैष्णवी कुमारी, राजवीर मोदी, शौर्य तिवारी, प्राची कुमारी, वीणा कुमारी, खुशी सिंह, सृष्टि कुमारी, बबली कुमारी, साक्षी राज, पीयूष राज मोदी, शिवम यादव, आराध्या जायसवाल और एंजेल भारती के नाम शामिल हैं। स्कूल असेंबली में इन बच्चों को स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर विनोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देकर इनको बधाई दी। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि हर तरह की प्रतियोगिता में सेकेड हार्ट स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के चतुर्दिक विकास का हर संभव प्रयास किया जाता है। ऐसे कई कार्यक्रम कराए जाते हैं जहां बच्चों की प्रतिभा निखरती है। इसके अलावा इस परीक्षा में सफल होने पर निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार और हिंदी शिक्षक मनोज कुमार पांडेय को भी सर्टिफिकेट दिया गया है। बता दें कि यह परीक्षा विद्या भारती संस्कृत शिक्षण संस्थान कुरुक्षेत्र, हरियाणा के द्वारा आयोजित की गई थी।

## एलएनटी ,सीएसटीआई की ओर से कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया

**चास–** बिरसा विकास औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र चास में शुक्रवार को एलएनटी ,सीएसटीआई की ओर से कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। लार्सन एड दुणे एलएनटी एक भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो ईपीसी प्रोजेक्ट्स, हाईटेक विनिर्माण और सेवाओं में लगी हुई है। यह दुनिया भर के70 से अधिक देशों में संचालित होता है। छात्रों को भविष्य निर्माण के लिए यह एक अच्छी कंपनी है।एलएनटी ,सीएसटीआई का कैम्पस बिरसा विकास आईटीआई में आना सौभाग्य की बात है। उद्घाटन कंपनी असिस्टेंट मेनेजर अस्वत अरूण शेट्टी, टेक्निकल हेड चंद्रशेखर, केंद्र संचालक शैलेश कुमार प्राचार्य शीला कुमारी ने संयुका रूप से किया। अरुण शेटटी ने कहा युवाओं के समक्ष बेरोजगारी की समस्या विकट बनी हुई है, कैंपस सलेक्शन बेरोजगारी की समस्या को सुलझाने में लाभकारी साबित हो रहा है। युवाओं के पास बेहतर विकल्प होते हैं। संचालक शैलेश कुमार ने कहा संस्थान अब

तक सैकडों युवाओं को कैंपस के जरिये नियोजन प्रदान कर चुका है। बढ़ रही बेरोजगारी की समस्या को कम करना ही संस्थान का लक्ष्य है। विद्यार्थियों के सहयोग से हम कामयाब भी हो रहे हैं। संस्थान में लगातार नामी-गिरामी कंपनी कैंपस के लिए आ रही है। यह बोकारो के लिए फक्र की बात है। छात्रों के कार्यकुशलता की देखते हुए कंपनी पदोन्नति भी देती है साथ ही सरकार द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं भी छात्रो को दिया जाता है। विद्यार्थियों के लिए कैंपस एक अच्छा प्लेटफार्म साबित होगा। संस्थान के प्राचार्य शीला कुमारी ने कहा कि हमारे संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों की हमारे अनुदेशक के द्वारा बेहतर प्रशिक्षण दिया जाता है। इस वजह से नामी कंपनियों कैंपस के लिए जाती है। यहाँ से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लगभग छात्र कहीं ना कहीं नियुक्त है। कैंपस में 46 इलेक्ट्रीशियन, 28 फीटर, 1 वेल्डर पद के लिए युवाओं का चयन अंतिम प्रकिया के बाद किया गया। कैम्पस प्रकिया में लगभग 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मौके पर मिराज, सुनील कुमार साहु, प्रमोद कुमार, प्रमोद कुमार गोप, अमर दत्ता के एन प्रसाद, श्रवण कुमार, चन्द्र भूषण, निमाई सेन आदि मौजूद थे।

## थोड़ी सी सावधानी से रोकी जा सकती है आग की विभीषिका- बिमल चंद्र मांझी

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता कोडरमा** चाराडीह स्थित बी आर इंटरनेशनल स्कूल में अग्निशमन विभाग के जिला अधिकारी बिमल चंद्र मांझी तथा उनके सहयोगी दलों हेमन्त कांडूला के द्वारा विद्यालय के सभी छात्रों शिक्षकों एवं कर्मियों को आग से होने वाले दुर्घटना से बचने के लिए एवं आग पर काबू पाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।वहीं उपस्थित विद्यालय के निदेशक श्री ओपी राय अधिकारियों को सम्मान के लिए मेमोंटे भेंट किया।फायर ब्रिगेड का यह कार्यक्रम अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत किया गया । जिसमें सबों को आग पर काबू पाने एवं अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के क्रम में फायर ब्रिगेड ऑफिसर बिमल चंद्र मांझी ने बताया कि हम सबों के छोटी सी गलतियों के कारण आग से बड़ी बड़ी दुर्घटनाएं होती है इसलिए हमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लोग अग्नि से होने वाले घटनाओं में ज्यादा पैनिक हो जाते हैं जबकि उस समय अपने को संयमित कर आग पर काबू पाने के लिए कार्य करनी चाहिए।कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक ओपी राय प्रशासक सुनील कुमार शिक्षक ताबरक अंसारी केदार साव कमलेश कुमार नागेंद्र सिंह शिवम सिंह शाहिस्ता परवीन मनीष कुमार बिनोद सिंह समेत सभी शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा घोषित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में श्री महेश एकेडमी, डोमचांच के सभी 46 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** डोमचांच झारखण्ड अधिविध परिषद,रांची द्वारा घोषित माध्यमिक परीक्षा में श्री महेश एकेडमी के 46 छात्र ङ्क छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर विद्यालय और अपने माता पिता के साथ समाज का नाम रोशन किया। वही विद्यालय के निदेशक सुनील सिन्हा ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए अपने आशीर्वचन दिए और कहा की प्रोत्साहन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को मजबूत बनाने में मदद करता है, जो किसी के व्यक्तिगत और शैक्षणिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। प्राचार्य रीना दराद ने परिणाम में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं दिये। साथ ही उन्होंने कहा की अच्छे रिजल्ट के साथ परीक्षा पास करना, किसी के भी करियर में होने वाली सबसे अच्छी चीजों में से एक होती है। एग्जाम पास करना सफलता का एक क्षण है जो अच्छे से पढाई करने के बाद मिलती है। आपकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने आपको परीक्षा में टॉप करने में मदद की। अभिभावकों को आग्रह करते हुए बच्चों को पढ़ाई के प्रति रुचि लाने व एकाग्र होकर आगे के वर्ग में पढ़ने की सलाह दिए। उपस्थित विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिका ने सभी बच्चों को शानदार रिजल्ट के लिए बधाई तथा शुभकामनाएं दिए।

## गर्मी से स्कूली बच्चे हुए हलकान,क्योंकि चिलचिलाती धूप कर रही है उन्हें परेशान,

**गोमिया।** जिले के तापमान में लगातार उछाल जारी है। भीषण गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है। पारा 42 डिग्री सेल्सियस को छू चुका है।

गर्मी की तपिश बढ़ने के साथ ही स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ गई है।तेज धूप और उमस भरी गर्मी के साथ लू के प्रकोप से बच्चों को कई तरह की परेशानियां हो रही है। गर्मी और चिलचिलाती धूप की वजह से कई बच्चे बीमार पड़ जा रहे हैं। ऐसे में कई अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल के लिए घर से बाहर निकालना पसंद नहीं कर रहे है। स्कूलों की टाइमिंग इस कदर है कि बच्चों को छुट्टी से घर लौटते समय भीषण गर्मी का शिकार होना पड़ रहा है। गर्मी से सबसे अधिक हलकान सरकारी स्कूलों के बच्चे हो रहे हैं। खासकर छोटी कक्षाओं के बच्चों को तो अभिभावक खुद स्कूल छोड़ने व लाने जा रहे हैं। वहीं निजी स्कूलों में बस सुविधा होने के कारण बच्चों का धूप से बचाव तो हो जाता है लेकिन दोपहर के समय गर्म हवा की चपेट में वे भी आ रहे हैं। जिले के सभी सरकारी स्कूलों का समय सारिणी सुबह सात बजे से दोपहर के एक बजे तक का है। सुबह के समय बच्चे तो स्कूलों में आ जाते हैं, परन्तु दोपहर के समय छुट्टी होने पर बच्चों को अपने घर वापस लौटने में काफी परेशानी हो रही है।बच्चे स्कूल से लौटते वक्त भीषण गर्मी से अपने आप को बचाने के लिए छाता,गमछा, तौलिया आदि का इश्तेमाल कर रहे हैं, इसके बावजूद भी बच्चे गर्मी से काफी हलकान हो रहे हैं। इस संबंध में होसिर के पूर्व मुखिया घनश्याम राम सहित कई अभिभावकों ने स्कूलों के समय सारिणी में बदलाव की मांग की है।

## चेन्नई कमाने गए मजदूर का शव पहुंचा घर

**नावा बाजार पलामू** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय के मीर मुहल्ला निवासी मुमताज खान एक माह पूर्व मजदूरी करने चेन्नई गया था जहां सेटिंग कार्य चल रहे क्वार्टर स्थित रात्रि में 3 दिन पूर्व मुमताज खान का दिल का दौरा बढ़ जाने से अचानक मौत हो गई ।

मौत के बाद परिजनों को सूचना दी गई तब नावा बाजार के स्थानीय लोगों के पहल एवं नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार द्वारा शव को अपने पैतृक निवास एंबुलेंस से शुक्रवार को पहुंचा। जहां स्थानीय कब्रिस्तान में मुमताज खान का शव का खाक-ए - सुपुर्द किया गया। उक्त मौके पर नावा बाजार पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम उपप्रमुख मिर खुर्शीद आलम एवं कांग्रेस युवा जिला सचिव मीर आरिज आलम पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया ।मुमताज खान अपने पीछे पत्नी सहित तीन पुत्री छोड़ गए।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर,कार्यक्रम स्थल पर लगाए जा रहे हैं पंडाल

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी तिलैया -** शहर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव सह 43 वां वार्षिकोत्सव की तैयारी जोरों पर है।बता दे कि मंडल के द्वारा 22 व 23 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम से श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया सह मंडल का 43 वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा व सचिव विक्की केसरी ने बताया कि 22 अप्रैल को सुबह 7-00 बजे स्टेशन रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल श्री केदारनाथ राम गोपाल जी की फैक्ट्री अड्डी बंगला रोड पहुंचेगी। उसके बाद सस्वर सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। इसके बाद सवा 25 घंटे का भजनों का कार्यक्रम शुरू होगा। इस कार्यक्रम में सबसे पहले श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। ततपश्चात शहर की विभिन्न भजन मंडलियों के द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएंगे। वहीं बाहरी कलाकार में दीपक अरोरा, अभिषेक सिंगल आदि कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस जन्मोत्सव में सवा मनी प्रसाद,फल प्रसाद और पेड़ा प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। उन्होंने आम जन से अपील की है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंडल के सभी सदस्य तन-मन-धन से लगे हुए हैं।

## तेज रफ्तार हईवा अनियंत्रित होकर पलटी

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** डोमचांच प्रखंड के मसमोहना रोड में एक हाईवा पलट जाने से बाल-बाल बचे । चालक राकेश मेहता उम्र लगभग 28 वर्ष को मामूली चोट आई बताया जा रहा है कि यह हाईवा फुलवरिया के बहादुर मेहता का है7 गिट्टी लोड तेज रफ्तार हईवा जयनगर जा रहा था दूसरे तरफ टाटा मैजिक गाड़ी या रही थी मैजिक को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार हाईवे अनियंत्रित होकर पलट गई।

## जिले में प्रथम तथा राज्य में नवां स्थान प्राप्त कर निखिल ने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम किया रोशन

### केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दी बधाई

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

जयनगर तेतरौन में रोड स्थित बाघमारा आदर्श शिशु प्लस टू हाई स्कूल बाघमारा के दो छात्र एवं एक छात्रा ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में रिकॉर्ड अंक लाकर विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। अपने सभी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया रिकॉर्ड कायम किया है। विद्यालय का निखिल कुमार ठाकुर 486 अंक लाकर जिला टॉप तथा राज्य में नौवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम बढ़ाया है। इसी विद्यालय के अभिषेक कुमार पांडेय 483 अंक लाकर जिले में तीसरा स्थान, सुमन कुमारी 477 अंक लाकर जिले में पांचवा स्थान तथा नीतीश कुमार पंडित 473 अंक लाकर जिले में नौवां स्थान प्राप्त किया है। सभी सफलता प्राप्त विद्यार्थियों ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा के शिक्षकों तथा अपने मित्रों को दिया है। विद्यालय की निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि यह विद्यालय प्रारंभ काल से ही शिक्षा के क्षेत्र में अपना अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। विद्यालय शुरुआत से लेकर वर्तमान तक बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले में अव्वल स्थान लाता रहा है। इन्होंने सफलता प्राप्त किये सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। बताते चलें कि इस वर्ष कुल 184 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें 130 विद्यार्थियों ने 400 से ऊपर अंक प्राप्त किया है। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यार्थियों के सफलता पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी विधायक अमित कुमार यादव, कोडरमा विधायक नीरा यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, प्रमुख अंजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बिंदेश्वरी प्रसाद बिहारी पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम देवनारायण यादव, शिक्षाविद डॉक्टर बैजनाथ प्रसाद बरनवाल, रूपायडीह पंचायत के मुखिया गणपत यादव ,विद्यालय के प्राचार्य दशरथ प्रसाद राणा, कन्हाई चंद्र यादव ,हीरामन मिस्त्री, अर्जुन चौधरी, नीलकंठ बरनवाल ,वासुदेव गोप नेशनल पब्लिक उच्च विद्यालय के डायरेक्टर,मुस्ताक खान, बीएसभी स्कूल का डायरेक्टर सह प्रिंसिपल विवेकानंद कश्यप, ज्ञान भारती उच्च विद्यालय के डायरेक्टर अरुण यादव, अप्रिशिएबल स्कूल का डायरेक्टर मुंशी यादव बिरसा प्लस टू उच्च विद्यालय के डायरेक्टर रामनारायण यादव पुनीत यादव तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# 'इसलिए' लोगों को पसंद हैं नरेन्द्र मोदी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**डेमोक्रेसी के नए रूप ऑटोक्रेसी में एक ही चेहरा-एक ही नाम पर लड़ा जाता है। इस लोकसभा चुनाव में भी यही हालात है। कहने को भले ही यह कहा जा रहा है कि 2024 के चुनाव की दशा और दिशा नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, एमके स्टालिन, तेजस्वी यादव, असदुद्दीन औवेसी तय करने वाले हैं। मगर जमीनी हकीकत तो यह है कि 2024 का चुनाव एक ही चेहरा-एक ही नाम नरेन्द्र मोदी के इर्द-गिर्द है। नरेन्द्र मोदी बनाम समूचा विपक्ष चुनाव आकार ले चुका है।**

देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में फरवरी में आई अमेरिकी थिंकटैंक प्यू रिसर्च सेंटर की लोकतांत्रिक देशों को लेकर जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट समीचीन हो गई है। यह रिपोर्ट कुछ लोगों के लिए चौंकाने वाली हो सकती है। वह इसलिए कि देशवासियों को डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल अधिक लुभा रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार देश की लोकतांत्रिक सरकार की कार्य व्यवस्था को लेकर स्वीडन के बाद दूसरे नंबर पर भारत के लोग संतुष्ट है। स्वीडन में जहां 75 फीसदी लोग वहां लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर तरीके से संतुष्ट हैं वहीं भारत में 72 प्रतिशत लोग लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर-तरीकों को पसंद करते हैं। इस साल भारत समेत दुनिया के करीब 50 देशों में चुनाव होने जा रहे हैं। इस मायने में 24 देशों में किया गया यह सर्वेक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर खास महत्व रखता है। मजे की बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल देशों में केवल 33 फीसदी अमेरिकी ही अपने यहां की लोकतांत्रिक सरकार के कार्य करने की व्यवस्था को लेकर संतुष्ट है। खैर यह तो अलग बात हुई। मगर सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि दुनिया के अधिकांश देशों की आम जनता बोल्ड निर्णय करने वाले नेता को अधिक पसंद करने लगी है। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। 2017 में 55 प्रतिशत देशवासी ऑटोक्रेसी को पसंद करते थे। अब उसका ग्राफ तेजी से बढ़ा है। आज 67 प्रतिशत लोगों को ऑटोक्रेसी (अधिनायकवादी नेता) पर अधिक विश्वास है। ऑटोक्रेसी पर विश्वास बढ़ने वाले देशों में भारत के अलावा केन्या, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, पोलैंड सहित कई देश हैं। सर्वेक्षण में शामिल 24 में से आठ देशों में ऑटोक्रेसी के प्रति रुझान बढ़ा है।

दरअसल लोग निर्णय करने वाले नेता को पसंद करते हैं। कुछ करने का जज्बा ही देशवासी नेता में खोजते हैं। विपक्ष के लाख आरोप-प्रत्यारोपों के बीच नरेन्द्र मोदी पिछले दो चुनाव में लगातार जनता की पसंद बने रहे और 2024 का चुनाव भी लगभग उसी दिशा में बढ़ रहा है। विपक्षी दल मुद्दे

बनाने के प्रयास करते हैं पर वहीं मुद्दे सेल्फ गोल में परिवर्तित होने लगते हैं। हालिया इलेक्शन बॉन्ड को लेकर जिस तरह से भाजपा को घेरने का प्रयास किया गया वह अभी तक तो सिरे नहीं चढ़ता नहीं नजर आ रहा है। समझने वाली एक महत्वपूर्ण बात यह हो जाती है कि चंदा देने वाले कौन हैं? साफ है पैसे वाले अमीर लोग। इलेक्शन बॉण्ड में पैसा तो अमीर लोगों से आ रहा है और उनका प्रतिशत इतना नहीं है कि वह चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सके। इसके विपरीत सत्तारूढ़ दल को गरीब आम मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है। यानी कि इसे मुद्दा बनाने के बावजूद नरेन्द्र मोदी या भाजपा आम मतदाता को अपने पक्ष में साधने में पूरी तरह सफल है। दूसरा यह कि कोई भी पार्टी हो उसके अधिकांश टिकट पैसे वाले लोगों को ही मिलते हैं।

जहां तक लोकतंत्र के ऑटोक्रेसी मॉडल की बात है आज नरेन्द्र मोदी पर यह आरोप खुले आम विपक्ष लगाता आ रहा है पर विगत के पन्ने खोलें तो नरेन्द्र मोदी का गुजरात मॉडल ही उन्हें केन्द्र की सत्ता दिलाने में सहायक रहा है। दरअसल देश को हमेशा सख्त मिजाज मजबूत नेता की आवश्यकता महसूस होती रही है। किसी भी दल से सख्त मिजाज नेता सामने आया है तो आमजन ने उसे हाथों हाथ लिया है। नेहरू को उस समय के संदर्भ में लोगों द्वारा महत्व दिया गया तो नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री को ईमानदार और दबंग नेता के रूप में आज भी याद किया जाता है। जय जवान-जय किसान जो आज एक कदम आगे बढ़कर जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान हो गया है। 1971 की भारत-पाक लड़ाई और बांग्लादेश के गठन के चलते इंदिरा गांधी को देशवासियों ने सिर चढ़ाया।

इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में ऑटोक्रेसी को पसंद करने वाले लोगों की 12 प्रतिशत बढ़ोतरी से साफ समझ में आ जाना चाहिए कि लोग परिणाम पर नहीं जाते, आलोचना-प्रत्यालोचना को भी खारिज कर देते हैं जब कोई निर्णय लेने में हिचकता नहीं है। नरेन्द्र मोदी के पक्ष में यही बात जाती है। नरेन्द्र मोदी पर विपक्ष तानाशाही और जुमलेबाज जैसे आरोप लगाते हैं पर 2014 और 2019 के चुनाव परिणाम तो विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकार रहे हैं। 370, राम मंदिर, तीन तलाक, पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसे बोल्ड निर्णय और विदेशी नेताओं के बीच बॉस की भूमिका को देशवासी अपना गौरव समझने लगे हैं। दरअसल इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। यही कारण है कि यह चुनाव भी मोदी बनाम विपक्ष के बीच लड़ा जा रहा है। लोकसभा के पिछले दो चुनाव भी मोदी के नाम से ही लड़े गए और जनता ने भारी बहुमत देकर सब कुछ साफ कर दिया। कुछ समय पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी भाजपा ने क्षेत्रीय क्षत्रपों के स्थान पर मोदी की गारंटी के नाम से लड़े। परिणाम सामने हैं।

दरअसल डेमोक्रेसी के नए रूप ऑटोक्रेसी में एक ही चेहरा-एक ही नाम पर लड़ा जाता है। इस लोकसभा चुनाव में भी यही हालात है। कहने को भले ही यह कहा जा रहा है कि 2024 के चुनाव की दशा और दिशा नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, एमके स्टालिन, तेजस्वी यादव, असदुद्दीन औवेसी तय करने वाले हैं। मगर जमीनी हकीकत तो यह है कि 2024 का चुनाव एक ही चेहरा-एक ही नाम नरेन्द्र मोदी के इर्द-गिर्द है। नरेन्द्र मोदी बनाम समूचा विपक्ष चुनाव आकार ले चुका है। पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। अब राजनीतिक दलों को यह समझ लेना होगा कि आमजन को मुखर और निर्णय लेने की क्षमता वाला नेता चाहिए। सत्ता में आना है तो आमजन तक यह संदेश जाना जरूरी है। आज विपक्ष में ऐसा कोई नेता नजर नहीं आ रहा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

## उम्मीदों की संकल्प पत्र

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनात पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसे वे संकल्प पत्र कहते हैं। यह युवाओं, महिलाओं, किसानों व गरीबों पर केंद्रित है। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक का है। मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। पांच लाख तक मुफ्त इलाज जारी के रहने के साथ ही इसके दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आएंगे। पाइप के जरिए घर-घर गैस पहुंचाई जाएगी। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने व महिलाओं को लखपति दीद बनाने की भी बात दोहराई। उन्होंने का जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूजता है।गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रहने की बात भी उन्होंने की। विपक्ष ने इसे भाजपा का केंद्र से विदाई का घोषणापत्र बताया। एक राष्ट्र-एक चुनाव समान नागरिक संहिता लाने जैसे मुद्दों को दोहराने के साथ ही भाजपा ने तीन तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बना मर अपना वायदा निभाने की गारंटी देने का प्रयास भी किया है। घोषणा पत्र की अमूमन बातें प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले ही करते रहे हैं।

इसलिए इसमें कुछ नया तो नहीं कहा जा सकता। मुफ्त योजनाओं के जारी रखने की बात से जनता को यह आासन जरूर मिल जाता है कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी इन्हें बंद नहीं कर देगी।कांग्रेस अपने घोषणा को न्याय पत्र का नाम देकर इसी रास्ते पर नजर आ रही है। पार्टी ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण, गरीब लड़कियों को आर्थिक मदद, मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, युवा-नारी-किसान-श्रमिक-आर्थिक व पर्यावरणीय न्याय के बूते सभी को समेटने के प्रयास किया है। यह सच है कि मतदाता को लुभाने वाले ये घोषणा पत्र कुछ तक प्रभावी होते हैं। मगर देश में इस वक्त युवा मतदाताओं की बढती दर ने राजनीतिक दलों को संकट में ला खड़ा किया है।इस नए मतदाता को प्रभावित करना उतना आसान भी नहीं है। जिन्हें शिक्षा, रोजगार व बेहतर भविष्य की आशाएं हैं। काफी हद तक वे मुफ्त योजनाओं व बड़े-बड़े वायदों से प्रभावित हुए बगैर नहीं रह सकते। मगर उनके भीतर अपने बेहतर भविष्य व सुकून भरे जीवन को लेकर आस्त रहने के सवाल भी हैं। राजनीतिक पार्टियां घोषणाएं कितनी भी कर लें मगर सच तो यह है कि मतदाता को प्रभावित कर पाना आसान भी नहीं है। इनका भरोसा जीतना वाकई दुष्कर कार्य है।

## चिंतन-मनन

## भौतिकवाद से उपजी दुर्गति

ऊंचा महल खड़ा करने के लिए किसी दूसरी जगह गड्ढे बनाने पड़ते हैं। मिट्टी, पत्थर, चूना आदि जमीन को खोदकर ही निकाला जाता है। एक जगह टीला बनता है तो दूसरी जगह खाई बनती है। संसार में दरिद्रों, अशिक्षितों, दुःखियों, पिछड़ों की विपुल संख्या देखते हुए विचार उठता है कि उत्पादित सम्पदा यदि सभी में बंट गई होती तो सभी लगभग समान स्तर का जीवन जी रहे होते।

अभाव एक ही कारण उत्पन्न हुआ है कि कुछ लोगों ने अधिक बटोरने की विज्ञान एवं प्रत्यक्षवाद की विनिर्मित मान्यता के अनुरूप यह उचित समझा है कि नीति, धर्म, कर्त्तव्य, शालीनता, समता, परमार्थ परायणता जैसे उन अनुबंधों को मानने से इंकार कर दिया जाए जो पिछली पीढ़ियों में आस्तिकता और धार्मिकता के आधार पर आवश्यक माने जाते थे। पशुओं को जब नीतिवान परोपकारी बनाने के लिए बाधित नहीं किया जा सका, तो बन्दर से मानव रूप में विकसित मनुष्य को यह किस आधार पर समझाया जा सके कि उसे उपार्जन तो करना चाहिए पर उसको उपभोग में ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए।

विज्ञान के साथ सज्ञान का समावेश यदि रह सका होता तो भौतिक और आत्मिक सिद्धान्तों पर आधारित प्रगति का लाभ हर किसी को समान रूप से मिलता पर किया क्या जाए? भौतिक विज्ञान जहां शक्ति व सुविधा प्रदान करता है, वहीं प्रत्यक्षवादी मान्यताएं नीति, धर्म, संयम, स्नेह, कर्त्तव्य आदि को झुठला देती हैं। ऐसी दशा में उद्दंडता अपनाए हुए समर्थ का दैत्य-दानव बन जाना स्वाभाविक है।

औद्योगीकरण के नाम पर बने कारखानों ने संसार भर में वायु और जल प्रदूषण भर दिया है। ऊर्जा के अत्यधिक उपयोग ने संसार का तापमान इतना बढ़ा दिया है कि हिम प्रदेश पिघल जाने पर समुद्रों में बाढ़ आने और ओजोन

# इजराइल का ईरान पर हमला विश्व में मचेगा हाहाकार



सनत जैन

इजरायल ने ईरान के ऊपर जबाबी हमला कर दिया है। इस जवाबी हमले के बाद सारी दुनिया के देशों में हाहाकार मचना तय है। इजराइल ने ईरान के कई शहरों और एयरपोर्ट पर खतरनाक मिसाइलों से हमला किया है। ईरान के इसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया है। यहीं पर ईरान की न्यूक्लियर साइड भी मौजूद है। इस हमले के दो महत्वपूर्ण प्रभाव सारी दुनिया के देशों में होंगे। पहला कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से तेल के दाम बड़ी तेजी के साथ बढ़ेंगे। इसमें दुनिया के वह देश जो इस लड़ाई में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हैं, उनके ऊपर भी इस युद्ध का असर होगा। दूसरा जो देश प्रत्यक्ष रूप से इस युद्ध में भाग लेंगे या समर्थन दे रहे हैं उन देशों को भी इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत के लिए यह बड़ी चिंता का विषय है। भारत के संबंध ईरान और इजराइल दोनों के साथ हैं। गुरुवार की रात को इजराइल ने ईरान के इसाफन प्रांत में हमला किया है। यहां पर ईरान के परमाणु ठिकाने और यूरेनियम संवर्धन प्रमुख केंद्र हैं। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव का मामला संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भी उठा था। सुरक्षा परिषद भी दोनों देशों के तनाव को कम करने में कोई सार्थक भूमिका नहीं निभा पाई। इजराइल के जवाबी हमला करने के बाद भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टि से बड़ा नुकसान होना तय है। ईरान की फौज ने इजराइल का एक माल वाहक जहाज जप्त करके रखा है। इसमें 25 चालक दल में 17 भारतीय थे। ईरान ने मात्र एक महिला चालक को छोड़ा है। शेष सभी ईरान की हिरासत में हैं। इजराइल और ईरान लंबे समय से एक दूसरे के ऊपर छुटपुट हमले करते रहे हैं। लेकिन अब इस युद्ध में अमेरिका, यूरोपीय देशों के साथ-साथ रूस और चीन भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस कारण तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बन गई है। 1 अप्रैल को इजराइलियों ने दमिशक में एक ईरानी काउंसलेट पर हमला किया था। इस हमले में ईरान के साथ वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। इस हमले के बाद ईरान को इजराइल के खिलाफ सीधी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। बदले में गुरुवार की रात इजराइल ने भी ईरान पर सीधा जबाबी हमला कर दिया है। जिसके कारण सारी दुनिया के देशों में तनाव की स्थिति बन गई है। ईरान के हमले से बचाव के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जॉर्डन और सऊदी अरब इजराइल की मदद में खड़े हुए हैं। दूसरी ओर ईरान की सहायता के लिए रूस और चीन खुलकर सामने आ गए हैं। इजराइल द्वारा गाजा में जिस तरीके का विनाश हमास से युद्ध करने के नाम पर फिलिस्तीनी नागरिकों का किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद की बात को इजराइल ने नहीं माना। उसके बाद से ही स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती चली जा रही है। 7 अक्टूबर को इजराइल ने हमास के ऊपर हमला किया था। उसके बाद भारत ने सऊदी अरब, ईरान, इजराइल, मिश्र और फिलिस्तीन के नेताओं से युद्ध को रोकने के लिए अपने स्तर पर सभी ने प्रयास किए, लेकिन भारत के कोई भी प्रयास सफल नहीं हुए। इजराइल लगातार हमास पर हमला करता रहा। हजारों लोगों की मौत हो गई। अक्टूबर से अभी तक चल रहे इस युद्ध में इजराइल के हाथ भी कुछ नहीं आया है। फिलिस्तीन और गाजा में भारी नुकसान हुआ। वहां की आम जनता को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। ऐसा नरसंहार इसके पहले कभी दुनिया के किसी भी देश में देखने को नहीं मिला। इजराइल और हमास के युद्ध में एक साथ हजारों बच्चों और महिलाओं की मौत हुई है। वहां पर भुखमरी फैली हुई है। रेड क्रॉस और अन्य संस्थाएं वहां मदद नहीं पहुंचा पा रही हैं। भारत के ईरान और इजरायल के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत ने इजराइल से 2। 9 अरब डालर मूल्य के मिसाइल, रडार, निगरानी ड्रोन, लड़ाकू विमान इत्यादि खरीदे हैं। अमेरिका का प्रतिबंध होते हुए भी भारत ने तेल, गैस ईरान से बड़ी मात्रा में खरीदा है। ईरान से कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक भारत है। जिस तरह से ईरान और इजरायल एक दूसरे के ऊपर हमले कर रहे हैं। इसका बड़ा असर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर होगा। कच्चे तेल और गैस की कीमतें बड़ी तेजी के साथ बढ़ सकती हैं। इसका असर सारी दुनिया के देशों में होगा। जल मार्ग भी बाधित होगा। जिसके कारण आयात और निर्यात को लेकर बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते हुए तनाव से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत हैं। आश्चर्य की बात यह है, कि संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं शांति बहाल करने में अपना योगदान नहीं दे पा रही हैं। इसने चिंता को और भी बढ़ा दिया है। यूक्रेन और रूस के बीच में पहले ही युद्ध चल रहा है इजराइल और हमास के बीच में भी पिछले 7 महीने से भयंकर युद्ध हो रहा है दुनिया के देश दो भागों में बट रहे हैं परमाणु हमले की आशंका जताई जा रही है ऐसी स्थिति में यदि तृतीय विश्व युद्ध हुआ तो यह अभी तक के विनाश का सबसे बड़ा कारण बनेगा। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के समय लड़ाई के इतने संसाधन और नए-नए तौर तरीके विकसित नहीं थे, लेकिन वर्तमान संदर्भ में एक से एक बढ़कर विनाशकारी हथियार दुनिया के अधिकतर देशों के पास हैं इससे स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# भारत का सकल घरेलू उत्पाद अगले 50 वर्षों में 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाने की सम्भावना

प्रहलाद सबनानी

गोल्डमेन सेच्स नामक अंतरराष्ट्रीय निवेश संस्थान ने अपने एक रिसर्च पेपर में बताया है कि आगे आने वाले 50 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। इस प्रकार भारत इस संदर्भ में अमेरिका को भी पीछे छोड़ते हुए विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक आदि विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने भी आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7.2 प्रतिशत रहने की प्रबल संभावनाएं जताईं हैं। जबकि, आज विश्व के कई देश, विशेष रूप से ब्रिटेन, जर्मनी आदि, आर्थिक संकुचन के दौर से गुजर रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध के चलते कई विकसित देश तो ऊर्जा की कमी के संकट से जूझ रहे हैं। भारत के विदेशमंत्री, डॉक्टर एस जयशंकर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के लगभग समस्त सशक्त देशों के साथ अच्छे सम्बंध बनाने में सफल रहे हैं। आज रूस को भी भारत की आवश्यकता है तो अमेरिका को भी। रूस, भारत को कच्चे तेल एवं सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में शस्त्र उपलब्ध कराता है। वर्ष 2022 में भारत ने रूस से 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सामान आयात किया था। वर्ष 2023 में यह बढ़कर 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर होने की प्रबल सम्भावना है। वहीं अमेरिका, भारत को अपना स्ट्रेटेजिक सहयोगी मानता है। आज विश्व की समस्त बड़ी शक्तियां भारत के साथ सौहार्द पूर्ण सम्बंध चाहती हैं। रूस, अमेरिका, यूरोपीयन देश एवं अरब देश भारत के साथ अपने व्यापार को विस्तार देना चाहते हैं। रूस भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो यूक्रेन भी। उधर इजराईल भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो इरान भी। भारत जी-20 समूह का सदस्य है तो भारत यू2आई2 एवं ब्रिक्स का भी सदस्य है। इस प्रकार कुल मिलाकर भारत का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। आज भारत के पास विश्व की चौथी सबसे बड़ी फौज है। पश्चिमी बॉर्डर पर चीन से युद्ध की स्थिति में भारत आज इससे निपटने को पूर्णतः तैयार है।

भारत के पास आज युवा जनबल है। भारत की 66 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष की कम आयु की है। 40 प्रतिशत जनसंख्या 13 से 35 वर्ष के बीच में है। भारत के पास 35 वर्ष से कम आयु की जनसंख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। इसके विपरीत चीन, जापान, इटली, फ्रान्स आदि कई देशों की जनसंख्या अब धीमे धीमे कम हो रही है। इन देशों में आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने के लिए आज युवाओं की सख्त आवश्यकता है जो पूरे विश्व में केवल भारत ही उपलब्ध करा सकता है। वर्ष 2064 तक भारत की जनसंख्या बढ़ती रहेगी, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार वैश्विक स्तर पर भारत विश्व में विकास के इंजन के रूप में अपनी भूमिका लम्बे समय तक निभाता रहेगा।

उक्त संदर्भ में दूसरा सबसे बड़ा कारण बताया गया है, भारत में हाल ही के समय में किया गया डिजिटलीकरण। इससे देश के ग्रामीण इलाकों में भी नागरिकों की दक्षता एवं उत्पादकता बढ़ गई है। भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की वित्तीय एवं बैंकिंग संस्थानों द्वारा भरपूर आर्थिक सहायता की जा रही है इससे यह उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं एवं देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित कर रहे हैं। पूर्व में केवल बड़े उद्योगों को ही बैंकों द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती रही है परंतु भारत में अब यह ट्रेंड बदला है। कोविड महामारी के बाद से तो इस सम्बंध में बड़ा बदलाव देखने में आया है। डिजिटलीकरण के कारण छोटे छोटे व्यवसाईयों की क्रेडिट हिस्ट्री निर्मित हो रही है जिसके कारण बैंकों को इन छोटे छोटे व्यापारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में आसानी हो रही है। ह्यआधारह्न ने तो देश के समस्त नागरिकों की एक अलग पहचान ही बना दी है। यूपीआई प्लेटफोर्म ने भी इस संदर्भ में ग्रामीण इलाकों में रोकड़ के उपयोग को कम कर डिजिटल प्लेटफोर्म पर वित्तीय व्यवहारों को हस्तांतरित किया है। छोटे छोटे व्यवसाईयों, किसानों, सामान्य नागरिकों को भी वित्तीय प्लेटफोर्म पर लाने में यह डिजिटलीकरण बहुत सफल रहा है। इससे वित्तीय समावेशन का कार्य भी आसान बन पड़ा है। भारत में डिजिटल व्यवहारों की संख्या आज संयुक्त रूप से अमेरिका, चीन एवं यूरोप से भी अधिक है। जबकि अमेरिका, चीन एवं यूरोप के देश भारत से अधिक विकसित देश हैं। इससे यह झलकता है कि भारत ने डिजिटलीकरण के मामले में पूरे विश्व को पीछे छोड़ दिया है। अब तो भारत का यूपीआई सिस्टम अमेरिका के स्विफ्ट पेमेंट सिस्टम को भी पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर डिजिटलीकरण के मामले में अपनी धाक जमाने की ओर आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत का यूपीआई सिस्टम सिंगापुर, फ्रान्स, श्रीलंका एवं यूएई में लागू किया जा चुका है। भारत के प्रधानमंत्री ने फ्रान्स में भारतीय यूपीआई सिस्टम का उद्घाटन किया था, ताकि फ्रान्स में जाने वाले पर्यटक यूपीआई सिस्टम के माध्यम से फ्रान्स में वित्तीय व्यवहार कर सकें। न्यूजीलैंड में भी यूपीआई को लागू किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

उक्त संदर्भ में तीसरा सबसे बड़ा कारण है चीन के, विस्तरवादी नीतियों के चलते, विश्व के अन्य देशों के साथ लगातार खराब होते सम्बंध। आज विश्व के कई देश चीन के साथ आर्थिक व्यवहार करने से कतराने लगे हैं। यह स्थिति भारत के आर्थिक विकास को गति दे सकती है क्योंकि चीन+1 की नीति का अनुपालन विश्व के कई विकसित देश आज करने लगे हैं एवं ये देश भारत में विनिर्माण के क्षेत्र में अपनी इकाईयों को स्थापित करते जा रहे हैं। ताईवान आदि देशों पर चीन की नीति की पूरे विश्व में भर्त्सना हो रही है। चीन के अपने बॉर्डर पर लगने वाले लगभग समस्त देशों के साथ चीन के सम्बंध अच्छे नहीं हैं। इन देशों का चीन पर अब भरोसा समाप्त सा होता जा रहा है। ऐपल एवं टेस्ला जैसी कम्पनियां अब भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित कर रही हैं। ऐपल ने तो अपने आईफोन-15 का उत्पादन भारत में चालू भी कर दिया है। इससे भारत में न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि विदेशी निवेश भी बढ़ रहा है। आज भारत में विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास रिकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। साथ ही, आज भारत का पूंजी बाजार (स्टॉक मार्केट) विश्व में चौथे स्थान

पर आ गया है।

भारत द्वारा अपने बुनियादी ढांचे को विकसित करने में भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का बजट बुनियादी ढांचे के लिए निर्धारित किया गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि इस मद पर खर्च की गई थी। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, जम्मू कश्मीर जैसे अन्य कई धार्मिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है ताकि धार्मिक पर्यटन को भारत में बढ़ावा दिया जा सके। इन शहरों के बुनियादी ढांचे का अतुलनीय विकास किया जा रहा है। जिससे रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। एयरपोर्ट की संख्या पिछले 10 वर्षों में दुगने से भी अधिक होकर 150 तक पहुंच गई है और इसे वर्ष 2025 तक 200 की संख्या तक ले जाया जा रहा है। रेल्वे का विद्युतीकरण किया गया है। रेलगाड़ियों की स्पीड बढ़ाई गई है, जिससे देश में कार्यक्षमता के स्तर में सुधार हो रहा है। भारत के बड़े शहरों में मेट्रो रेल का जाल बिछाया जा रहा है। आज भारत का रोड नेट्वर्क चीन से भी अधिक होकर विश्व में केवल अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है। भारत सरकार की वर्ष 2024 से वर्ष 2030 के बीच देश के बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि खर्च करने की योजना है। इस प्रकार भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, ऐसी सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है।

# शालिनी भगत बनी डुमरी प्रखंड टॉपर, जिले में टॉप टेने में जगह बनाई

**डुमरी (गुमला) =** मैट्रिक परीक्षा में जनता हाई स्कूल नवाडीह की छात्रा शालिनी भगत ने 94.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी। साथ ही उसने जिला के टॉप टेन टॉपर की लिस्ट में नौवा स्थान हासिल किया है। अनस आलम 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रखंड के सेकेंड टॉपर बने। इस बार जनता उच्च विद्यालय नवाडीह से 185 छात्र - छात्राएँ मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें 108 छात्रों ने प्रथम श्रेणी तथा 64 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुए । उच्च विद्यालय के टेन टॉपर के रूप में शालिनी भगत 94.6 प्रतिशत, अनस आलम 93.4 प्रतिशत , आराधना टोप्पो 87.4 प्रतिशत , रितु कुमारी 84.2 प्रतिशत , खुशबू 84.2 प्रतिशत , अर्पण रोमी बड़ा 81.40 प्रतिशत , महंती कुमारी 812 प्रतिशत , कुणाल कुमार 80.4 प्रतिशत , वंदना कुमारी 79.4 प्रतिशत , राजेंद्र महतो 79.2 प्रतिशत , विल्सन इक्का 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टापर रहें। विद्यालय परिवार ने उन सभी सफल परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को इस सफलता पर बधाई दी है।

**हाई स्कूल रजावल डुमरी का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत**

डुमरी प्रखंड स्थित उच्च विद्यालय रजावल के झारखंड मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में 159 छात्र छात्राए शामिल हुए थे । जिसमें प्रथम श्रेणी से 59 तथा द्वितीय श्रेणी में 94 छात्र छात्राए उत्तीर्ण हुए । उच्च विद्यालय के टेन टॉपर के रूप में रूपेश रुपेश अहीर प्राप्त अंक 384, शंकर प्रसाद 383, सूरजमणि कुमारी 375, रूपाली कुमारी 372, एनोरा तिर्की 353,लिलिता कुमारी 352, रूपवती कुमारी 352, सोनालिका हूरहुरिया 351, मोहित कुमार 347, अंकिता किंडो 342 अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहें। बोर्ड परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को प्रधानाध्यापक फादर इलियास मिंज ,फादर एडवर्ड लकड़ा ,सुशील लकड़ा ,नीलम अनुरानी बाड़ा ,अर्जुन प्रसाद ,राजेश तिर्की ,बिमल एक्का ,अमीना किड़ो ,एलिस एक्का,पियूष एक्का ,फ्रैंकलिन कुजूर ने बधाई दी है । इसी प्रकार डुमरी राजकीय कृत प्लस 2 उच्च विद्यालय टांगरडीह डुमरी का रिजल्ट संतोषजनक रहा। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में कुल 57 छात्र छात्राए शामिल हुए थे । जिसमें संकेत लकड़ा 77.4 प्रतिशत, मनीषा कूमारी 73.4 प्रतिशत , सुनीता कुमारी 72 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय टॉपर बने । जिसमें प्रथम श्रेणी में 16, द्वितीय में 33, तृतीय में 1 उत्तीर्ण और सात छात्र अनुतीर्ण रहे । सभी उतीर्ण

विद्यार्थिओं को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी गई ।

## 97.40प्र. अंक लाकर कल्पना बनी आठवां स्टेट टापर

**प्रतापपुर (चतरा)।** घोर नक्सलवाद प्रभावित तथा गोलियों के तड़तड़ाहट से गुंजने वाला प्रतापपुर अब शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान बना रहा है।यहां के छात्र एवं छात्राएं तथा युवक एवं युवतियां सफलता के नये आयाम गढ़ रहे हैं। जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा का परिणाम शुक्रवार को जारी कर दिया गया।मुख्यालय निवासी विनय प्रसाद की पुत्री कल्पना कुमारी कुल (487) 97.40त्न अंक लाकर पूरे राज्य में आठवां स्थान प्राप्त की है।इसी के साथ वह प्रखंड टापर भी बनी।कल्पना कुमारी इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय हजारीबाग की छात्रा है।इसके अलावे प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय का छात्र अजय कुमार पिता ननकू यादव ने कुल (477) 95.40त्न अंक लाकर द्वितीय प्रखंड टापर बना।इसी विद्यालय का मन्टू कुमार पिता संतोष यादव कुल (459)91.80त्न अंक लाकर तृतीय,रोहित कुमार पिता संजय यादव कुल (455)91त्न लाकर चतुर्थ तथा योगेश कुमार पिता कुलदीप प्रजापति ने कुल (452)90.40त्न अंक लाकर पांचवा स्थान प्राप्त किया है।कल्पना कुमारी आगे चलकर आईएएस अफसर बनना चाहती है।उसने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत,गुरुजनों का मार्गदर्शन तथा माता पिता के आशीर्वाद को दिया है।

## इटखोरी चौक में राधा-रानी मॉल का जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काट किया शुभारंभ

**-व्यापार में और तरक्की और जीवन हो कुशल, जीप उपाध्यक्ष**

**चतरा,** जिले के इटखोरी चौक में राधा-रानी नामक कपड़े का मॉल का उद्घाटन भाजपा नेता सह जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काट कर किया। शुक्रवार को मॉल के संचालक ने अपनी प्रतिष्ठान को खूबसूरत तरीके से सजाया। इटखोरी का यह पहला बड़ा मॉल होगा। जिसमें साड़ी, सूट, जीन्स, पेंट शर्ट समेत बच्चो के लिए फैंसी ड्रेस का अनुपम संग्रह है। उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष ने मॉल संचालक को बधाई दी। उन्होंने कहा अपनी लगन और मेहनत का फल है। और तरक्की कीजिये इसके लिए माता भद्रकाली से कामना करते है। उद्घाटन से पूर्व पुजारी ने पूरे विधि-विधान के साथ मंत्रोचारण कर पूजा सम्पन कराई। उद्घाटन के मौके पर भाजपा नेता सतीश सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग पहुचें थे।

## जिले के 9,093 प्रवासी मजदूरों को जिले में आकर वोट देने हेतु स्वीप कोषांग के द्वारा भेजा जा रहा है आमंत्रण पत्र

**गुमला=**12 लोहरदगा ( अ. ज.जा. ) लोकसभा आम चुनाव के तहत 13 मई 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। इसे लेकर जिले के स्वीप कोषांग के द्वारा जिले के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करते हुए मतदाताओं को चुनाव के इस महापर्व में भाग लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, एवं प्रत्येक श्रेणी के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अलग अलग गतिवधि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुमला जिले के प्रवासी मजदूरों को भी जिले में 13 मई को होने वाले मतदान दिवस में आने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जिसके तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर स्वीप कोषांग के द्वारा सभी प्रवासी मजदूरों के लिए जो जिले से बाहर जाकर कार्य कर रहें है के लिए आमंत्रण पत्र बनाएं गए हैं जिसे सभी प्रवासी मजदूरों के पास वाट्सअप, ईमेल एवं उनके परिजनों एवं उनके एड्रेस पर आमंत्रण पत्र भेजे जाएंगे। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने जानकारी दी कि इस वर्ष प्राप्त सूचना के अनुसार जिले में कुल 9093 प्रवासी मजदूरों की सूची है जो जिले के बाहर एवं अन्य प्रखंडों में जाकर काम कर रहें है, ऐसे में चुनाव की तिथि के बारे में उन्हें अवगत कराना एवं जिले में 13 मई को मतदान के महापर्व में आमंत्रित करने हेतु आमंत्रण कार्ड बनाए गए हैं, जिसे सभी प्रखंड में भेज दिया गया है। बीएलओ के सहयोग से उक्त कार्ड को जिले के प्रवासी मजदूरों तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य है कि जिले के प्रवासी मजदूर भी मतदान की तिथि में जिला वापसी करें एवं अपने मतदान कर सकें।

## डुमरी में हो रहा है निर्माण कार्य में घटिया इंट का इस्तेमाल

**डुमरी (गुमला) =** विशेष प्रमंडल विभाग गुमला की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डुमरी के बाउंड्रीवॉल बनाया जा रहा है। मगर निर्माण कार्य की गुणवता सही नहीं है। इसमें सोलिंग कार्य में घटिया ईटों का प्रयोग किया जा रहा है । इस संबंध में विभाग के जेई मनीष कुमार ने बताया कि इस काम को गुमला के संवेदक अनमोल गुप्ता ने लिया है । निर्माण कार्य की प्राकल्लित राशि लगभग 4.50 लाख रुपए है । ग्रामीणों का कहना है कि बाउंड्रीवॉल कार्य में सोलिंग का कार्य किया जा रहा है जहां घटिया ईट का प्रयोग किया जा रहा है । सोलिंग के लिए रखी हुई ईटे छूने मात्र से भरभरा कर टूट जाती है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवता बनाये रखने और सही इंटों का प्रयोग करने की मांग की है।

# लोहरदगा उर्स लाइन बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा माही ठाकुर मैट्रिक में बनी जिला टॉपर

*** माही ठाकुर 97.80प्र. अंक लाकर झारखण्ड में छठे स्थान प्राप्त कर जिला का मान बढ़ाया**

*** डॉक्टर बन कर अंतिम व्यक्ति की सेवा करना चाहती हूँ- माही ठाकुर**

*** लोहरदगा की तनु राजमुखी इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय हजारीबाग से झारखण्ड में 5वाँ स्थान प्राप्त की है**

**लोहरदगा=**लोहरदगा उर्स लाइन बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा की माही ठाकुर ने 489 अंक लाकर जिला टॉपर बनी है। उनके पिता दिलीप ठाकुर तथा माता नीतू देवी बरवाटोली धोबी मोहल्ला लोहरदगा के निवासी हैं। उनके पिता जी सैलून चला कर बच्चों की पढ़ाई में कोई कोताही नहीं करते हैं, जबकि उनकी माता नीतू देवी का कहना है कि मेरे सभी बच्चों को पढ़ाई में कोई डिस्टर्ब नहीं होने देती हूँ।हमलोग सब बर्दास्त करते हैं। लेकिन बच्चों को पढ़ाई मे कमी नहीं होने देते है, वहीँ माही ठाकुर ने कही है की मै अपने पिता और माता की कठिन मेहनत से परिवार चलाने को देखती हूँ। इसलिए उनकी गरीबी को शिक्षा प्राप्त कर ही दूर कर सकती हूं। इसलिए अपनी पढ़ाई मै सेल्फ स्टडी करके पढ़ती हूं। मै डॉक्टर बन कर निचे गिरे समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करना चाहती हूं। प्राचार्य आश्रिता केरकेट्टा ने बताई की माही ठाकुर की लगानशिलता मेहनत देख कर स्कूल प्रबंधन हमेशा उन्हें प्रोत्साहित करता रहा है। 15 अगस्त को भी जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया था। बधाई देने वालों मे सिस्टर पुष्पा, सिस्टर मोदेस्ता, सिस्टर कुमुदनी,सिस्टर आशा, शिक्षक अजय प्रजापति, शेखर, अमन, अनूप, शिक्षिका अनीता, सरोज, हेमलता, स्नेहा, अनुपमा, खुशनुमा, नित्या आदि ने स्कूल और जिला के गर्व की बात कही है। वहीँ लोहरदगा सदर हॉस्पिटल लोहरदगा मे फरमासिस्ट पद पर कार्यरत राजेश्वर महतो एवं सदर हॉस्पिटल राँची मे नर्स ग्रेड ए मे कार्यरत विनदेशवारी की बेटी तनु राजमुखी ने इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय हजारीबाग से मैट्रिक मे पुरे झारखण्ड मे 5वाँ स्थान प्राप्त कर अपने माता पिता एवं जिला का सम्मान बढ़ाई है। ज्ञातव्य हो की तनु राजमुखी के दादा जी तमाड़ के मुक्तिपद महतो सेवानिवृत शिक्षक है।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रात्रि चौपाल का आयोजन

**टंडवा ।** प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौल उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार की देर शाम मतदाता जागरूकता को लेकर रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया । जिसमें शत प्रतिशत मतदान को लेकर प्रेरित किया गया और मतदाताओं को शपथ दिलाई गई ।इस अवसर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव ने मतदाताओं को लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए सभी मतदाताओं को मजबूत लोकतंत्र के लिए अपना मतदान कर राष्ट्र व लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहयोग करें । उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों व गांव में जीविका दीदीयों द्वारा रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर उप प्रमुख जितेन्द्र सिंह, स्थानीय मुखिया सुबेश राम, पंचायत सेवक जितेन्द्र सिंह, राहुल विश्वकर्मा,दिलिप गुप्ता,सहिया दीदी समेत अनेक लोग उपस्थित थे ।

# डीआईजी ने किया नक्सल प्रभावित बूथों का निरीक्षण, चुनाव तैयारी का लिया जायजा

*** चिन्हित बूथों पर जाने के लिए हेलीकॉप्टर का लिया जाएगा सहारा**

**लोहरदगा।** दक्षिणी छोटानागपुर के डीआईजी अनूप बिरथरे शुक्रवार को लोहरदगा पहुचे। इस दौरान डीआईजी ने जिले के एसपी हारिस बिन जमां सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ पेशरार थाना क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। साथ ही एसपी कार्यालय कक्ष में जिले के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोहरदगा जिले में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने की दिशा में पुलिस पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। डीआईजी अनूप बिरथरे ने सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमांडेंट तथा अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारी का अधतन स्थिति का जायजा लिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी हो चुकी है ऐसी स्थिति में लोहरदगा जिले के सुदूर वर्ती नक्सल प्रभावित पेशरार, केकरांग, कौवाडाढ़ इत्यादि बूथों का भ्रमण किया गया। इस क्रम में चुनाव के दौरान अर्धसैनिक बलों की ठहरने की व्यवस्था, जवानों के आने जाने की व्यवस्था तथा चुनाव के पश्चात इनकी वापस लौटते लौटते की क्या व्यवस्थाएं है इसकी बारीकी से समीक्षा करते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ

ही डीआईजी अनूप बिरथरे ने कहा की नॉन बेलेबल वारंट है उसे खत्म किया जाना है तथा लाइसेंसी हथियारों को जमा करने की कार्रवाई की जानी है। इसके अलावा अवैध हथियार को जप्त किया जाएगा। डीआईजी ने कहा कि जिले में कुछ ऐसे चिन्हित बूथ है जहां हेलीकॉप्टर के माध्यम से पार्टी चुनाव संपन्न करने जाएंगे उसकी तैयारी के संदर्भ में भी समीक्षा किया गया। और चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं निर्भीक माहौल में हो इस निमित जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी को के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## इस बार गुमला जिले में मैट्रिक परीक्षाओं में 91.86 फीसदी छात्र-छात्राएं हुए उत्तीर्ण, जिले ने राज्य में 7वां स्थान किया हासिल , उपायुक्त ने दी सफल अभ्यर्थियों को बधाई

**गुमला=** आज झारखण्ड अधिविद्य परिषद (छ्ष्ट) रांची द्वारा राज्य के सरकारी और सम्बद्ध निजी विद्यालयों में वर्ष 2023-24 के दौरान मैट्रिक (कक्षा 10) में पंजीकृत छात्र-छात्राओं के लिए इस साल 6 से 26 फरवरी 2024 तक आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम (Jharkhand Board 10th Result 2024) आज घोषित किए गए। इस बार की मैट्रिक परीक्षाओं में 90.39 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। वहीं गुमला जिले के छात्र छात्राओं के परिणाम ने पिछले वर्ष की तुलना में झारखंड राज्य में 17 वीं रैंक से 7 वे रैंक का सफर तय करते हुए राज्य में शिक्षा के स्तर में एक बेहतर उपलब्धि हासिल की है। इस बार की मैट्रिक परीक्षाओं में गुमला जिले में 91.86 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं जो कि राज्य के औसतन अंक से अधिक है, एवं गुमला जिले ने राज्य में 7वां स्थान हासिल किया। इस वर्ष जिले में 6557 छात्रों एवं 7373 छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में भाग लिया । जिसमें से कुल 2879 छात्र एवं 3679 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया तथा 47.078 प्रतिशत विद्यार्थियों ने इस बार मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं 2759 छात्र एवं 3021 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा 255 छात्र एवं 459 छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। गुमला जिले में 2023 में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के दिशा निर्देश से प्रारंभ हुए 'सिकछा कर भेंट' गतिविधि के तहत मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में सुधारात्मक परिणाम हेतु लगातार कई गतिविधि करते हुए विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को बेहतर करने का प्रयास किया गया । जिसके परिणाम स्वरूप राज्य स्तर में पिछले वर्षों को तुलना में जिले को एक अच्छी उपलब्धि प्राप्त हुई। इस मौके पर जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के सभी मैट्रिक के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को उनके उपलब्धि के लिए बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## ये हैं जिला के टॉप टेन टॉपर : सरस्वती विद्यामंदिर कुदरा सिसई की रिद्धिमा सिंह बनी गुमला जिला टॉपर

इस बार आर.एन,सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा सिसई की छात्रा रिद्धिमा सिंह पिता संजय सिंह ने 96.8 प्रतिशत ( प्राप्तांक 484 ) अंक प्राप्त कर गुमला जिला टॉपर होने का श्रेय प्राप्त किया। इसी प्रकार अपग्रेडेड हाई स्कूल टोटाम्बी (घाघरा) के अमित उरांव पिता परमेश्वर उरांव ने 95.8 प्रतिशत (प्राप्तांक 479) दुसरा जिला टॉपर बने। उर्सूलाईन कोन्वेंट गुमला की छात्रा रिद्धिमा कुमारी पिता मनोज सिंह ने 95.8 प्रतिशत ( प्राप्तांक 479 ) संयुक्त रूप से दुसरा टॉपर बनी। संत पात्रिक हाई स्कूल गुमला के सुरज कुमार पिता परमेश्वर साहु ने 95.4 प्रतिशत ( प्राप्तांक 477 ) व अपग्रेडेड हाई स्कूल पबेया भरनो के माही कुमारी पिता गणेश साहु ने 95.4 ( प्राप्तांक 477 ) ने क्रमश =चौथा व पांचवा टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इसी प्रकार संत पात्रिक हाई स्कूल गुमला के सक्षम कुमार पिता अनिल कुमार अग्रवाल ने 95.2 प्रतिशत (प्राप्तांक 476) ने छठा टॉपर बने। विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर बसिया के अनिकेत कुमार पिता राज कुमार गुप्ता ने 94.6 प्रतिशत ( प्राप्तांक 473 ) सातवां स्थान प्राप्त किया। अपग्रेडेड हाई स्कूल पबेया भरनो की अंजनी कुमारी पिता राजू साहु ने 94.6 प्रतिशत (प्राप्तांक 473) अंक लाकर आठवें स्थान पर रही। इसी प्रकार जनता हाई स्कूल नवाडीह,डुमरी की शालिनी कुमारी पिता सुमंगल भगत ने 94.6 (प्राप्तांक 473 तथा विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल,बसिया की पूजा कुमारी पिता संजय पाणिग्रही ने 94.4 प्रतिशत (प्राप्तांक 472 ) अंक प्राप्त कर क्रमश=नौवा व दसवां स्थान प्राप्त किया।

## 95.8 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त कर चंद्रकला कुमारी ने विद्या मंदिर बड़की चाँपी का लहराया परचम

**-कुल 58 में 56 ने प्रथम श्रेणी से एवं 2 द्वितीय श्रेणी से हुए उतीर्ण**

**लोहरदगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी का मैट्रिक परीक्षा का परीक्षा फल उत्कृष्ट रहा। 91त्न से ऊपर 13 भैया बहनों ने परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया, वहीं 31 भैया बहनों ने 80त्न से ऊपर परीक्षा फल प्राप्त किया। चंद्रकला कुमारी ने 95.80 प्रतिशत लाकर विधालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर श्रुति कुमारी (95.40त्न) और तीसरे स्थान पर हेमा कुमारी (94.40त्न) रहीं । 91त्न से ऊपर लाने वाले भैया बहनों का नाम इस प्रकार है - चंद्रकला कुमारी, श्रुति कुमारी, हेमा कुमारी, पवन कुमार, रचित कुमार, लव कुमार, विनीता कुमारी, संजीत कुमार, अर्चना कुमारी, रानी कुमारी, अंजना कुमारी, वीना कुमारी और पवन कुमार महतो। झारखंड अधिविध परिषद के मैट्रिक परीक्षा में विद्या मंदिर बड़की चाँपी के कुल 58 भैया बहन में से 56 प्रथम श्रेणी से एवं दो द्वितीय श्रेणी से सफल रहें। भैया बहनों ने शत प्रतिशत परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा फल से पूरा विद्यालय परिवार अत्यंत उत्साहित है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक धनंजय प्रसाद, अध्यक्ष भूषण प्रसाद, सचिव यदुनंदन तिवारी, उपाध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार समस्त सदस्य, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी सहित अन्य आचार्य आचार्या ने भैया बहनों के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## मैट्रिक परीक्षा में 496 अंक प्राप्त कर स्टेट टॉपर बनी गांव की बेटी जयोत्सना ज्योति, मंत्री सत्यानंद भोक्ता जीप उपाध्यक्ष समेत लोगों ने दी बधाई

**-हजारीबाग इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय से पढ़ाई की, सफलता में छात्रा माता-पिता व गुरुजनों की आभार व्यक्त की**

**चतरा,** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा जारी मैट्रिक की परीक्षा में ज्योत्सना ज्योति ने 500 में से 496 अंक लाकर पूरे प्रदेश की टॉपर बनी है। उसकी इस सफलता से गांव के लोग फूले नहीं समा रहे हैं। बधाइयां देने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। चतरा जिले के गिद्धौर प्रखंड के पांडेयबागी गांव निवासी शिक्षक राजेंद्र कुमार दास की पुत्री ज्योत्सना ज्योति मैट्रिक की परीक्षा में झारखंड टॉपर बनी है। उसे 99.20 प्रतिशत अंक मिले हैं। जैक रांची के द्वारा मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस बार दसवीं बोर्ड परीक्षा में 54.20त्न छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन, 40.63त्न छात्रों ने सेकंड डिवीजन और 5.7त्न छात्रों ने थर्ड डिवीजन में मैट्रिक की परीक्षा पास की है। ज्योत्सना ज्योति हजारीबाग के इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा है। स्टेट टॉपर बनने पर ज्योति ने कहा कि निरंतर परिश्रम से उसे सफलता मिली है। इस सफलता के पीछे उसके पिताजी माता और विद्यालय परिवार का योगदान है। इधर झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता व जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने छात्रा और उनके परिजनों को बधाई दी है।

# भोक्ता प्रवेश और कलश यात्रा के साथ हापामुनि में पांच दिवसीय शिव महोत्सव सह मंडा महापर्व शुरू

**घाघरा(गुमला) =** घाघरा प्रखंड के हापामुनि ग्राम में शिव महोत्सव का पांच दिवसीय मंडा महापर्व शुक्रवार को भोक्ता प्रवेश एवं कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। पांच दिवसीय मंडा महोत्सव में गुमला, लोहरदगा, लातेहार, रांची, सिमडेगा सहित अन्य क्षेत्रों से लगभग 150 शिव भक्त ने मंडा महापर्व का संकल्प हापामुनी महामाया मंदिर के प्रांगण में लिया। प्रातः 9=00 बजे सभी शिव भक्ति पर उपभोक्ता महादेव उरांव के अगुवाई में महामाया मंदिर हापामुनि में अवस्थित महादेव के शिवलिंग को एक बार बोलो शिव मुनि महेश की जय घोष के साथ महामाया भगवती से प्रार्थना कर मंडा चबूतरा में ले जाकर स्थापित किया। इसके उपरांत शिव भक्तों एवं 251 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ केरा झरिया नदी से कलश पर जल भारी किया गया इसके बाद कलश यात्रा हापा मुनि मुंडा चबूतरा पहुंच महादेव का जलाभिषेक किया। कलश यात्रा

के दौरान हर हर महादेव एक बार बोलो शिव मुनि महेश जय माता दी जय घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। कलश यात्रा की अगवाई मंडा मेला के संरक्षक प्रोफेसर अवध मनी पाठक पूर्व मुखिया आदित्य भगत सुरेंद्र साहू बिदेश्वर साहू निलेश मनी पाठक राजेश मणि पाठक मंडा पूजा समिति के लोग कर रहे थे। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को जिला अभिषेक के बाद मंडा पूजा समिति द्वारा हपामुनी एग्रोटेक के प्रांगण में जलपान कराया

गया। मंडा महोत्सव को लेकर चूंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने बताया कि ऐतिहासिक मंडा मेला में विभिन्न क्षेत्र से शिव भक्त हापा मुनि शिव आराधना में भाग लेने मनोकामना पूर्ति के लिए आते हैं। हापा मुनि महामाया मंदिर के पुजारी राजेश मणि पाठक ने बताया कि पांच दिवसीय शिव आराधना के मंडा महापर्व में फुलखुंदी व्रत के साथ विभिन्न क्षेत्र से लोग पहुंच शिव आराधना करते हैं। जो निरंतर कई वर्षों से संचालित होते आ रही है।

# कस्तूरबा के मानव और अनिकेत 94.60 प्रतिशत अंक लाकर बने संयुक्तरूप से प्रखण्ड टॉपर

**चौपारण** – प्रखण्ड के मॉडर्न पब्लिक स्कूल ,दादपुर और कस्तुरबा गांधी उच्च विद्यालय सिंहपुर के संस्थापक रहे स्व डॉ ललन प्रसाद का सपना आज विद्यालय के शिक्षक साकार करते नजर आ रहे हैं। विद्यालय के बच्चे लगातार चार वर्षों से मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में प्रखण्ड टॉपर बन कर नया कृतिमान रच रहे हैं। शुक्रवार को जैक,राँची द्वारा सत्र 2024 का मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। जिसमें विद्यालय के अनिकेत कुमार सिन्हा और मानव कुमार सिन्हा संयुक्तरूप से 473 अंक ( 94.60 प्रतिशत ) लाकर प्रखण्ड के

टॉपर बने। वहीं विद्यालय के अनुज कुमार सिंह और विक्रम कुमार ने संयुक्तरूप से 463 अंक लाकर विद्यालय के सेकेंड और अनुश्री वर्मा 461 अंक लाकर विद्यालय के थर्ड टॉपर रही। प्रखण्ड टॉप करने पर विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की और प्रखण्ड टॉपर अनिकेत को मिठाई खिलाकर उनके हौसले को बढ़ाया । साथ ही विद्यालय परिवार ने विद्यालय के सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष व डॉ ललन बाबू कस्तुरबा गांधी उच्च विद्यालय के संस्थापक सदस्य अरबिंद सिन्हा,मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र सिन्हा, डॉ ललन बाबू कस्तुरबा गांधी उच्च विद्यालय,सिंहपुर के प्रबन्धक चन्दन कुमार, प्राचार्या ममता कुमारी,विद्यालय के शिक्षक अमित सिन्हा,सन्तोष सिन्हा उपस्तिथ थे। सभी ने प्रखण्ड टॉपर अनिकेत के पिता अनुज सिन्हा व उनके माता को भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। बतादें कि इससे पहले लगातार तीन वर्षों से विद्यालय के उमेश कुमार गुप्ता वर्ष 2021 में, यश कुमार सिन्हा वर्ष 2022 में और नितेश कुमार गुप्ता वर्ष 2023 के मैट्रिक परीक्षा में प्रखण्ड टॉपर रहे।

## हजारों की संख्या में राम भक्तो के बीच बाटे शस्त्र किया विशाल भंडारे का आयोजन

### लोगो का सेवा करना मेरा परम धर्म - नमन ठाकुर

**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ के ऐतिहासिक रामनवमी अपने परवान पर लगभग सैकड़ो की संख्या में झांकी शहर में निकली है जिसे देखने के लिए लाखों की संख्या में लोग पहुंचते है जिनकी सेवा में कई सामाजिक संस्था अपने स्तर पर लोगो की सेवा करते है ऐसे में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग विधानसभा के प्रभारी नमन ठाकुर के द्वारा जन सहयोग समिति मंच का मालवीय मार्ग बड़ा अखाड़ा चौक पर का उद्घाटन किया गया जिसमें भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमे जुलूस में आए लोगो को भंडारे के माध्यम से सहयोग किया जायेगा ,उद्घाटन के बाद हजारीबाग विधान सभा नमन ठाकुर के द्वारा हजारों की संख्या में राम भक्तो के बीच शस्त्र वितरण किए उद्घाटन एवं शस्त्र वितरण के उपरांत नमन ठाकुर अपने सहयोगी वा हजारों की संख्या में पहुंचे राम भक्तो के साथ जुलूस मार्ग का भ्रमण किए और लोगो को रामनवमी की शुभकामनाएं दी साथ ही लोगो से आपसी भाई चारे के साथ रामनवमी मनाने की अपील भी किए ।इस कार्यकर्म में मुख्य रूप से आफताब आलम,प्रमोद वर्मा,अविनाश सिन्हा उर्फ पिंकू,संदीप कुमार,विवेक राणा,जीतू,राकेश कुमार उर्फ टिकी ,करफू कुमार,त्रिपुरारी कुमार,बबलू कसेरा मुख्य रूप से मौजूद थे।

## पूर्व सैनिकों ने किया चना गुड शरबत का वितरण

**हज़ारीबाग़** – हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के सौजन्य से इंटरनेशनल रामनवमी हजारीबाग मे चना, गुड़, शरबत का वितरण सदस्य महेन्द्र गोप एवं अजय प्रसाद के देख रेख में किया गया। इस बाबत प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि राम भक्तों की सेवा पिछले तीन सालों से संगठन कर रही है और आगे भी लगातर जारी रहेगा। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद मेहता, सचिव मिथिलेश पांडे ,उप कोषाध्यक्ष वासुदेव साहू, मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार, वरिष्ठ सलाहकार ह. कैप्टन अवध कुमार भारती, वरिष्ठ सलाहकार भोलानाथ प्रसाद, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, पूर्व सचिव अजीत सिंह, बरही प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह , मयूरहंड प्रखंड अध्यक्ष सुभाष सिंह,सदस्य महेंद्र गोप, अजय प्रसाद, निरज ओझा, शिवनंदन साव, अविनाश ओझा, नीरज पांडे, संजय सिंह, मधुसूदन प्रसाद, दीपक कुमार,समेत कई पूर्व सैनिक शामिल थे।

## रामनवमी में मिशन होस्पिटल द्वारा श्रीनिवास अस्पताल के सहयोग से लगाया गया निशुल्क शिविर, घायल रामभक्तों का हुआ इलाज

### हजारीबाग में सबसे अधिक कुल 965 रामभक्तों का शिविर के माध्यम से कराया अपना इलाज व शिविर से हुए लाभान्वित

### आराध्य प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी पर निशुल्क कैंप लगाकर घायलों को सेवा प्रदान करना काफी सौभाग्य की बात ः डॉ प्रवीण श्रीनिवास

**हज़ारीबाग़** – मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्म उत्सव रामनवमी के मौके पर संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा श्रीनिवास अस्पताल के सहयोग से झंडा चौक स्थित एक दिवसीय निशुल्क शिविर लगाया गया। एक दिवसीय निशुल्क शिविर के माध्यम से जुलूस के दौरान घायल रामभक्तों का इलाज किया गया। हजारीबाग में सबसे अधिक कुल 965 रामभक्तों का शिविर के माध्यम से इलाज हुआ। जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया गया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि हम सभी के आराध्य प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी पर निशुल्क कैंप लगाकर घायलों को सेवा प्रदान करना काफी सौभाग्य की बात है। हजारीबाग में सबसे से अधिक हमारे द्वारा आयोजित कैंप का घायल रामभक्तों ने निशुल्क लाभ लिया है। उन्होंने कहा कि हमारा आगे कोशिश रहेगा किया कि हर खास मौके पर कैंप आयोजित करूँ और लोगों को निशुल्क सेवाएं प्रदान करूँ। मौके पर संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के डॉ राहुल, मैनेजिंग स्टाफ राजन चौधरी, ऋषिकेश सिंह, नर्सिंग स्टाफ मुन्ना कुमार, बब्लू कुमार, सूरज कुमार, अंकित कुमार, पंकज कुमार, पुष्पा कुमारी, सुनीता कुमारी, डॉली कुमारी एवं रवि कुमार सहीत कर्मियों ने शिविर में अपना सरहानीय योगदान देकर सफल बनाया।

## हज़ारीबाग की परंपरा और ऐतिहासिक समृद्धि की धरोहर है रामनवमी - जय प्रकाश भाई पटेल

**हज़ारीबाग़** – पूरे विश्व में एक मात्र शहर हज़ारीबाग ही है जहाँ रामनवमी की झलक विशेष तौर पर दिखाई देती है। इसलिए यहां के रामनवमी को इंटरनेशनल रामनवमी कहा जाता है। विभिन्न अखाड़ों एवं पूजा समिति द्वारा हर्ष और उल्लास के साथ शोभायात्रा और जुलूस निकाले गए। देर शाम तक सभी झांकियां अपने अपने अखाड़े की तरफ लौटे और शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी का पर्व सम्पन्न हुआ। इस बीच इंडिया गठबंधन से हज़ारीबाग लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी सह मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल शहर के शोभायात्रा जुलुस में सम्मिलित हुए। और सभी श्रद्धालुओं से मिलकर उनको शुभकामनाएं दिया। इस दौरान हज़ारीबाग रामनवमी महासामिति के संरक्षण समिति एवं सदस्यों ने उन्हें समृति चिन्ह भेंट किया। रामनवमी जुलूस में जय प्रकाश भाई पटेल ने प्रभु श्री जी से प्रार्थना कर क्षेत्र की सुख शांति की कामना किया। साथ ही रामनवमी पर्व को लेकर उन्होंने संदेश दिया है कि हज़ारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी को मर्यादित तरीके से हर साल मनाएं। हज़ारीबाग की परंपरा और ऐतिहासिक समृद्धि की धरोहर है रामनवमी।

**शांतिपूर्ण जुलूस संपन्न के लिए महासामिति के प्रति जताया आभार :** हज़ारीबाग शोभायात्रा जुलूस शांतिपूर्ण से संपन्न को लेकर जय प्रकाश भाई पटेल ने रामनवमी महासामिति के अध्यक्ष जीतू यादव, संरक्षण समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, जिला प्रशासन, गणमान्य लोग समेत हज़ारीबाग के एक एक वासियों के प्रति आभार प्रकट किया है।

## रामभक्तो ने पेश किया मिशाल

**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ की इंटरनेशनल रामनवमी जुलूस जो दशमी की देर रात से प्रारंभ हो कर दूसरे दिन एकादशी की देर रात मे समापन हुई। इस बीच मुख्य मंच के पास जब जुलूस मौजूद थी, उस वक्त राम भक्तो ने मिशाल पेश करते हुए तुरंत एंबुलेंस को जगह दिया और एंबुलेंस अस्पताल के लिए रवाना हो गई। एक मिशाल पेश करते हुए हज़ारीबाग़ की रामनवमी को ऐतिहासिक व इंटरनेशनल साबित कर दिया।

## झरपो पलस टू उच्च विद्यालय की बादशाहत रही कायम

**टाटीझरिया** – जैक ने मैट्रिक का परिणाम शुक्रवार को जारी किया है। जारी परिणाम के अनुसार प्रखंड क्षेत्र का टॉपर प्लस टू उच्च विद्यालय धरमपुर का छात्र पंकज यादव बना।इन्होंने 96.20त्न अंक प्राप्त कर यह खिताब हासिल किया है। इसके पिता उपेंद्र यादव मुंबई में किसी कंपनी का टैक्सी चालक है। वे अपने बेटे को हमेशा कठिन परिश्रम कर केवल पढ़ाई करने को प्रेरित करते थे। पंकज ने बताया कि वह हमेशा पढ़ाई पर ध्यान देता था,वह अब इंजीनियरिंग क्षेत्र में जाना चाहता है।

प्रखंड क्षेत्र का द्वितीय टॉपर प्लस टू उच्च विद्यालय झरपो की रिया कुमारी बनी।इसने 94.6त्न अंक लाकर अपने पिता का मान रखा। इनके पिता दशरथ प्रसाद कुशवाहा साइकिल का पंचर बनाते हैं और राशन दुकान चलाता है। तृतीय टॉपर प्लस टू उच्च विद्यालय झरपो का प्रिंस कुमार।इन्होंने 91.2त्न अंक प्राप्त किया।चौथे स्थान पर भी प्लस टू उच्च विद्यालय झरपो की अनुप्रिया कुमारी है।इसने 90.8त्न अंक प्राप्त किया।उसी प्रकार क्रियेटिव उच्च विद्यालय डहरभंगा का वृषभानु कुमार राणा,90.4त्न,सिमरन कुमारी यू एन हाई स्कूल झरपो ने 90.2त्न,पलस टू उच्च विद्यालय धरमपुर का नीरज कुमार 89.8त्न,आशीष कुमार 89.6त्न,क्रियेटिव का अक्षय कुमार कुशवाहा 89.3त्न अंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। प्लस टू उच्च विद्यालय टाटीझरिया का 83त्न परिणाम आया,जिसमें प्रथम 33,द्वितीय 45,तृतीय एक और मार्जिनल 16 रहा।यहां 95 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। वही ग्लोबल पब्लिक स्कूल बेडम की छात्रा ममता कुमारी विद्यालय टोपर रही। इसके अलावा उच्च विद्यालय बेडम,उच्च विद्यालय खैरा समेत प्रखंड के निजी विद्यालय एवं कोचिंग के छात्र - छात्राएं ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## रामनवमी पर ओरिया में हिन्दू- मुस्लिम एकता व सांप्रदायिक सद्भाव का दिया संदेश, आपसी सौहार्द का अनुठी मिसाल की परंपरा को रखा बरकरार

### हिन्दू- मुस्लिम भाई- भाई का दिया अनोखा संदेश, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिप्रिय वतावरण में जुलूस संपन्न कराने का लिया संकल्प

**हज़ारीबाग़** – झारखंड के हजारीबाग से सांप्रदायिक सद्भाव का अनुठी मिसाल सामने आई है। एक तरफ जहां देश में हिंदू मुस्लिम में विवाद देखने को मिलता वहीं इस रामनवमी में दोनों समुदाय में भाईचारा का अद्भुत रूप देखने को मिला है।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्म उत्सव %रामनवमी% पर सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया में हिन्दू-मुस्लिम एकता व सांप्रदायिक सद्भाव का परिचय दिया गया। रामनवमी पर मुस्लिम अंजुमन कमिटी ने ओरिया स्थित प्रभु चौक पर रामनवमी जुलूस एवं हिन्दू भाईयों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया। ओरिया मुस्लिम अंजुमन कमिटी ने हिन्दू भाईयों के लिए जलपान का भी व्यवस्था किया। इस दौरान मुस्लिम अंजुमन कमिटी के लोगों ने हिन्दु भाईयों को पगड़ी पहनाकर एवं गाले लगाकर रामनवमी जुलूस का स्वागत व अभिनंदन किया। हिन्दु भाईयों ने भी मुस्लिम अंजुमन कमिटी के लोगों को पगड़ी व तलवार भेंटकर सम्मानित कर सौहार्द का अनुठी मिसाल का परिचय दिया। कार्यक्रम का अध्यक्षता ओरिया पंचायत समिति सदस्य जीतु यादव एवं भूतपूर्व मुखिया दिलीप राम पासवान ने किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी अभय शंकर पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ओरिया मुस्लिम अंजुमन कमिटी के आयोजनकर्ता मोहम्मद अब्दुल रशीद साहब एवं अशरफ अली इसके सदर अब्दुल माजिद साहब, एवीएन सचिव अब्दुल जलील नायब, सदर असगर अली, समाजसेवी उदय शंकर पासवान, विनय यादव, रवि कुमार एवं राहुल कुमार सहित कई गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस क्रम में सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति के पदाधिकारियों, समिति के सक्रिय सदस्यगण, धार्मिक एवं समाजिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं बडा अखाड़ा में आयोजित अस्त्र- सस्त्र परिचालन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर ग्राम ओरिया के प्रतिभागियों को शोल ओढाकर सम्मानित किया गया। हिन्दू- मुस्लिम भाई- भाई का अनोखा संदेश दिया गया। सौहार्दपूर्ण एवं शांतिप्रिय वतावरण में जुलूस संपन्न कराने का संकल्प लिया।

## हजारीबाग में उमड़ा रामभक्तो का जन सैलाब

### 48 घण्टो से रामभक्त खूब झूम रहे हैं सड़कों पर

### जय श्री राम के जयकारे से गुंजायमान हुआ

**हजारीबाग** – हज़ारीबाग़ में दशमी की रात्रि में निकला रामनवमी का जुलूस एकादशी को पूरे शबाब पर रहा। जय श्री राम के जयकारे से पूरा गुंजायमान हो गया। सड़को पर रामभक्तो का जन सैलाब उमड़ पड़ा। हर ओर भगवा धारी ही नजर आ रहे थे। भिड़ इस कदर थी, की कही पैर रखने का जगह नही था फिर भी लोग इस ऐतिहासिक घड़ी का गवाह बनने को बेताब थे। महिला पुरुष के साथ बच्चे भी भक्ति में लबरेज दिखे। कोई हाथों में तलवार तो कोई भाला तो कोई लाठी से करतब दिखला रहा था।

**डीसी, एसपी खुद कर रहे थे मोनेटरिंग :** सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डी आई जी सुनील भास्कर, डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह लगातार मंच पर डटे रहे। इस दौरान पूरे जुलूस का मोनेटिंग करते रहे और प्रशासन को दिशा निर्देश देते रहे। उनके साथ डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, समेत जिले के सभी पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## तस्करों के खिलाफ थाना प्रभारी का एक्शन जारी, तीन तस्करों के साथ भारी मात्रा शराब जप्त

**चौपारण – हजारीबाग एसपी अरबिंद सिंह के मार्गदर्शन में चौपारण के नए थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह का तस्करों के खिलाफ लगातार एक्शन जारी है। शुक्रवार को थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह का पद भार ग्रहण किए हुए दो माह पूरा हुआ। और अपने दो माह के कार्यकाल में इनके द्वारा 20 बड़ी कार्रवाई की गई। 20 बड़ी कार्रवाई में अबतक 37 तस्करों को उनके द्वारा जेल भेजा जा चुका है। जिससे तस्करों में पुलिस का खौफ़ ब्याप्त हो गया है।**

शुक्रवार को अपने 20 वें कारवाई में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस सम्बंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शुक्रवार की रात्रि में गुप्त सूचना मिली कि चौपारण की ओर से 02 मोटरसाईकिल में 03-04 व्यक्ति प्लास्टिक के बोरियों में छीपाकर अंग्रेजी शराब तस्करी करने हेतु बिहार ले जाने वाले हैं। इस सूचना पर एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें मेरे अलावे चौपारण थाना में पदस्थापित पुअनि0 दिव्य प्रकाश, पुअनि0 निलेश कुमार रंजन एवं चौपारण थाना रिजर्व गार्ड का बल शामिल थे। सूचना के आलोक में तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ मिलकर चौपारण की ओर से आने वाली वाहनों का सघन रूप से जांच-पड़ताल के दरम्यान सूचनानुसार दो मोटरसाईकिल पर 04 लोगों को सवार होकर मोटरसाईकिल में प्लास्टिक का बोरी लोडकर आता हुआ देखने पर उनलोगों को रूकने का ईशारा किया गया तो मोटरसाईकिल सवार लोग पुलिस बल को चेकिंग करता हुआ देखकर भागने का प्रयास करने लगे, जिनमें से 03 लोगों को खदेड़कर पकड लिया गया तथा एक व्यक्ति भागने में सफल हो गया। पकड़ाये लोगों से नाम पता पूछने पर नितीश कुमार पिता-सुरेन्द्र यादव ग्राम मंगुरा थाना मोहनपुर जिला-गया (बिहार), विकास कुमार पिता रामचन्द्र यादव ग्राम-मंगुरा थाना मोहनपुर जिला गया (बिहार) एवं अशोक कुमार पिता लखन यादव ग्राम मंगुरा थाना मोहनपुर जिला गया (बिहार) बताये। पकड़ाये व्यक्तियों के पास से स्टार्लिंग रिजर्व (बी-7), इम्पेरियल ब्लू एवं रॉयल स्टेग कम्पनी 375 एम0एल0 का कुल 117 पीस अवैध अग्रेजी शराब बरामद किया गया। इस संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड सं0-118/24 दिनांक-19.04.2024 धारा-414/272/273/290/34 भा0द0वि0 एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम दर्ज कर अनुसंधानभार पुअनि0 निलेश कुमार रंजन को सौंपा गया है।

# सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में तनाव नियंत्रण प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

## तनाव मानव को धीमी गति से मृत्यु की ओर ले जाता है - सद्गुरु निलेश सिग्रेवाल

**धनबाद /** सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में *तनाव नियंत्रण प्रबंधन *विषय पर सनातन संस्था की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में सनातन संस्था के सद्गुरु निलेश सिग्रेवाल,सनातन संस्था, पूर्वोत्तर भारत, पूज्य संत प्रदीप खेमका , प्रसिद्ध व्यवसायी, कतरास नगर सह सनातन संस्था के प्रभारी, झारखंड, शंभू गंवारे,सनातन संस्था, कार्यक्षेत्र, पूर्वोत्तर भारत,मा0अजय कुमार तिवारी,प्रदेश सचिव, विद्या विकास समिति, झारखंड, ?विवेक नयन पांडेय,विभाग प्रमुख, धनबाद विभाग, फूल सिंह,पूर्व प्राचार्य, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, धनबाद,पूर्व जैक उपाध्यक्ष, झारखंड सह सिनीडीह संकुल संयोजक, विशु रवानी, धनबाद ?जिला संघचालक, नकुल चंद्र दास, उपाध्यक्ष, सरस्वती विद्या मंदिर, तेतुलमारी, राजेंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष, सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह, उत्तम गयाली, समिति सदस्य, सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह, उत्तम मुखर्जी, प्राचार्य,भूली नगर, राकेश सिन्हा, प्राचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह? उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन एवं भारत माता का पूजन किया गया। अपने

उद्बोधन में सदुरु निलेश सिग्रेवाल ने कहा कि किसी भी प्रसंग अथवा प्रासंगिक परिवर्तन को दिया जाने वाला अनुचित शारीरिक एवं भावनाशील प्रत्युत्तर तनाव है।उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि आज तनाव हमारे जीवन का अंग बन चुका है। हमारी प्राचीन संस्कृति के अनुसार गुरुकुल में 14 विद्या और 64 कलाएं सिखाई जाती थी, जो अब विलुप्त हो चुकी है, जिसके कारण मानव में तनाव के दो कारण दिखाई दे रहे हैं- एक बाह्य कारण और दूसरा आंतरिक करण। उन्होंने इन तनावों के लिए काम का समय अधिक, घर जाकर पुनः काम करना, विवादित वातावरण, काम का बोझ अधिक होना, परिवार का उत्तरदायित्व, आर्थिक समस्याएं, बीमारी, नातों में स्थित समस्याएं, व्यायाम का अभाव, असंतुलित आहार, पर्याप्त नींद की कमी, सामाजिक समस्याएं, राजनीतिक अस्थिरता, दुर्घटनाएं आदि को तनाव का कारण बताया। उन्होंने कहा कि आज ऐसा लग रहा है कि मनुष्य में आत्मविश्वास का अभाव होता जा रहा है,जिसके चलते षट- रिपुओं का संक्रमण बढ़ता जा रहा है। अत- हमें चाहिए कि हम अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखें साथ ही साथ अध्यात्म की ओर झुकें। तनाव को नियंत्रित रखने के लिए हमें प्राणायाम, योग एवं नियमित व्यायाम करना चाहिए। तनाव मुक्त जीवन जीने हेतु अंतर्मन में स्थित मूल स्वभाव पर विजय प्राप्त करना आवश्यक है। हमें चाहिए कि हम आध्यात्मिक दृष्टिकोण अपनाएं और तनाव रहित जीवन जिएं। काम की अधिकता यदि है तो हम केवल अपने इष्ट देव का नाम लेते रहे, ताकि हमारा अंतर्मन कलुष रहित हो सके और आध्यात्मिक चिंतन के द्वारा तनाव पर नियंत्रण कर सकें।

अपने उद्बोधन में सदुरु शंभू गंवारे जी ने कहा कि सनातनसंस्था अनेक माध्यमों के द्वारा तनाव नियंत्रण पर प्रभावी उपाय अपनाकर तनाव मुक्त करने का प्रयास कर रहा है। भारत के विभिन्न भागों में हमारी संस्था *सनातन संस्था *कार्य कर रही है ताकि भारत के लोगों को तनाव मुक्त किया जा सके। उन्होंने तनाव के आंकड़ें भी प्रस्तुत किये- यथा इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार भारत में 88त्न व्यक्ति तनाव में जी रहे हैं, द इकोनामिक टाइम के आंकड़ों के अनुसार 76त्न एवं हिंदुस्तान टाइम्स के अनुसार 77 त्न भारत के लोग तनाव में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्था तनाव मुक्ति का आंदोलन छेड़े हुए हैं और प्रयास कर रही है कि कैसे भारत का प्रत्येक निवासी तनाव मुक्त जीवन व्यतीत करें।

पूज्य संत प्रदीप खेमका जी, जो प्रसिद्ध व्यवसायी भी हैं, साथ ही साथ सनातन संस्था के झारखंड के प्रभारी हैं, उन्होंने कहा कि मानव को तनाव मुक्त जीवन जीना चाहिए, क्योंकि तनाव में किया गया हर कार्य असफल होता है। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव मा0 अजय कुमार तिवारी ने कहा कि मन को शांत करने के विभिन्न उपाय हैं। उनमें से एक है आध्यात्मिक चिंतन को बढ़ावा देना। यदि हम लगातार नैतिक एवं आध्यात्मिक चिंतन करते रहेंगे तो निश्चित ही तनाव पर नियंत्रण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के मूल विषयों में नैतिक एवं अध्यात्मिक विषय शामिल है।

आए हुए सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित हुए। मंच संचालन विद्यालय की आचार्या कुमारी नमिता ने किया, अतिथि परिचय विद्यालय की आचार्या डा0 निशा तिवारी ने किया। सर्व व्यवस्था प्रमुख का दायित्व विद्यालय के आचार्य श्री अशोक कुमार सिंह ने किया।

## राजेन्द्र बालिका उच्च विद्यालय कतरास का बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम

**कतरास-*** राजेन्द्र बालिका उच्च विद्यालय कतरास की छात्राओं ने एक बार फिर से बोर्ड परीक्षा 2024 मे परचम लहराया है और अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है. विद्यालय का परीक्षा परिणाम 93त्न रहा. 95त्न अंक लाकर शिखा कुमारी विद्यालय की टापर बनी. जबकि 91त्न लाकर रिया कुमारी दूसरे स्थान एवं 88त्न के साथ निशु कुमारी तीसरे स्थान प्राप्त की है. वहीं 85त्न अंकों के साथ नंदनी कुमारी चौथे स्थान पर रही. कुल 167 छात्राए परीक्षा मे शामिल हुई जिसमे 70 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी मे 77 छात्राएं द्वितीय एवं 08 छात्राएं तृतीय श्रेणी मे उत्तीर्ण हुई. प्रधानाध्यापिका सुमन मिश्रा ने विद्यालय की टाप टेन छात्राओं को मिठाई खिलाकर उन्हे बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामना दी. इस मौके पर वरीय शिक्षिका दीपाली खातून, स्नेहलता पाण्डेय, वीना पाण्डेय, रीना गुप्ता, दीपा हजारी,अजित कुमार, सुबोध कुमार, नासिर खान, राकेश सिन्हा, सौमित्र दे, कौशल दुबे आदि उपस्थित थे.

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बलियापुर -** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार आज दिनांक 19 अप्रैल को आसन्न लोकसभा आम चुनाव के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत अलकडीहा, मुकुंदा एवं सुरुंगा के कुल 13 मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन किया गया। मुकुंदा पंचायत अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदा के मतदान केंद्र संख्या 286, 287 में शौचालय की मरम्मती कर ली गई है और नया दरवाजा भी लगा लिया गया है। मतदान केंद्र संख्या 290 नया प्राथमिक विद्यालय हरिबोल थान मुकुंदा में रैंप का सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को अविलंब एएमएफ सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। ग्राम पंचायत सुरूंगा स्थित मतदान केंद्र संख्या 302, 303, 304, 305 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुरुंगा में चापाकल खराब था, जिसकी मरम्मती कर लिया गया है। मतदान केंद्र संख्या 306 प्राथमिक विद्यालय जगन कोच का भी निरीक्षण कर एएमएफ सुदृढ़ीकरण के संबंध में किया जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र अवस्थित संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता, परिसर की सफाई, शौचालय की साफ सफाई करने का विशेष निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## जेपी हॉस्पिटल ब्लड डोनर ऑर्गेनाइजेशन अभिनंदन समारोह में हुआ सम्मानित

**धनबाद-**शुक्रवार को शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के कांफ्रेंस हॉल में धनबाद के ब्लड डोनर संगठन के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बायपास रोड बलियापुर स्थित धनबाद की अग्रणी चिकित्सा केंद्र जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर नित्यानंद मंडल को मुख्य अतिथि सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजल के द्वारा एसएनएमएमसीएच से जारी प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नित्यानंद मंडल ने कहा रक्तदान और रक्त संग्रह की जागरूकता आज के वर्तमान समाज में बहुत ही आवश्यक है जिससे गंभीर रोगियों की जान तत्काल बचाई जा सकती है। किसी भी देश में जरूरतमंद मरीजों को प्रयाप्त और सुरक्षित रक्त की आपूर्ति के बिना चिकित्सा उपचार अधूरा है। इस संदर्भ में जेपी हॉस्पिटल सदैव तत्पर था तत्पर है एवं तत्पर रहेगा। ब्लड डोनर अभिनंदन समारोह में एसएनएमएमसीएच के प्रिंसिपल सीनियर डॉक्टर एवं अन्य रक्त संग्रहण संस्था के सदस्य गण उपस्थित थे।

## आइसक्रीम दुकान में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर हुई खाक

**धनबाद -*** जोगता थाना क्षेत्र अंतर्गत भेलाटांड़ फुटबॉल ग्राउंड के पास भेलाटांड़ कपूरिया मार्ग स्थित आइसक्रीम की दुकान में शुक्रवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गई. आग लगने से लाखों की सम्पत्ति जलकर खाक हो गई. कुछ देर बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया. घटना के संबंध में भुक्तभोगी दुकानदार ने बताया कि गुरुवार की रात दुकान बंद करने के बाद मैं अपने घर चल गया था. आज सुबह एक व्यक्ति ने फोन पर सूचना दी कि दुकान के अंदर धुँआ निकल रहा है और जब शटर उठाकर देखा तो अंदर धुंए का गुब्बार देखने को मिला जो धीरे धीरे भीषण आग में तब्दील हो गयी. दुकान के मालिक द्वारा स्थानीय टाटा के फायर ब्रिगेड की गाड़ी के लिए स्थानीय प्रबंधक को जाकर बोला. घटना के 1 घंटे के बाद अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. हालांकि तब तक काफी देर हो चुकी थी. दुकान में रखा दो डीप फ्रीजर समेत करीबन 6 लाख की संपत्ति का नुकसान हो गया है. शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जतायी जा रही है.

## 55 इंच स्मार्ट टीवी के माध्यम से गतिविधि संचालन व्यवस्था का शुभारंभ हुआ

### विद्या भारती भैया बहनों के सर्वांगीण विकास को लेकर कार्य करती है। प्राचार्य

**धनबाद** /19 अप्रैल को सरस्वती विद्या मंदिर भूली नगर में विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी के द्वारा तरण ताल, बाल सुलभ प्याऊ का, शिशु वाटिका के भैया बहनों के लिए 10 साइकिल और शिशु वाटिका गतिविधि कक्षा में 55 इंच स्मार्ट टीवी के माध्यम से गतिविधि संचालन व्यवस्था का शुभारंभ हुआ

विद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि विद्या भारती भैया बहनों के सर्वांगीण विकास को लेकर कार्य करती है। इसी के अंतर्गत छोटे भैया-बहनों के गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है। तरण ताल शिशु वाटिका के बारह व्यवस्थाओं में से एक महत्वपूर्ण व्यवस्था है। उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखकर बाल सुलभ प्याऊ का का भी शुभारंभ हुआ। बच्चे साइकिल चालन कौशल सिख सकें इस हेतु 10 साइकिल की व्यवस्था की गई है। इनमें से पांच साइकिल भूली के समाजसेवी गणेश रवानी के द्वारा प्रदान की गई है। गतिविधि कक्षा में 55 इंच का स्मार्ट टीवी भी लगाया गया, जिसके माध्यम से बच्चे विभिन्न गतिविधियों को देख एवम कर सकेंगे। कक्षा अरुण एवं उदय के भैया बहनों ने तरण ताल में जल क्रीड़ा का भरपूर आनंद लिया। सईकिलों में भी खूब जोर अजमाया।

इस अवसर पर विद्या विकास समिति के धनबाद विभाग निरीक्षक विवेक नयन पांडे, विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष संजय सिंह, सचिव फूल सिंह, सदस्य डॉ पूजा, डॉ सुनील कुमार, गणेश रवानी एवं प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, प्रभारी प्रधानाचार्या रंजना सिंह, अनुराधा कुमारी सहित अभिभावक उपस्थित रहे

## बस बनी कतरास कॉलेज की शोभा वस्तु, अभाविप कार्यकर्ता ने प्राचार्य पर फण्ड की राशि गबन करने का लगाया आरोप

**कतरास-*** बाघमारा प्रखंड में स्थित एकमात्र अंगीभूत महाविद्यालय कतरास कॉलेज में सरकारी बस पड़ी रहती है. कॉलेज में बस के संचालन हेतु ड्राइवर और खलासी भी है तथा विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें तनख्वा भी दी जाती है. परंतु उनके द्वारा बस नहीं चलाया जाता है. कॉलेज आने जाने वाले लोगों के लिए यह महज एक शोभा की वस्तु बनी हुई है. इसी मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कतरास का एक प्रतिनिधिमंडल छात्रों के साथ शुक्रवार को कतरास कॉलेज पहुंचा व प्राचार्य से मिलकर इस संबंध में चर्चा की व बस को चलाने की मांग की. अभाविप कार्यकर्ता स्वयं स्वर्ण ने कहा कि संगठन के प्रयास से ही महाविद्यालय को पूर्व सांसद के द्वारा यहां के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए द्वारा बस आवंटित करवाया गया था. परंतु आज यह बस कॉलेज प्रांगण में शोभा की वस्तु बनकर पड़ी रहती है. प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज में आय की कमी है जिस कारण बस को चलाने में परेशानी हो रही है. जिस पर स्वयं स्वर्ण ने कहा कि कॉलेज के फंड का गबन तो स्वयं प्राचार्य ही कर रहे हैं. कतरास नगर मंत्री काजल कुमारी ने कहा कि यदि बस का संचालन सही तरीके से किया जाए तो छात्राओं की उपस्थिति में काफ़ी वृद्धि होगी. एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही रूट चार्ट जारी करके बस को नहीं चलाया गया तो विद्यार्थी परिषद रणनीति बनाकर आंदोलन करने को बाध्य होगा. वहीं कतरास कॉलेज के प्राचार्य डॉ बिरेन्द्र कुमार ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि इंटर खत्म होने के बाद पैसा आ ही नही रहा है तो तो जायेगा कहाँ. बस ड्राइवर व खलासी को विश्वविद्यालय से पेमेंट दी जाती है. बस उपयोग में नही है इसकी जानकारी भी विश्विद्यालय को है. मौके पर अभाविप कार्यकर्ता स्वयं स्वर्ण, कतरास नगर मंत्री काजल कुमारी,कतरास कॉलेज उपाध्यक्ष अमीषा माथुर, मीडिया प्रभारी गोपाल केवट, एसएफएस प्रमुख रोहित राज दे, जीवविज्ञान विभाग संयोजक सिंटू मुखर्जी, कार्यकारिणी सदस्य अनिकेत गुप्ता व अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## बसंती दुर्गा पूजा में डांस प्रतियोगिता

**बलियापुर -** बलियापुर प्रखंड अंतर्गत बाघमारा पंचायत के कुंवरडीह बस्ती में बसंती दुर्गा पूजा के अवसर पर बूगी बूगी डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डांस प्रतियोगिता में श्रेया दे, राखी महतो, सारथी कुमारी,श्वेता महतो, पूर्वा दे, कोयल कुमारी, मंदिरा कर्मकार, अभिजीत गोराई, लक्ष्मी गोराई, सोमनाथ सरकार, अष्टमी बनर्जी, अनन्या सरकार, आराध्या सरकार, रूपाली दे, ज्योति कुमारी, देव कुमार, विवेक कुमार, तृप्ति कुमारी, शशि गोराई, दिव्या सरकार, राखी मुखर्जी सहित दर्जनों बाल कलाकारों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा को दिखाया एवं दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस प्रतियोगिता में रूपाली दे प्रथम, द्वितीय अराध्या सरकार, एवं अनन्या सरकार तृतीय घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी उपस्थित हुई। उन्होंने कलाकारों के प्रदर्शन को सराही और कही कि इस तरह का कार्यक्रम हर जगह होना चाहिए। इससे ग्रामीण बच्चों की अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है तथा उन्हें एक मंच मिलता है। अभिभावक भी बच्चों के रुचि के अनुसार उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करें। इस अवसर पर विजेताओं के अलावा सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही आज विजया दशमी के अवसर पर महिलाओं ने सिंदुर खेला के साथ मां दुर्गा को विदाई दिया तथा विसर्जन किया गया। मौके पर पुजारी जय बनर्जी, पंसस गीता देवी, अनिमा देवी, संतोष महतो, रविंद्र नाथ सरकार, निमाई सरकार, गौतम सरकार, गणेश गोराई, भोजोहोरी गोराई, प्रबोध गोराई, रासु महतो, पवन महतो, आशीष चटर्जी, आलोक चटर्जी, सत्यनारायण गोराई, मोती महतो, नियति सरकार, सुमित्रा गोराई, लक्ष्मी गोराई, छाया रानी सरकार, सीमा रानी सरकार, अनूप गोराई, विमल सरकार, काजल सरकार आदि उपस्थित थे।

# कोयला उत्पादन तथा डिस्पैच में बीसीसीएल ने रचा इतिहास

## -2023- 24 में 41.10 मिलियन टन उत्पादन तथा 1122 रैक डिस्पैच की नई कृतिमान स्थापित की

### बरोरा क्षेत्र के सभी कर्मियों को क्षेत्र में समारोह आयोजित कर किया सम्मानित

**धनबाद-** कोयला राजधानी धनबाद देश को कोयला उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रही भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बीसीसीएल की बात ही निराली रही है। वर्ष 2023 24 में बीसीसीएल ने कोयला उत्पादन के क्षेत्र में इतिहास रखते हुए 41.10 मिलियन टोन कोयल का उत्पादन किया है।वहीं डिस्पैच और ओबीआर जैसे सभी क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करके कृतिमान स्थापित किया है।इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बीसीसीएल के बरोरा एरिया सबसे अग्रणी रहा अर्थात सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के तहत 5.4 मिलियन टन उत्पादन के साथ डिस्पैच में रेल द्वारा 1122 रैक डिस्पैच किया।जिसमें 100. 4 प्रतिशत रोड सेल से 190.0 प्रतिशत डिस्पैच किया।वहीं बरोरा क्षेत्र के कुल उत्पादन विशेष रूप से एमपी कोलियरी का 4.8 मिलियन टन कोयला उत्पादन ,4.76 मिलियन टन डिस्पैच 6.8 मिलियन टन ओबीआर के साथ सर्वश्रेष्ठ योगदान के तहत अपनी भूमिका निभाई। एएमपी कोलियरी के साथ सभी कर्मियों को सम्मानित करके उनके उत्साह वृद्धि के लिए बड़ौदा क्षेत्र द्वारा कोलारी में एक समारोह आयोजित कर सभी कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) समीरन दत्ता उपस्थित थें जबकि मौके पर निदेशक कार्मिक मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक तकनीकी के संचालक संजय कुमार सिंह के साथ बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर सीएमडी समीरन दत्ता ने इस बेहतर उपलब्धि के लिए महाप्रबंधक पीयूष किशोर को धाकड़ महाप्रबंधक कहकर उनका उत्साह वर्धन किया।विदित हो कि बीसीसीएल की कार्यशैली में भूमि अधिग्रहण की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिसके तहत बीसीसीएल ने 16.455 एकड़ भूमि अधिग्रहण कर 2023 -24 में अधिग्रहण किया है जो की एक बड़ी चुनौती थी। इसके लिए भी पीयूष किशोर की जोरदार प्रशंसा की। मौके पर बीसीसीएल के तमाम अधिकारी व कर्मी सहित आम जनता भी उपस्थित थी।

## शांति भंग के आरोप में पुलिस ने दोनों समुदाय के पांच पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

### दो समुदाय के बीच झड़प

**उंटारी रोड, पलामू=** जिले के पांडु थाना क्षेत्र के कजरु कलां में गुरुवार शाम को दो समुदायों के बीच झड़प हो गईं, जिसकी तत्काल सूचना पांडु पुलिस को मिली सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कुमार सौरभ दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले को शांत कराया, घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने में मामला दर्ज करवाया है, जिसकी जांच पड़ताल में दोनों पक्ष से पांच पांच लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दीया गया है, इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी ने बताया की गुरुवार को कुछ असमाजिक तत्व के लोग जुलूस की शक्ल में होकर निर्धारित रूट से हट कर नारे बाजी कर रहे थे तभी दूसरे समुदाय के लोगों से उनकी झड़प हो गई जिसमें किसी की हताहत नहीं हुई है कुछ मोटरसाइकिल छतिग्रस्त हुए हैं, जांचउपरांत दोनो पक्ष से पांच पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, तीस चालीस अज्ञात लोगो पर प्राथमिकी दर्ज हुई है जांचउपरांत उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा, फिलहाल हालात नियंत्रण में है, उन्होनें आगे कहा की दोनों समुदाय के लोग कानून हांथ में ना लें असमाजिक किस्म के लोगों कि सूचना पुलिस को दें।

# पलामू के डीसी,एसपी व डीएसपी के सुझबुझ से सांप्रदायिक सौहार्द के साथ रामनवमी पर्व सम्पन्न

## पलामू जिले के सभी आला अधिकारियों व थाना प्रभारियों ने निभाई अहम भूमिका

**मुरारी प्रसाद**

**मेदिनीनगर पलामू =** पलामू के उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन एवं डीएसपी मनी भूषण तथा पलामू जिला के अन्य आला अधिकारियों के बदौलत पलामू जिला में सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारा के साथ संपन्न हुआ। रामनवमी पर्व पर कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं घटी। मालूम हो के पलामू के डीसी और एसपी रामनवमी पर्व के आने के पूर्व से हैं सांप्रदायिक सद्भाव के साथ शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ रामनवमी पर मनाने की रननीति में जुड़ गए थे। उनका प्रयास यह था कि राम भक्तों के उल्लास में कोई कमी ना हो और असामाजिक तत्व जो भाईचारा के दुश्मन है सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ना चाहते हैं उन पर कड़ी नजर रखें। यही कारण है कि पलामू में रामनवमी पर हर्षोल्लास और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ बिना किसी घटना संपन्न हो गया। इसका श्रेय पलामू के डीसी और एसपी समेत उन अनाधिकारियों को जाता है जिनके अथक

प्रयास से पलामू में भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द बना रहा और रामनवमी पर भी खुशी के साथ गुजर गया। पलामू के डीसी और एसपी ने रामनवमी के पूर्व एक खास रणनीति बनाई। अपने अधीनस्थ पदाधिकारी सभी थाना प्रभारी हो एवं प्रशासनिक पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया। अपने क्षेत्र में पूरे मुस्तैदी के साथ तैयार रहे और वैसे लोग जो किसी पर्व के आड़ में सांप्रदायिक सौहार्द को बिगड़ने का प्रयास करते हैं उन पर कड़ी नजर रखें। फिर जरूरत पड़े तो उन्हें गिरफ्तार भी करें और ऐसा ही उनके निर्देश पर पलामू जिला के सभी पदाधिकारी ने किया और आज इसी का नतीजा है कि पलामू में सांप्रदायिक सौहार्द के साथ रामनवमी पर गुजर गया। ऐसा नहीं है कि पलामू में सांप्रदायिक तत्वों की कमी है पलामू में पहले भी कई बार रामनवमी पर्व के अवसर पर सांप्रदायिक तत्वों के द्वारा प्रयास किया गया है कि दोनों संप्रदायों में माहौल को बिगड़ जाए संप्रदाय की तनाव को बिगाड़ कर दंगा की स्थिति पैदा किया जाए। इसका उदाहरण पूर्व में चैनपुर के कई गांवों और सतबरवा रहा है। जब वहां पर रामनवमी पर्व के अवसर पर सांप्रदायिक तत्व के लोगों ने सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने का काम किया था। लेकिन उसे वक्त जिला प्रशासन और दोनों धर्म के लोगों ने आपसी सूझबूझ के साथ मामला को शांत कराया और कोई भी अनहोनी घटना होने से पलामू को बचाया।

मालूम हो के झारखंड प्रदेश में कई क्षेत्रों में रामनवमी पर्व के अवसर पर उपद्रियों व सामाजिक तत्वों ने उत्पात मचाया। दंगा की स्थिति पैदा की। पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन ऐसा कुछ पलामू जिला में देखने को नहीं मिला और यह सब पलामू जिला प्रशासन को श्रेय जाता है। मालूम हो की रामनवमी पर्व पर पलामू जिला प्रशासन पलामू जिला शांति समिति के बैठक आयोजित की थी। जिसके मंच स्पष्ट रूप से पलामू की डीसी ने कहा था की रामनवमी के अवसर पर विधि-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही.उन्होंने कहा कि शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिये सभी का सहयोग अपेक्षित है.उन्होंने कहा कि पर्व को भाईचारा के साथ मनाएं।

वही पलामू के पुलिस कप्तान ने कहा कि पर्व में सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नज़र-एसपी बैठक में पलामू के एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि पर्व को भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पलामू पुलिस सदैव तत्पर है.एसपी श्रीमती रमेशन ने कहा कि यह पर्व में मनचलों का कोई स्कोप नहीं है. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के प्रत्येक गतिविधि पर है पलामू पुलिस की पैनी नजर है.उन्होंने कहा कि चनाव के दृष्टिगत भी इस वर्ष पर्व के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना हो,आप सब अखाड़ा समिति के सदस्य यह ध्यान रखेंगे. पलामू जिला के कई लोगों ने पलामू के डीसी और एसपी की काफी प्रशंसा किया है कि जिनके प्रयास और सूझबूझ के साथ पलामू में सादगी, भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ रामनवमी पर गुजारा और यहां के गंगा जमुना तहजीब और मजबूत हुआ है।

## 9790 मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न

**मेदिनीनगर पलामू =** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद के निर्देशानुसार 9790 मतदान कर्मियों को पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण दिया गया।

जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह,अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम,सहायक सौरव कुमार सिन्हा,दिनेश चंद्र पासवान के द्वारा प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया गया। प्रशिक्षण का अनुश्रवण छतरपुर एलआरडीसी श्री विजय कुमार केरकेट्टा ने किया। मास्टर ट्रेनर अनीश सिंह, नितेश कुमार,आशीष रंजन, संजय राम, सुमंत सिंह, ब्रजेश कुमार,अजय सिंह,सरोज कुमार आजाद, दूधनाथ साहू, निखिल सिंह,निशिकांत नीरव, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, संजय पाण्डेय, अर्जुन राम, विजय कुमार, जितेन्द्र सिंह,गौतम प्रसाद, विकास सिंह, महताब खान, सुजीत कुशवाहा,मनोज कुमार द्विवेदी, विनोद दीक्षित आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पलामू लोकसभा चुनाव की निर्धारित तिथि 13.05.2024 एवं चतरा लोकसभा की तिथि 20.05.2024 के मद्देनजर निष्पक्ष, त्रुटिरहित व भयमुक्त चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन ने मतदानकर्मियों के समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

## बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र में इस बार पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे मतदाताः के. रवि. कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र स्थित हेसातू के मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

**गढवा पलामू** पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के अति दुर्गम क्षेत्र अवस्थित बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के मतदाता लोकसभा चुनाव 2024 में पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे। इसके लिए इस क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बना है। क्षेत्र सुरक्षित हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार में कही। वे आज बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातु स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी करीब 3-30 किलोमीटर मोटरसाइकिल से सफर कर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने मतदान केंद्र पर तैनात बीएलओ/पर्यवेक्षक एवं स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना। मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से मतदान के दिन भयमुक्त होकर मत देने का अपील किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हालात अब बदले हैं। सुरक्षा बलों एवं जवानों की मेहनत से यह क्षेत्र भयमुक्त हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में पहले भी वोटिंग होती थी, लेकिन मतदाता छुप-छुप कर मत देने जाते थे, लेकिन लोकसभा चुनाव, 2024 में मतदाता सिर पूरी तरह भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन के तहत खाना परोसकर भी खिलाया। साथ ही मतदान केंद्र की कमियों को दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतदान केन्द्र के निरीक्षण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## बुधवार की रात डॉक्टर विहीन रहा बालूमाथ अस्पताल जांच के लिए पहुंचे सिविल सर्जन

**बालूमाथ ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते बुधवार की रात अस्पताल में बिना चिकित्सक के मरीजो को हुई परेशानी की जांच को लेकर लातेहार सिविल सर्जन एके सिंह गुरुवार को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे ।जहां उन्होंने बुधवार की देर रात ड्यूटी पर नहीं रहने पर आयुष चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार को जमकर फटकार लगाई । मौके पर बोलते हुए एके सिंह ने कहा की सभी लोगों को अपना अपना ड्यूटी करना होगा ।अन्यथा उन लोगों पर कार्रवाई की जाएगी । इसके बाद उन्होंने हाजिरी रजिस्टर चेक किया जहां बुधवार की देर रात ड्यूटी में तैनात तीन नर्स में एक नर्स पिंगल कुमारी अनुपस्थित पाई गई । जिसको लेकर उन्होंने सभी डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगे से सभी शिफ्ट में जो ड्यूटी में आएंगे उन्हें गूगल फोटो लेकर ग्रुप में सेंड करना होगा । वही रजिस्टर में कई जगह गड़बड़ी करने के उद्देश्य से बीच में खाली स्थान छोड़ दिया गया था जिसको लेकर भी उन्होंने नाराजगी जाहिर किया

।वहीं मौके पर मौजूद बालूमाथ मुखिया नरेश उरांव ने कहा कि एकीकृत बालूमाथ प्रखंड से गरीब तबके के लोग बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए आते हैं ।लेकिन डॉक्टर अनुपस्थित होने के कारण मरीज को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।आगे बताया कि कई महिलाएं अस्पताल डिलेवरी के लिए पहुंचती हैं ।जहां उन्हें एएनएम द्वारा कमीशन के लालच मे बालूमाथ में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में बरगलाकर भेज दिया जाता है ।और सरकारी राशि का गबन कर बंदरबांट करने के उद्देश्य से उसकी फर्जी एंट्री बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर दिया जाता है ।जहां वे लोग कई बार अपनी जान भी गवां चुके है ।कई बार ऐसी घटनाएं घट चुकी हैं ।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण अवैध नर्सिंग होम संचालक बच जाते हैं। जिसका जवाब देते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि सभी लोगों की जिम्मेवारी है कि ऐसे मामलों की लिखित शिकायत मुझे करें निश्चित रूप से कार्रवाई होगी।ज्ञात हो कि बुधवार की रात बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिप्टी चिकित्सक ध्रुव कुमार महतो को प्रशिक्षण कार्य हेतु रांची चले गए थे जिसके बाद बालूमाथ चिकित्सा पदाधिकारी प्रकाश बड़ाईक द्वारा आयुष चिकित्सक सुरेंद्र कुमार को रात्रि ड्यूटी करने का निर्देश जारी किया गया था लेकिन वह ड्यूटी में नहीं पहुंचे थे जिस कारण कई मरीज इलाज के अभाव में तड़पते रहे थे ।वही शुक्रवार को तीन सदस्यीय टीम अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शोभना टोप्पो, डीपीएम गौरव कुमार, डाक्टर राजेश कुमार बुधवार की रात बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बिना डॉक्टर के मरीजों को हुई परेशानी की जांच के लिए पहुँचे । मौके पर बोलते हुए डॉक्टर शोभना टोप्पो ने कहा की अभी चिकित्सा प्रभारी प्रकाश बड़ाईक से विस्तृत जानकारी लिया जा रहा है । उसके बाद पूरे मामले की रिपोर्ट लातेहार सिविल सर्जन को सौंप जाएगी । और दोषियों पर कार्रवाई होगी ।मौके पर डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद,सुरेंद्र कुमार समेत कई स्वास्थय कर्मी मौजूद थे ।

## निर्वाचन की तैयारियों में नहीं चलेगी शिथिलता और बहानेबाजी : के रवि कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

### गर्मी-धूप लग रही, तो जेब में ग्लूकोज/सत्तू का पैकेट, साथ में पानी की बोतल और माथे पर गमछा लगाकर क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाईयां करायें सुनिश्चित

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

**गढवा पलामू** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही, तो माथे पर गमछा लगायें और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाईयां सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वे आज लोकसभा चुनाव 2024 के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले में अबतक की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

गढ़वा जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निदेश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का

निदेश दिया। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल 2024 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया । उन्होंने पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निदेश दिया।

**शस्त्र जमा नहीं करने वालों के विरूद्ध करें कार्रवाई :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई में गति लाने का निदेश दिया। शस्त्र जमा नहीं करने वालों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद् करने का निदेश दिया। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की स्थिति पर कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही उन्होंने निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय करने का भी निदेश दिया।

**स्वास्थ्य सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों का करें मैपिंग :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये, ताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके।

**इस बार दिन भर मतदान :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निदेश दिया।

**गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति की रखें मुकम्मल व्यवस्था :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है, ऐसे में मतदान केन्द्रों पर पेयजलापूर्ति की मुक्कमल व्यवस्था सुनिश्चित करें। पानी की किल्लत वाले मतदान केन्द्रों पर टैंकर से भी पेयजलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया।

**अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई के लिए चलाएं विशेष अभियान-ए.वी होमकर :** राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए. वी. होमकर ने सभी हिस्ट्रीशीटर, किंगपिन एवं वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने संबंधी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने अपराधी, असमाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही भगोड़े एवं विभिन्न जगहों पर छिपे हुए अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती सहित अन्य कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का निदेश दिया।

**सोशल मीडिया सेल को रखें एक्टिव, 24 घंटे रखें निगरानी :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया सेल को एक्टिव रखते हुए 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने का निदेश दिया।

## 88.4 प्रतिशत अंक लाकर अदिति रानी बनी विद्यालय टॉपर

### 96.88 प्रतिशत छात्राओं ने प्राप्त की सफलता

**अरविन्द कुमार पाठक भवनाथपुर (गढ़वा) (रांएसं) =** परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर की छात्रा अदिति रानी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में 88.4त्न अंक लाकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त करने गौरव प्राप्त की। जबकि 83.8 प्रतिशत अंक लाकर रितु कुमारी द्वितीय स्थान और 83.6 प्रतिशत अंक लाकर शिवानी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में इस विद्यालय से 353 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थी। जिनमें से 342 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। इनमें से 145 प्रथम श्रेणी से, 194 द्वितीय श्रेणी से और 03 छात्राएं तृतीय श्रेणी से पास की। जबकि 11 छात्राएं इस परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गई। इसी प्रकार खरौन्धी प्रखण्ड अन्तर्गत परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा का छात्र आशुतोष कुमार वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में 451 अंक लाकर अपने विद्यालय में टॉपर रहा। दसवीं बोर्ड की परीक्षा में इस विद्यालय से कुल 230 छात्र छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिनमें से 217 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश ठाकुर ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम 94.34त्न रहा।

## जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां के नामांकन में 24 अप्रैल को शामिल होने के लिए न्योता दिया

**गढवा पलामू** राष्ट्रीय जनता दल के इंडिया गठबंधन समर्पित प्रत्याशी ममता भुइयां का आज गढ़वा जिले के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत केतार प्रखंड खरौंधी प्रखंड भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में 24- 4- 2024 दिन बुधवार को मेदनीनगर में होने वाले नामांकन में शामिल होने का निमंत्रण दिया साथ ही साथ 13 मई को मतदान के दिन चुनाव निशान लालटेन छाप पर बटन दबाकर अपार मतों से विजय बनाने को लेकर अपील किया इस कार्यक्रम में इंडिया गठबंधन के नेता भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रत्याशी ताहिर अंसारी राजद नेता अभय पांडे महेंद्र पाल राजद प्रखंड अध्यक्ष नौशाद अली जगनारायण यादव जगन्नाथ पाल रामनिवास यादव जगदीश यादव झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता लालूराम मुक्तेश्वर पांडे धर्मराज पासवान झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव सोनू कन्हाई कांग्रेस नेता राजेश बैठा सहित पंचायत के जन प्रतिनिधि इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

## एम.के.डी.ए.वी में मनाई गई महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती

**मेदिनीनगर पलामू** एम.के.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में डी.ए.वी संस्थान के संस्थापक एवं प्रथम अवैतनिक प्राचार्य महात्मा हंसराज जी का की 161वीं जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए. वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी. एन. खान ने वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में महात्मा हंसराज जी के चित्र के समक्ष वेद मंत्रोचार के बीच दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल्स क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी. एन. खान ने अपने उद्बोधन में बताया कि महात्मा हंसराज जी ने आजीवन एक त्यागी का

जीवन बिताया। 25 वर्षों तक डी.ए.वी की सेवा कर इसे विस्तार दिया। शिक्षा का दीप जलाकर तत्कालीन समाज को एक नई दिशा प्रदान की । आज हंसराज जी हमारे बीच नहीं है,किंतु 750 से अधिक डी.ए.वी संस्थान उनके जीवित स्मारक के रूप में हमारे बीच हैं । आज इस वटवृक्ष की शीतल छाया में लाखों छात्र पुष्पित- पल्लवित हो रहे हैं। इस संस्थान ने महात्मा जी के याद में कई वर्षों तक अपनी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन महात्मा हंसराज आर्य क्षेत्रीय टूर्नामेंट के नाम से किया, जो अब डी.ए.वी नेशनल स्पोर्ट्स के नाम से जानी जाती है ।इस वर्ष,इस प्रतियोगिता में इस विद्यालय के चार छात्र राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुके हैं, जिसमें से आदर्श कुमार और आर्यन सिंह डी.ए.वी पब्लिक स्कूल थर्मल कॉलोनी पानीपत एवं रिया कुमारी और प्रिया कुमारी डी.ए.वी पब्लिक स्कूल सोनीपत गई है । उनके साथ विद्यालय के शारीरिक शिक्षक श्री राजीव कुमार मिश्रा गए हैं।। इन बच्चों को वहां माननीयों की उपस्थिति में प्रमाण पत्र एवं 5100 नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्राचार्य जी ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए महात्मा हंसराज जी को नमन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री आलोक कुमार,श्री सी.एस. पांडे,श्री ए.के. पांडे,श्री नीरज कुमार श्रीवास्तव, श्री चंदन कुमार, श्रीमती सुदेशना राय उपस्थित थी। कार्यक्रम संचालक शिक्षिका श्रीमती अनुपमा रुखैरियार एवं कार्यक्रम संयोजक श्री कन्हैया राय थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजनौर में पटाखा फैक्ट्री में लगी आग, तीन लोग गंभीर रूप से झुलसे

**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के जोधुवाला-बक्शीवाला रोड पर स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को आग लगने से तीन लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। घायलों की पहचान सुभाष (45), दीपक (28) और नवेन्द्र (27) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, हादसे के बाद फैक्ट्री मालिक फरार हो गया और उसकी तलाश की जा रही है। इस बीच, दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शहर पुलिस उपाधीक्षक संग्राम सिंह ने बताया कि कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के जोधुवाला-बक्शीवाला रोड पर स्थित पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को सुबह 10 बजे अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने उग्र रूप धारण कर लिया। आग की लपटों और बारूद में हुए धमाकों से पूरा इलाका दहल गया। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने कोतवाली शहर पुलिस को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली शहर पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग को बुझाने का अभियान शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने भी पानी और मिट्टी से आग बुझाने में मदद की। डीएसपी ने बताया कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में करीब तीन लोग मौजूद थे और वे आग लगते ही बाहर की तरफ भागे, जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस हर एंगल से घटना की जांच कर रही है।

### कुछ लक्ष्य हासिल करने में 100 साल लगे यह चिंताजनक- भागवत

**नागपुर, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि आरएसएस 2025 में अपना शताब्दी वर्ष नहीं मनाएगा। मोहन भागवत ने कहा संघ का अपनी उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने का इरादा नहीं है। एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर भागवत ने यह भी कहा कि जब 1925 में नागपुर में आरएसएस का गठन हुआ था, तब पदाधिकारियों को कड़े विरोध, संसाधनों की कमी और लोगों को जोड़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि किसी भी हालात में स्वयंसेवकों को अपना काम करते रहना चाहिए। भागवत ने कहा, ''आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाने की कोई जरूरत नहीं है। संघ इसे संगठन का अहंकार बढ़ाने के लिए नहीं कर रहा है। संघ किसी संगठन के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाने और कुछ उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने नहीं आया है।'' उन्होंने कहा कि आरएसएस समाज को बदलना चाहता है और मानता है कि समाज की जीत का आकलन धन सृजन से नहीं बल्कि धर्म से किया जाना चाहिए। भागवत ने कहा, ''इस समाज की जीत अन्य समाज को सशक्त बनाएगी और (अंततः) जगत को लाभ पहुंचाएगी। आरएसएस ऐसे लोगों को तैयार करना चाहता है जो इस तरह से समाज में सुधार लाने की कोशिश करें। उपलब्धियों का ढिंढोरा पीटने की जरूरत नहीं है।'' भागवत ने कहा कि यह चिंताजनक है कि आरएसएस को कुछ लक्ष्य हासिल करने में 100 साल लग गए। उन्होंने कहा कि 2000 वर्षों के सामाजिक पतन के खिलाफ लड़ाई के कारण बदलाव की गति धीमी हो गई। आरएसएस के सरसंघचालक ने कहा, ''विदेशियों ने हमारे लोगों को पट्टी पढ़ा दी है। हमें यह भूलने की बुरी आदत है कि हम क्या हैं। हमारे लोगों के बीच एक मनोवैज्ञानिक अंतर है क्योंकि हम पर सदियों तक कई शासकों ने शासन किया।'' भागवत ने कहा कि पिछले 1000-1500 वर्षों में देश ने समय-समय पर विदेशी आक्रमणों का सफलतापूर्वक मुकाबला किया है, लेकिन अपनी ही गलतियों और गद्दारों के कारण देश बार-बार गुलामी के चक्र में फंसता गया। आरएसएस प्रमुख ने कहा, ''इस बीमारी से निपटने की जरूरत है, नहीं तो यह होता रहेगा। आक्रमणकारियों को एक स्थायी संदेश देने के लिए हमें अपनी कुछ बुनियादी गलतियों का इलाज करना होगा और यही डॉ. हेडगेवार ने किया।''

# कांग्रेस और आप के भ्रष्ट गठबंधन को सहन नहीं करेगी जनता : ओमप्रकाश धनखड़

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का भ्रष्टाचार की कच्ची नींव पर आधारित गठबंधन है। भ्रष्टाचार में लिप्त केजरीवाल सरकार देश की राजधानी में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहती है। दिल्ली प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ ने प्रदेश कार्यालय में मोर्चा पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी को कानूनी रूप से वैध ठहराया है। अब केजरीवाल मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने के लिए किस बात और कौन सी नैतिकता का इंतजार कर रहे हैं। धनखड़ ने पार्टी पदाधिकारियों का आह्वान किया कि दिल्ली के एक-एक मतदाता तक केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खुलनी चाहिए। प्रभारी धनखड़ ने कहाकि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का देश के संविधान में कोई विश्वास नहीं हैं। कांग्रेस का एक परिवार अपने आप को देश और संविधान से बड़ा मानता है, वहीं इनके गठजोड़ का साथी अरविंद केजरीवाल आजाद भारत के इतिहास में पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में बंद है, अदालत कह रही हैं कि आप के खिलाफ ठोस सबूत हैं, फिर भी अरविंद केजरीवाल कह रहे हैं कि त्याग पत्र नहीं दूंगा और जेल से ही सरकार चलाऊंगा। अरविंद केजरीवाल और उनके गठबंधन के साथी देश में किस प्रकार का लोकतंत्र और संविधान चाहते हैं। लोकतंत्र में जनता को यह बताना जरूरी है। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कह रही है, कांग्रेस क्या शराब के घोटालेबाजों को बचाने को ही न्याय देने की बात कर रही है। शराब घोटालों में संलिप्त आम आदमी पार्टी राम राज्य की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी शराब घोटाला करे, उनको राम राज्य की बात करना शोभा नहीं देती। दूसरी तरफ दिल्ली की जनता ने पिछले दस वर्षों में मोदी सरकार के विकास कार्यों को होते देखा है, गरीब कल्याण के कार्य होते देखे हैं, व्यवस्था परिवर्तन होते देखा है, भ्रष्टाचारियों को जेल के अंदर जाते देखा है। द्वारका एक्सप्रेस वे, केएमपी व केजीपी पर दौड़ते वाहन देख रहे हैं। कर्तव्य पथ पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित होते देखा है। प्रधानमंत्री संग्रहालय स्थापित होते देखा है। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक स्थापित होते देखा है।

### राहुल गांधी ने हिंदू विरोधी भावनाओं को भड़काया- भाजपा

हुबली, एजेंसी। केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि वायनाड में मुस्लिम लीग का झंडा थामकर राहुल गांधी ने हिंदू विरोधी भावनाओं को भड़काया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जोशी ने कहा कि वायनाड में नामांकन के दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के झंडे के बजाय मुस्लिम लीग का झंडा थाम लिया था। जोशी ने आरोप लगाया कि मुस्लिम लीग ने हिंदुओं की हत्या और हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार की वकालत करते हुए हिंदुओं के खिलाफ सीधी कार्रवाई दिवस का आह्वान किया था। जोशी ने कहा, विध्वंसक गतिविधियों का समर्थन करने वाली मुस्लिम लीग के साथ खुद को जोड़कर राहुल गांधी सीधे तौर पर हिंदू विरोधी घटनाओं को बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक में होने वाले हिंदू विरोधी कृत्यों के लिए राहुल गांधी सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। जय श्री राम बोलने पर हिंदुओं पर हमले जैसी घटनाओं को कांग्रेस पार्टी द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। जोशी ने मुसलमानों के तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस की आलोचना की। उनका दावा है कि विधान सौध में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए गए। हनुमान चालीसा पढ़ने और जय श्री राम के नारे लगाने पर हमले किए गए। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये घटनाएं कांग्रेस पार्टी के हिंदू विरोधी रुख को प्रदर्शित करती हैं। जोशी ने दावा किया कि कांग्रेस शासित राज्य आतंकवादी गतिविधियों के समर्थक हैं। उन्होंने जनता से सतर्क और जागरूक रहने का आग्रह किया।

# सलमान खान के घर गोलीबारी केस में बड़ा मोड़, लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ की तैयारी में मुंबई पुलिस

**मुंबई, एजेंसी।** जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की जिम्मेदारी ली। उसने फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए खुद यह बात स्वीकार की। मालूम हो कि अनमोल बिश्नोई राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से आतंकवादी-गैंगस्टर लिंक मामलों में वांटेड है। जांच एजेंसी ने विदेश से जबरन वसूली गतिविधियों को अंजाम देने को लेकर भी उसे नामित किया है। इस बीच, अधिकारियों का कहना है कि लॉरेंस बिश्नोई जेल में रहने के बावजूद आपराधिक गतिविधियों में शामिल है। यह जानना भी दिलचस्प है कि उसने बेल के लिए कभी गुहार नहीं लगाई है। अब मुंबई पुलिस सलमान खान के घर पर गोलीबारी को लेकर उससे पूछताछ करने की तैयारी में है। एनआईए और कई राज्यों की पुलिस अब तक जबरन वसूली और टारगेटेड किलिंग को लेकर लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ कर चुकी है। एजेंसी ने उसके और दाऊद इब्राहिम के बीच तुलना की और इसे चार्जशीट में दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, दाऊद इब्राहिम की तरह लॉरेंस भी कुख्यात गैंगस्टर बन गया। वह आतंकवादी संगठनों की मदद करने लगा। उसका टेरर सिंडिकेट लगातार टारगेटेड किलिंग्स, जबरन वसूली और हत्या के प्रयास से उत्तर भारत में लॉ एंड ऑर्डर को चुनौती देने लगा। अब सलमान खान के घर पर फायरिंग को लेकर उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

### हैंडलर ने दोनों संदिग्धों को दिए थे खास निर्देश

सलमान खान के घर पर फायरिंग को लेकर जांच में जुड़े अधिकारियों ने कुछ अहम जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि गोलीबारी मामले में गिरफ्तार किए गए 2 लोगों से लंबी पूछताछ हुई। इससे पता चला कि फायरिंग के तुरंत बाद उनके हैंडलर ने उन्हें शहर छोड़ने का निर्देश दिया था। इन दोनों के अनुसार, हैंडलर ने उन्हें यह भी कहा कि वे अपने गृह राज्य वापस न जाएं। साथ ही, ऐसे किसी भी राज्य में वे न लौटें जहां पुलिस लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों की जांच कर रही हो। अधिकारी ने कहा, हैंडलर ने उन्हें कहा कि वे किसी भी होटल या लॉज में कमरा बुक न करें। इससे वे वहां के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो सकते हैं। इन दोनों को पूजा के किसी स्थान को विकल्प के तौर पर चुनने के लिए कहा गया था।

### ड्रग्स केस में शाहरुख खान के बेटे आर्यन को क्लीन चिट देने वाले एनसीबी के अधिकारी ने लिया वीआरएस

**मुंबई, एजेंसी।** एनसीबी में तैनात आईपीएस अधिकारी संजय कुमार सिंह ने व्यक्तिगत कारणों से स्वैच्छिक रिटायरमेंट (वीआरएस) ले लिया है। संजय वे ही आईपीएस अधिकारी हैं, जिन्होंने कॉर्डेलिया ड्रग्स छापेमारी मामले में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की भूमिका की जांच करने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की एक विशेष जांच टीमका नेतृत्व किया था और फिर बाद में आर्यन को निर्दोष पाया गया था। ड्रग्स मामले में आर्यन को क्लीन चिट मिल चुकी है। सिंह ने वीआरएस लेने के पीछे व्यक्तिगत कारण बताया है। संजय कुमार सिंह ओडिशा कैडर के 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और अभी वे एनसीबी मुंबई के उप महानिदेशक (डीडीजी) के पद पर तैनात थे। उन्होंने इस साल 29 फरवरी को वीआरएस के लिए आवेदन किया था, जिसे राज्य सरकार ने 16 अप्रैल को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि मेरा करियर बहुत अच्छा रहा है। मैंने व्यक्तिगत कारणों से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने का फैसला किया। कानून का पालन करने और करवाने के लिए पहचाने जाने वाले संजय कुमार सिंह ने 2008 और 2015 के बीच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में अपने कार्यकाल के दौरान कई हाई-प्रोफाइल मामलों को संभाला था, जिनमें हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओपी चौटाला के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप, राष्ट्रमंडल खेल 2010 के भ्रष्टाचार मामले शामिल थे। इसके अलावा, उन्होंने मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) में अनियमितताएं, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में भर्ती घोटाला सहित अन्य मामलों की भी जांच की थी। उनके साथ करीब से काम करने वाले लोगों ने कहा कि संजय कुमार सिंह किसी मामले को अंतिम मुकाम तक ले जाने के लिए विभिन्न अदालतों द्वारा निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों का पालन करने के अलावा मजबूत दस्तावेजों और वैज्ञानिक सबूतों में विश्वास करते हैं। एनसीबी के महानिदेशक एस एन प्रधान ने कहा, संजय सिंह एक प्रतिबद्ध पेशेवर हैं, जिन्होंने जहां भी काम किया, वहां उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनका जांच कौशल बहुत गहन था।

# मौसम विज्ञान विभाग ने दिया 5 दिन प्रचंड गर्मी का अलर्ट, 8 राज्यों को पड़ेगी लू की मार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर के कई हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ने लगी है। तापमान का स्तर पहले से ही 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। भारत के पूर्व और दक्षिण-पश्चिम के क्षेत्र भीषण लू की चपेट में है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, गुजरात, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु राज्यों में अगले पांच दिन गंभीर लू की स्थिति रहेगी। इससे पहले गुजरात का राजकोट शहर बुधवार को सबसे गर्म दर्ज किया गया। यहां तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इस वक्त देश के अधिकतर हिस्सों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा चुका है। वहीं मौसम विभाग के मुताबिक, आने वाले हफ्ते में अधिकतम तापमान 2 से 3 डिग्री अधिक बढ़ने की आशंका है। इसमें दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में ज्यादा गंभीर स्थिति बनने के हालात हैं।

### प्रचंड गर्मी से बढ़ेगी दिक्कत

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान में कहा कि अगले 5 दिनों के दौरान पूर्वी भारत में गंभीर हीटवेव होने की संभावना है। वहीं अगले 3 दिनों में दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में हीटवेव अपनी पकड़ बना लेगी। इसके अलावा, ओडिशा में अगले दो दिन गंभीर हालात में लू चलने की संभावना है। साथ ही पश्चिम बंगाल में अगले तीन दिन तक गर्म हवाएं परेशान करेंगी।

### पश्चिम बंगाल में गर्मी की छुट्टियां समय से पहले घोषित

पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में तेज गर्मी की स्थिति को देखते हुए सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में 22 अप्रैल से ग्रीष्मावकाश की गुरुवार को घोषणा की। स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया कि छात्रों के अलावा अध्यापक एवं गैर शिक्षक कर्मियों की भी छुट्टी रहेगी लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संबंधित निर्वाचन अधिकारियों का निर्देश भी उन पर लागू होगा। तेज गर्मी की वर्तमान स्थिति पर विचार करते हुए प्रशासन ने ग्रीष्मावकाश निर्धारित समय से पहले ही करने का निर्णय लिया।

# सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग चलाते थे दंगा पॉलिसी : सीएम योगी

**बुलंदशहर , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर के सिकंदराबाद में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने गौतम बुद्ध नगर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा और कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे और दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। आस्था, सुरक्षा और समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। हमारी सरकार में माफिया-अपराधियों के लिए राम नाम सत्य की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। आज हम सभी नए भारत में हैं। सीएम योगी ने कहा कि 2014 से पहले क्या स्थिति थी? दस वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है। कांग्रेस ने समस्या दी। जम्मू-कश्मीर समेत पूरे देश को आतंकवाद की चपेट में ला दिया। रोज विस्फोट होते थे, निर्दोष लोग मरते थे। परिवार तबाह हो जाते थे, लेकिन कांग्रेस के लोग तमाशबीन बने रहते थे।

सीएम योगी ने कहा कि जेवर में बन रहा एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट विकास का उदाहरण है। इसका सबसे अधिक लाभ सिकंदराबाद और जेवर को मिलेगा। देश-प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। हम रैपिड रेल की सुविधा देने जा रहे हैं। मेट्रो आ रही है। रेल की कनेक्टिविटी, दादरी में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन, लॉजिस्टिक का देश का सबसे बड़ा केंद्र भी यहां बनने जा रहा है, जहां लाखों नौकरियां निकलेंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई बीमार हो गया। उसके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है। सांसद-विधायक और पीड़ित ने पत्र लिख दिया तो सीधे अकाउंट में पैसा भेज दिया जाता है। बीमारी के कारण परिवार पर कोई आर्थिक बोझ न आए। सरकार इसका दायित्व और उपचार का खर्च वहन करने की जिम्मेदारी लेती है। जनसभा के दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### बेंगलुरु की कंपनी का अनोखा स्टार्टअप- पेड़ों को गले लगाना है, तो दीजिए 1500 रुपये

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु के कब्बन पार्क में पेड़ों को गले लगाने के लिए 1,500 रुपये वसूलने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। ट्रोव एक्सपीरियंस नाम की कंपनी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर फॉरेस्ट बाथिंग एक्सपीरियंस शुरू किया है। इसका कहना है कि वनों में हीलिंग पावर है। बेंगलुरु की कंपनी ने इसको लेकर विज्ञापन दिया है। विज्ञापन में बताया गया है कि फॉरेस्ट बाथिंग की टिकट 1500 रुपये में बुक की जा सकती है। कंपनी का यह विज्ञापन सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। कुछ लोग जहां इसे 'फर्जी' बता रहे हैं तो कुछ लोग इसे प्राचीन परंपरा से पैसा बनाने की इस कोशिश को गलत बता रहे हैं। उनकी वेबसाइट पर बताया गया है, फॉरेस्ट बाथिंग एक्सपीरियंस में पेड़ों को गले लगाने के अलावा कई गतिविधियां शामिल हैं। वायरल स्क्रीनशॉट के अनुसार, 28 अप्रैल को होने वाले इस खास इवेंट के लिए टिकट बिक रहे हैं। इसको लेकर एक एक्स यूजर ने अनुभव का स्क्रीनशॉट शेयर किया और इसे घोटाला बताया है। वायरल पोस्ट में लिखा है, बेब, जागो! बाजार में एक नया घोटाला आया है। वहीं ट्रोव एक्सपीरियंस की वेबसाइट पर इस पेशकश के बारे में लिखा है, शहर में हमारा दैनिक जीवन काफी तनावपूर्ण हो सकता है। प्रकृति के साथ फिर से जुड़ने के लिए एक समर्पित समय और स्थान ढूंढना, अपनी आवाज सुनने के लिए सभी शोर-शराबे से मुक्त होना भी काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। शिन्रिन योकू, या वन स्नान की जापानी कला, जंगल

में एक गहन, मौन और भावपूर्ण सैर कराती है जहां से आप अधिक केंद्रित महसूस करते हुए निकलते हैं। बता दें कि फॉरेस्ट बाथिंग असल में एक जापानी परंपरा शिनरिन-योकू है। इसके तहत प्रकृति के बीच आराम फरमाते हैं।

### पुलिस वैन में कैदियों ने किया महिला का बलात्कार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। खबर है कि यहां एक महिला कैदी का दो कैदियों ने पुलिस की वैन में ही बलात्कार कर दिया। कहा जा रहा है कि घटना तब हुई, जब पुलिसकर्मी दस्तावेजों से जुड़े काम में लगे हुए थे। फिलहाल, दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 376 के तहत जीरो एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस मामले की आगे की जांच रोहतक पुलिस करेगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाए हैं कि उसका रोहतक पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज यानी पीजीआईएमएस में इलाज चल रहा था, जिसके चलते पुलिसकर्मी उसे वहां लेकर गए थे। तब साथ में दो और कैदी भी मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़िता का कहना है कि इलाज के बाद पुलिस दस्तावेजों के काम में व्यस्त थी। जींद पुलिस के पास दर्ज शिकायत में पीड़िता ने कहा, तब इस बीच आरोपियों ने मुझे कुछ मिली हुई कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए दी।

# हिमाचल के गांव में पहली बार पहुंचा मोबाइल नेटवर्क, मोदी ने 13 मिनट बात की

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के स्पीति का गिउ गांव हाल ही में पहली बार मोबाइल नेटवर्क से जुड़ गया, इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उन्हें बधाई देते हुए उनसे फोन पर बात की। उनके साथ हुई करीब 13 मिनट की टेलीफोनिक बातचीत में मोदी ने दीपावली के दौरान इस क्षेत्र की अपनी यात्रा को याद किया और कहा कि गांव को मोबाइल नेटवर्क से जोड़ने से डिजिटल इंडिया अभियान को गति मिलेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि पहले की सरकारें बॉर्डर के करीबी गांवों को आखिरी गांव मानती थी। उन्होंने कहा, आज का दिन डिजिटल इंडिया अभियान को और गति देने वाला है। आज लाहौल स्पिति के एक दूर सुदूर गांव गिउ में पहली बार मोबाइल का नेटवर्क पहुंचा है। इस गांव की भौगोलिक परिस्थितियां इतनी कठिन रही है कि मोबाइल नेटवर्क पहुंचना बहुत बड़ी चुनौती था। लेकिन जब मुझे पता चला और जब मैं आपके यहां आया था, तब भी दबी जबान में लोग बता रहे थे तो मैं खुद हैरान था। लोगों को पता था कि मोबाइल फोन क्या होते हैं, लेकिन वो कनेक्टिविटी नहीं थी, तब मुझे लगा कि मैं इसके लिए जरूर कोशिश करूंगा। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि विद्युतीकरण अभ्यास में सफलता मिलने के बाद सरकार अब सभी स्थानों को संचार प्रौद्योगिकी से जोड़ने को प्राथमिकता दे रही है, उन्होंने कहा कि जब वह सत्ता में आए तो 18,000 से अधिक गांवों में बिजली की कमी थी। बातचीत के दौरान एक ग्रामीण ने उन्हें बताया कि गांव में नेटवर्क नहीं होने पर मोबाइल का इस्तेमाल करने के लिए उन्हें गांव से 8 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। वहीं जब गांव वालों को पहली बार बताया गया कि उनका गांव मोबाइल नेटवर्क से जुड़ने वाला है तो एक पल के लिए उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ और जब आखिरकार ऐसा हुआ तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

**मोदी बोले- पहले बॉर्डर के गांवों को आखिरी गांव माना जाता था :** ग्रामीणों से बातचीत के दौरान मोदी ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने इन क्षेत्रों को उनके भाग्य पर छोड़ दिया था।

**पीएम मोदी ने कहा-** आप तो जानते ही हैं पहले की सरकारें बॉर्डर किनारे के गांवों को आखिरी गांव मानती थी, लेकिन हमारी सरकार उन्हें पहला गांव मानकर काम कर रही है। इसलिए हम बॉर्डर के किनारे बसे गांवों के विकास पर इतना जोर दे रहे हैं। पहले की सरकारों ने बॉर्डर इलाके के गांवों को उनके नसीब पर छोड़ दिया था। अब हमारी सरकार वाइब्रेंट विलेज योजना चला रही है ताकि देश के बॉर्डर किनारे बसे गांवों में भी विकास हो। और आपके यहां जो ये नेटवर्क आया है, उसका सबसे बड़ा फायदा टूरिज्म में होने वाला है।

**तीसरे कार्यकाल में क्वालिटी ऑफ लाइफ पर जोर रहेगा :** बातचीत में आगे पीएम ने बताया, मैं आपको बताना चाहूंगा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता ईज ऑफ लिविंग है। और अब तीसरे कार्यकाल में हमारी सरकार क्वालिटी ऑफ लाइफ पर बहुत ज्यादा जोर देगी। इसका बहुत बड़ा लाभ, दूर-सुदूर इलाकों, समाज के आखिरी तबके के जो गरीब लोग हैं, हमारे मध्यम वर्ग के जो लोग हैं उन्हें मिलेगा और इनके जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आएगा।

**स्पीति में बिताए अपने दिनों को याद किया :** प्रधानमंत्री ने लाहौल स्पीति में बिताए अपने दिनों को याद करते हुए वहां के पुराने साथियों और खास सत्तू को भी याद किया। उन्होंने कहा- मैंने काफी समय लाहौल स्पीति में काम किया है, मैं उस समय जब संगठन का काम करता था तो इन सारे इलाकों से बहुत परिचित रहता था। उस समय हमारे साथ एक युवराज थे जो बहुत काम करते थे हमारा। वे हमारे ट्राइबल लीडर रहे हैं, उनके अलावा अपने कशिधवा जी थे, वे भी हमारे अच्छे खासे रहे हैं, और वो सत्तू तो मैं कभी भूल ही नहीं सकता।

**पीएम बोले- एक जिला, एक उत्पाद का फायदा मिलेगा :** प्रधानमंत्री ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम से भी क्षेत्र को काफी फायदा होगा। क्योंकि लाहौल स्पीति में हस्तकला की बहुत बड़ी ताकत है, यहां कि हमारी माताएं-बहनें बहुत बढ़िया चीजें बनाती हैं, तो इसका बहुत बड़ा मार्केट बनने की संभावनाएं हैं। उन्होंने ग्रामीणों से नमो एप डाउनलोड करने के लिए भी कहा।

# कसमल्लिटिकर कर रही पुकार,अब तो हमें गूगल के नक्शे पर ला दो सरकार

साजन मिश्रा

**गोड्डा** सड़क,बिजली और पानी जिसे मूलभूत सुविधा माना जाता है जिसके वादा के बदौलत नेता अपनी सफेद कुर्ता को चमकाती है वैसे नेताओं के लिए एक बार फिर सड़क दिलाने का वादा करने और वोट बटोरने के लिए रांची एक्सप्रेस अखबार नेताओं के याददाश्त को ताजा करा रही है। दरअसल अब चुनाव सर पर है और चुनावी वादा के तहत सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं को धरातल पर उतारने का वादा करने का समय आ गया है,ऐसे में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के बसंतराय प्रखंड में कसमल्लिटिकर एक मुस्लिम बाहुल्य आबादी वाला गांव आता है और इस गांव में प्रवेश और निकास के लिए आदिकाल से ही कोई रास्ता ना तो गूगल के नक्शे पर है ना ही कागजी नक्शे पर मिलेगा,ऐसे में गांव में प्रवेश करना या गांव से निकलना एक बड़ा चुनौती होता है, जिसे महसूस करते हुए इसी कसमल्लिटिकर गांव के जमाबंदी रैयतों ने बीते दो वर्ष पूर्व

अपना निज जमीन दान करते हुए गांव के लिए रास्ता का द्वार खोलते हुए शासन-प्रशासन से पक्की सड़क की मांग की लेकिन स्तिथि जस की तस बनी पड़ी है। आपको बता दें कि कसमल्लिटिकर गांव तकरीबन सवा सौ घरों के एक हजार आबादी वाला मुस्लिम गांव है,जिसे सड़क सुख प्राप्त नहीं है,ऐसे में खासकर बरसात के दिनों में लोगों का कनेक्शन गांव से कट सा जाता था, आम तौर पर लोग जहां अपने गांव से बड़े ही सहजता से निकलते हैं वहीं इस गांव के लोगों को ये सौभाग्य प्राप्त नहीं होता है, गांव से ठीक सटा नदी उफान मारती है और लोग पैदल भी गांव से नहीं निकल पाते हैं, ऐसे में गांव के लोगों ने आपसी सहमति से अपना निज जमीन दान कर व श्रमदान कर गांव तक आने-जाने के लिए सड़क का नक्शा तो तैयार कर दिया लेकिन सड़क के पक्कीकरण नहीं होने से अभी भी बरसात के दिनों में स्थिति भयावह ही बनी रहती है। सड़क के लिए जमीन दान करने वाले इस्तियाक,साहेब खान,सलीम खान,अनीस खान,रियाज खान,अयाज खान,सेराज खान,फारूक खान और मजीद खान बताते हैं कि जब शासन प्रशासन से किसी प्रकार की कोई उम्मीद नहीं दिखा तो हमलोगों ने अपना निज जमीन दान कर श्रमदान करते हुए सड़क का नक्शा तो खोल दिया लेकिन आजतक हमलोगों को पक्की सड़क मुहैया नहीं हो सका, यूं कहें तो अपना जमीन और अपना श्रम देने के बाद भी जो पक्की सड़क का सपना था वो अभी तक पूरा नहीं हो पाया है,चुनाव के समय में नेता भले ही बड़े-बड़े वादे कर ले लेकिन चुनाव जीतने के बाद इस गांव को हर कोई भूल सा जाता है।

ग्रामीण बताते हैं कि सृष्टि के आरम्भ से लेकर अब तक इस गांव में पक्की सड़क होना मानो एक कोरा सपना ही बनकर रह गया है, जिसे शासन सत्ता में बैठे हुक्मरान ही सही साबित कर सकते हैं लेकिन इसे समय का कुचक्र कहें या कुछ और ये नहीं पता लेकिन आज तक इस गांव में पक्की सड़क बने इस पर कोई ठोस निदान नहीं निकल सका, नतीजन लोगों का श्रमदान और जमीन दान वाली कच्ची सड़क अब शासन सत्ता को पुकार रही है अब तो हमें गूगल के नक्शे पर ला दो सरकार....

## अहंकार बनाम सेवा के बीच है मेरी लड़ाई-दीपिका

**ठाकुरगंगटी** प्रखंड क्षेत्र के चपरी पंचायत अंतर्गत चपलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में रामनवमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हो गया। दंगल प्रतियोगिता के अंतिम दिन यानी गुरुवार को महागामा विधायक सह महागठबंधन प्रत्याशी दीपिका पांडे सिंह पहुंची जहां उन्होंने चपलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना किया। वहीं सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम आयोजन के लिए आयोजक समिति को बधाई दिया साथ ही चुनाव में जीत दिलाने का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि मेरी लड़ाई अहंकार बनाम सेवा के बीच है,पंद्रह वर्ष बनाम पांच वर्ष के बीच है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर दीपिका पांडे के जिंदाबाद के नारे लगाए। आयोजन समिति की ओर से प्रखंड अध्यक्ष सुशील यादव गोपाल यादव और मिहिर महतो के द्वारा उनका स्वागत किया गया। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह चंदा पंचायत के मुखिया अवधेश कुमार ठाकुर, माल मंडरो पंचायत के मुखिया महफिल अंसारी,मिस्टर खान,पंजराडीह पंचायत के मुखिया मनोज यादव,खरखोदिया पंचायत के मुखिया मनोरंजन कुमार महतो,आत्मा पांडे,नयन राम,अजमल अंसारी आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 3 लाख रुपए की नकली शराब जब्त, फरार अभियुक्त विकास साहनी के विरुद्ध उत्पाद विभाग और पुलिस छापेमारी कर रही है

**धनबाद /** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उत्पाद विभाग अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रहा है।इस कड़ी में विभाग ने एक नकली शराब फैक्ट्री में छापामारी कर लगभग 3 लाख रुपए की नकली शराब बरामद की।

इसकी जानकारी देते हुए उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि आज निरसा थाना क्षेत्र के गोरगा बस्ती में स्थानीय पुलिस के सहयोग से अवैध शराब कारोबारी विकास साहनी के यहाँ छापेमारी की गई।

इस क्रम में कैरामल, स्प्रिट, विभिन्न ब्रांड की 124 लीटर नकली शराब, भारी मात्रा में लेबल, कैप बरामद किया है। बरामद सामान की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 3 लाख रूपये है।छापेमारी में उत्पाद विभाग के अमित गुप्ता, जितेंद्र सिंह, कुलदीप, श्वेता, जय हेंब्रम तथा स्थानीय पुलिस शामिल रही। वहीं फरार अभियुक्त विकास साहनी के विरुद्ध उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस तहकीकात कर उसे पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## हरिहरगंज बालिका उच्च विद्यालय के दो छात्राएं जिला टॉप टेन में शामिल

**हरिहरगंज पलामू** पलामू जिले में मैट्रिक की परीक्षा में हरिहरगंज बालिका उच्च विद्यालय के दो छात्राएं जिला टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। इनमें न्यू बस स्टैंड निवासी सुनील कुमार के पुत्री तृषा कुमारी 94.4 प्रतिशत 472 अंक प्राप्त कर सातवां तथा सियरभूका मोहल्ला निवासी मनोज मेहता के पुत्री सुहानी कुमारी 94.2 प्रतिशत 471 आंक लाकर आठवां स्थान प्राप्त की है। तृषा कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा विद्यालय के शिक्षकों को दी है। तृषा कुमारी एनडीए की तैयारी कर रक्षा सेवा में जाना चाहती है। वही सुहानी कुमारी नीट परीक्षा में सफलता पाने का लक्ष्य रखी है। उसने इस परीक्षा की सफलता का श्रेय माता-पिता सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों को दी है। दोनों छात्रों के सफलता पर बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिंह हर्ष व्यक्त करते हुए इनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### खलिहान में लगी आग,250 बोझा अनाज जला राख

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर गांव में शुक्रवार को किसान अरविंद सिंह के खलिहान में अचानक आग लग गई। इससे खलिहान में रखे 150 बोझा गेहूं तथा 100 बोझा अरहर जलकर राख हो गया। अगलगी की इस घटना से किसान को लगभग 70 हजार रूपए का नुक़सान बताया जाता है। हालांकि अगलगी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पीड़ित किसान ने अंचल प्रशासन से मुआवजे देने की मांग की है।

### मजदूरों को प्रलोभन देकर अन्य राज्यों में ले जाकर पड़ताड़न करने वाला जावेद गिरफ्तार

**पांकी पलामू** पांकी थाना क्षेत्र के सकलदीपा के रहने वाला जावेद अंसारी पिता इस्लाम अंसारी को पांकी पुलिस ने दिन शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि वादी के द्वारा दर्ज कराए गए प्राथमिकी के अनुसार जावेद अंसारी के द्वारा गरीब मजदूरों को प्रलोभन देकर काम करवाने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में भेजा जाता था,जहां मजदूरों को कई प्रकार के प्रताड़ना दिया जाता था। इसी क्रम में सोंस ग्राम के हलधर भुइयां की मृत्यु जम्मू -कश्मीर में हो गई थी।

## श्रद्धालुओं ने मां को नम आंखो से दी विदाई

**दारू** – चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि शुरू होते ही श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब जाते हैं वहीं प्रखंड क्षेत्र में नवरात्रि पर देवी दुर्गा को नौ दिनो तक अलग अलग स्वरूपों की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस बीच माता के जयकारों के साथ पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा। रामदेव खरिका एवं हरली दुर्गा मंडप में चैती दुर्गा माता की प्रतिमा स्थापित की गई थीं जिसका विसर्जन को लेकर शुक्रवार को रामदेव खरिका दुर्गा मंडप से शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें माता की प्रतिमा को रामदेव खरिका, जिंनगा,झुमरा,तिलैया गाजे बाजे एवम् ढोल ताशा के साथ घुमाया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु जमकर नाचे साथ ही जय माता दी के नारों के साथ पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। क्षेत्र भ्रमण के बाद माता के प्रतिमा को झूमरा तालाब में विसर्जित किया गया इस समय सभी श्रद्धालुओं की आंखें नम थी। वही हरली दुर्गामंडप से शोभा यात्रा निकाली गई काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। माता की प्रतिमा को ढोल-ताशों के साथ पूरा गांव घुमाया गया। इस बीच खुब जयकारे लगे। श्रद्धालु खूब झूमे।इसके बाद शिवानी नदी में विसर्जित किया गया। विसर्जन के समय सभी की आंखें नम थी।

# पार्टी प्रत्याशी पर पुनर्विचार की मांग करने वाले अध्यक्ष का उसी प्रत्याशी को समर्थन देने वाली तस्वीर वायरल

साजन मिश्रा

**गोड्डा** गोड्डा की राजनीति में इस बार ÷ये रिश्ता क्या कहलाता है÷ वाला लाइन बिल्कुल सटीक बैठ रहा है,ऐसा इसलिए क्योंकि गोड्डा की राजनीति में महागठबंधन के ओर से घोषित प्रत्याशी से जहां नाराजगी दिखाते हुए पार्टी के एक अध्यक्ष अपने जोशीले भाषण से पार्टी से प्रत्याशी पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए गोड्डा सीट से खामियाजा भुगतने की गारंटी देते हैं तो वहीं,वही समर्थक उसी प्रत्याशी का समर्थन देते भी नजर आ रहे हैं और इससे सम्बंधित एक फ़ोटो इन दिनों सोशल मीडिया का सुर्खी बन बैठा है।

दरअसल,वर्तमान महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह के गोड्डा लोकसभा सीट से उम्मीदवारी की घोषणा के बाद कई खेमे में बटी कांग्रेस ने गोड्डा स्थित पार्टी कार्यालय में जमकर विरोध जताते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला तक दहन किया। इसी दौरान बारी-बारी से सबों ने अपने-अपने सम्बोधन में पार्टी आलाकमान से गोड्डा सीट से प्रत्याशी

बदलने की मांग कर रहे थे इसी क्रम में बसंतराय प्रखंड अध्यक्ष आलमगीर आलम ने अपने सम्बोधन में जोशीले भाषण से खूब तालियां बटोरी,उन्होंने अपने भाषण में साफ-तौर पर पार्टी आलाकमान को गारंटी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और महागठबंधन के द्वारा गोड्डा के उम्मीदवारी पर गलत निर्णय लिया गया है,अगर उसे वापस नहीं लेती है तो कांग्रेस पार्टी यहां मुँह के बल गिरेगी,इसकी मैं पूरी गारंटी देता हूँ। इस बात की गारंटी देने के बाद इनका एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है जिसमें ये उसी महागठबंधन उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह के साथ नजर आ रहे हैं,जिनपर पार्टी आलाकमान से पुनर्विचार करने की मांग कर रहे थ, ऐसे में सोशल मीडिया के इस जमाने में इनके गोड्डा सीट को लेकर दिए गए गारंटी वाले भाषण और उसके बाद उसी प्रत्याशी के साथ वायरल हुए तस्वीर को जोड़ कर इन्हें खूब ट्रोल किया जा रहा है और लोग पूछ रहे हैं कि आखिर ये रिश्ता क्या कहलाता है...??

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63